आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 115 | उज्जैन, सोमवार 11 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### किम जोंग की हत्या हुई तो नॉर्थ कोरिया न्यूक्लियर अटैक करेगा

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और कई सीनियर ईरानी अधिकारियों की मौत हो गई थी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा 'डिकैपिटेशन स्ट्राइक' यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला उसके खिलाफ भी हो सकता है।

### पाक ने गुजरात से कश्मीर तक 900 ड्रोन दागे थे, ऑपरेशन सिंदूर में सब तबाह

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने पर भारतीय सैन्य बलों की समीक्षा में कई अहम खुलासे हुए हैं। पाकिस्तान, चीन और तुर्किये की तिकड़ी ने चार मंसूबों से 7 और 8 मई की रात को 900 ड्रोन दागे थे। कश्मीर में एलओसी से लेकर गुजरात में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कुछ घंटों में स्वॉर्म ड्रोन दागे गए थे। पाक के स्वॉर्म ड्रोन को भारतीय वायुसेना के एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम ने तबाह कर दिया। पाकिस्तान भारत के एक भी अहम सैन्य बेस को नुकसान पहुंचाने में सफल नहीं हो पाया। पाकिस्तान ने यूक्रेन-रूस युद्ध में इस्तेमाल किए गए स्वॉर्म ड्रोन अटैक को कॉपी किया था। बता दें कि यह रणनीति अक्सर नाटो देशों की तरफ से एडवांस वॉर में अपनाई जाती है।

### एल्विश यादव से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी



**दावा- लॉरेंस गैंग की 2 दिन में गोली मारने की धमकी; गुरुग्राम घर पर 24 गोलियां चली थीं**

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एलविश यादव से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। विदेशी नंबर से उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। एलविश अभी लाफ्टर सेफ नाम का शो कर रहे हैं। शो की शूटिंग के चलते अभी एलविश अभी गुरुग्राम से बाहर है। पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि आरोपी ने धमकी में कहा- 2 दिन में पैसे नहीं दिए गए तो गोली मार देंगे। मामले की सूचना पर सेक्टर 56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले उनके सेक्टर 56 स्थित घर पर 17 अगस्त की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। आरोपियों ने एल्विश के घर पर 24 गोलियां राउंड फायरिंग की थी। मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 शूटरों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एल्विश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई को उनके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। वह उस समय कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद उन्हें विदेशी नंबर से ही एक व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें धमकी भरी बातें लिखी थीं। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी रणदीप मलिक बताया और 10 करोड़ रुपए की डिमांड की। यह राशि दो दिन के अंदर देने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर गोली मारने की धमकी दी गई। मामले पर एल्विश यादव के पिता रामअवतार यादव का कहना है कि एल्विश मेहनती लड़का है। अपनी मेहनत के बलबूते इस मुकाम पर पहुंचा है। गुरुग्राम में काफी पैसे वाले लोग भी रहते हैं। ऐसे तो कोई भी किसी से धमकी देकर पैसों की डिमांड कर लेगा। मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। एल्विश ने इस तरह की बातें शेयर नहीं की। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीमें पूरे मामले की इंवेस्टिगेशन कर रही है।

### थाने में खड़े ट्रकों से गायब हो गई डेढ़ करोड़ की एलपीजी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक ऐसा चौंकाने वाला एलपीजी घोटाला सामने आया है, जो किसी सस्पेंस फिल्म की कहानी से कम नहीं लगता। पुलिस ने अवैध रिफिलिंग के आरोप में गैस से भरे जिन छह ट्रकों को जब्त कर थाने में खड़ा किया था, उन्हीं ट्रकों से शिफ्टिंग के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की गैस निकालकर बाजार में बेच दी गई। इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि जिले का खाद्य अधिकारी (फूड ऑफिसर) निकला। अधिकारी ने इस पूरी डील को अंजाम देने के एवज में 50 लाख रुपये की मोटी घूस वसूली। मामले का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस ने जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ईरान की चेतावनी- यूएस ठिकाने और जहाज निशाने पर

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। आईआरजीसी के नौसेना कमांड ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अगर फारस की खाड़ी या होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा। इसके बाद आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स ने अलग पोस्ट में दावा किया कि हमारी मिसाइलें और ड्रोन पहले ही अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर लॉक हो चुके हैं और अब सिर्फ हमला करने के आदेश का इंतजार है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने 14 पॉइंट वाला ड्राफ्ट तैयार किया है, जिस पर ईरान के जवाब का इंतजार है।

रतलाम में 44 डिग्री पर पहुंचा दिन का तापमान, भोपाल, इंदौर, उज्जैन में भी 2 से 4 डिग्री बढ़ेगा

# प्रदेश में अब तेज गर्मी के साथ चलेगी लू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एमपी में अब आंधी, बारिश, ओले का दौर थमेगा और तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम केंद्र ने 12 मई से प्रदेश में लू का अलर्ट जारी किया है। रविवार से ही गर्मी असर दिखाने लगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में दिन का पारा 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है।

इससे पहले शनिवार को प्रदेश में एक ट्रफ और एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) की एक्टिविटी देखने को मिली। इस वजह से कई शहरों में बादल छाए रहे। शाम को भोपाल, बैतूल, सिवनी, पांढुर्णा, डिंडौरी, अनूपपुर, रायसेन, गुना, विदिशा, राजगढ़, सागर, जबलपुर, दमोह, बालाघाट, मंडला, उमरिया, शहडोल और छिंदवाड़ा में बारिश हुई और आंधी चली।



**मई में पहली बार तेज गर्मी का दौर**

- प्रदेश में 30 अप्रैल से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया था। लगातार 10 दिन यानी, 9 मई तक प्रदेश में बारिश हुई। कभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर देखने को मिला तो कभी चक्रवात और ट्रफ का। इस वजह से मई के पहले सप्ताह में बारिश हुई।
- सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 10 मई से प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। इससे गर्मी का असर बढ़ने लगेगा। 12-13 मई को पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में लू का अलर्ट भी किया है।

## आईएसआई से जुड़े मप्र के तीन युवक गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने का दावा करते हुए एमपी के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग दिल्ली का ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत हाईवे स्थित एक ढाबा और हरियाणा का सैन्य कैंप उड़ाने वाले थे।

इनकी पहचान टीकमगढ़, नेगुवां (पृथ्वीपुर थाना) निवासी अनमोल राय (24), ग्वालियर, डबरा निवासी राजवीर (21) और विवेक बंजारा (19) के रूप में की गई है। तीनों को दिल्ली पुलिस ने उनके गांव से गिरफ्तार किया और अपने साथ ले गई। एसीपी स्पेशल सेल दिल्ली पीएस कुशवाहा के मुताबिक, तीनों ही आरोपी गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। तीनों के मोबाइल के ऑडियो, वीडियो कॉल से संदिग्ध नंबरों पर बात किए जाने, सोशल मीडिया से खास स्थानों के तस्वीरें पाकिस्तान भेजे जाने की पुष्टि हुई है।

शादी से लौटते समय बाइक को वाहन ने टक्कर मारी

# दर्दनाक हादसे में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष समेत 2 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ शहडोल

शहडोल में वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भाजपा युवा मोर्चा के करकी मंडल अध्यक्ष राहुल द्विवेदी और उनके साथी अतुल तिवारी की मौत हो गई। दोनों युवक शनिवार रात में एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, टिहकी गांव के रहने वाले राहुल और अतुल शनिवार रात झिरिया गांव में एक शादी में शामिल होने गए थे। देर रात जब वे अपनी बाइक से घर वापस आ रहे थे, तभी शहडोल-रीवा हाईवे पर जोरा पुलिया के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भयानक था कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया।



अतुल तिवारी

राहुल द्विवेदी

**सुबह सड़क किनारे मिले शव**

रविवार की सुबह जब राहगीरों ने सड़क किनारे टूटी हुई बाइक और दो युवकों के शव देखे, तो पुलिस को खबर की, सूचना मिलते ही ब्यौहारी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक**

राहुल द्विवेदी क्षेत्र के एक सक्रिय युवा नेता थे, जिनके निधन की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में गमगीन माहौल रहा और नेताओं ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया।

## कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा : पीएम मोदी

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस और डीएमके के बीच पिछले 25-30 साल से करीबी संबंध रहे हैं। डीएमके ने कई बार कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला। 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक चली कांग्रेस सरकार भी डीएमके के समर्थन की वजह से ही टिकी रही। डीएमके ने हर समय कांग्रेस के हित में काम किया, लेकिन जैसे ही सत्ता का समीकरण बदला, कांग्रेस ने पहले ही मौके पर डीएमके की पीठ में छुरा घोंप दिया। उन्होंने यह बात 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह में कही। पीएम रविवार से तीन राज्यों के दौरे पर हैं। बेंगलुरु से पीएम तेलंगाना पहुंचे। यहां हैदराबाद में उन्होंने 9,400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# विजय तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री बने

### शपथ लेते वक्त स्पीच देने लगे तो राज्यपाल ने टोका, पहला ऑर्डर 200 यूनिट फ्री बिजली का

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलगा वेत्री कड़गम चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे।

थलापित विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया। सीएम विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए सेंगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल है। ये सभी विजय



की पार्टी टीवीके के विधायक हैं। टीवीके नेता एमवी करुप्पैया को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। राज्यपाल ने सीएम विजय को 13 मई को विश्वास मत हासिल करने को कहा है। सीएम बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं। विजय ने शपथ के दौरान कहा मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा।

## बाइक टकराने पर आईटीआई छात्र की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

प्रयागराज में बाइक टकराने पर तीन लड़कों ने आईटीआई छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली छात्र के सीने को चीरते हुए आर-पार हो गई। छात्र लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। बाइक सवार आरोपी हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गए। छात्र के दोस्तों ने उसके घर पर कॉल करके सूचना दी।

दोस्त और मौके पर मौजूद लोग छात्र को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्र के 2 दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना रविवार दोपहर 12 बजे की होलागढ़ इलाके की है।

झौनी का पुरवा के राजापुर चौबारा गांव का रहने वाला हिमांशु सरोज आईटीआई कर रहा था। उसके पिता संजय कुमार पुणे में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह दो भाइयों में बड़ा था। हिमांशु की मां रीता ने बताया कि मेरा बेटा अपने ननिहाल पूरब नारा गांव में आता-जाता था। रविवार सुबह 8 बजे के करीब हिमांशु घर से बाइक लेकर निकला था। उसने कहा था कि मम्मी मैं नानी के यहां जा रहा हूं। उसने पड़ोस में रहने वाले संदीप और अवनीश को भी साथ में ले लिया। करीब 11 बजे ये तीनों लोग ननिहाल पहुंचे।

हंतावायरस संकट के बीच टेनेरिफ पहुंचा क्रूज शिप

## 147 यात्री अलग-अलग देश भेजे जाएंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हंतावायरस संक्रमण से जुड़े एमवी होंड्यस क्रूज शिप को स्पेन के टेनेरिफ द्वीप पर पहुंचाया गया है। जहाज पर मौजूद 147 यात्रियों को मेडिकल जांच के बाद उनके-अपने देशों भेजा जाएगा। संक्रमण से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। इस शिप के स्पेन के टेनेरिफ पहुंचने से पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि यह कोविड जैसी स्थिति नहीं है। टेड्रोस शनिवार को स्पेन की स्वास्थ्य मंत्री मोनिका गार्सिया और गृह मंत्री फर्नांडो ग्रांडे-मार्लास्का के साथ टेनेरिफ पहुंचे। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि लोग चिंतित हैं। 2020 की महामारी की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन यह दूसरा कोविड नहीं है। फिलहाल हंटावायरस से सार्वजनिक स्वास्थ्य को कम खतरा है।

## योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री बने, 2 का प्रमोशन

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



यूपी की योगी कैबिनेट का आज दूसरी बार विस्तार हुआ। 2 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्री मिलाकर 6 नए सदस्य शामिल हुए। वहीं 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया।

राजभवन में रविवार को आयोजित समारोह में सबसे पहले भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शपथ ली। इसके बाद सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने शपथ ली। दोनों को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। तीसरे नंबर पर अजीत पाल और फिर सोमेंद्र तोमर ने शपथ ली। दोनों को प्रमोट कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। इसके बाद कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा ने राज्यमंत्री पद की शपथ ली। कृष्णा पासवान पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं। नए बनने वाले मंत्रियों में 1 ब्राह्मण, 3 ओबीसी और 2 दलित वर्ग से हैं।

पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में

# 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत, कई घायल

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकियों ने पुलिस चौकी पर बड़ा हमला किया। आत्मघाती विस्फोट और फायरिंग में कम से कम 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, हमला उत्तर-पश्चिमी जिले बन्नू में हुआ। विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी पुलिस पोस्ट की ओर बढ़ रही थी। सुरक्षा बलों ने वाहन पर फायरिंग की, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाके की वजह से आसपास के कई घरों की छतें गिर गईं। पुलिस पोस्ट की इमारत भी पूरी तरह तबाह हो गई और कई सुरक्षाकर्मी मलबे में दब गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद बड़ी संख्या में आतंकियों ने पुलिस चौकी पर हमला बोल दिया, जिसके बाद दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।



- बन्नू पुलिस के प्रवक्ता के मुताबिक, हमले में 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने आतंकी मारे गए या गिरफ्तार किए गए हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।
- पिछले सप्ताह भी दक्षिण वजीरिस्तान में सुरक्षा बलों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर चेकपोस्ट की ओर बढ़ रहे एक संदिग्ध आतंकी को मार गिराया था। हालिया हमले की जिम्मेदारी अभी किसी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि पाकिस्तान सरकार पहले प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर क्षेत्र में हिंसा फैलाने के आरोप लगाती रही है।



## महाकाल श्रृंगार




ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## फायर सेफ्टि छोड़े मरीज को पकड़े

फायर सेफ्टि वीक बनाम दूसरे का काम- आम आदमी के जान के साथ चिकित्सा के नाम पर सीधा खिलवाड़ हो रहा है। जिला मुख्यालय पर ही एक के बाद एक अनेक मामले सामने आ चुके है। एक 12 वर्षीय ग्रामीण बच्ची के साथ चिकित्सा के नाम पर जो कुछ हुआ उसके परिजनों ने सार्वजनिक बयान किया है। ऐसे ही अनेक मामले पूर्व के भी हो चुके हैं। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कोरी एवं फोरी कार्रवाईयों के चलते दिखावे के लिए सील अस्पताल फिर दनादन खुल रहे हैं और नौसिखिये ऐसा उपचार दे रहे हैं कि अपेंडिक्स की शल्य क्रिया में ही बच्चों की जान ले रहे हैं। ऐसे में भी हम फायर सेफ्टि वीक मना रहे हैं। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग के पास जिम्मेदारी है और उसे ही इसके लिए जिम्मेदार माना गया है। संबंधित संस्थाओं में उसे लेकर जागरूकता लाना और उसके प्रति अन्य सभी कार्यक्रमों का संचालन किया जाना उसके तहत है। कोरोना काल में शहर के निजी अस्पताल में आग लगी थी। वहां की स्थितियों की रिपोर्ट अब तक नहीं सामने नहीं आई है। कई अस्पतालों को लायसेंस जारी किए गए हैं वहां अग्निशमन यंत्रों के साथ ही मल्टी में जनरेटर से यंत्रों की संबंद्धता नहीं है। उसके बावजूद भी ये सब संचालित हो रहे हैं। कागजों में लायसेंस के लिए बहुत सी प्रक्रियाएं बताई गई है उसके बाद भी उसका पालन नहीं हो रहा है। जिस मान से अस्पतालों में ए ग्रेड के नाम पर शुल्क वसूला जा रहा है वहां वैसी व्यवस्था देखने को भी नहीं मिलती है। इन सब कमियों को छोड़कर हम फायर सेफ्टी का सप्ताह मना रहे हैं और आमजन इलाज के नाम पर सीधे तौर पर अपनी जेब कटवा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि अगर प्रशिक्षण एवं तमाम गतिविधि की जाना है तो इसके लिए संबंधित जिम्मेदार विभाग की निगरानी में आयोजन होना चाहिए। अहम बात तो यह है कि उपचार के नाम पर जो कुछ गड़बड़ियां हो रही है, थोक में बगैर अर्हता के रूग्णालय संचालित हो रहे हैं उन पर प्रतिबंध लगाए जाना चाहिए। ऐसे अस्पतालों में उपचार के समय टीम पहुंचकर आकस्मिक जांच की जाना चाहिए। अब तक मरीज के साथ हादसे के बाद ही जांच होती आई है एक भी मामला ऐसा नहीं है कि ऐसे अस्पतालों में आकस्मिक टीम पहुंची हो और उपचार की पूरी जानकारी ली हो या दस फाइलों का उपचार का अध्ययन कर पूछा गया हो कि ऐसा किया गया तो क्यों एवं संबंधित दवा की किस कारण से जरूरत पड़ी। मिक्स ड्रग्स की एक गोली से काम चलने वाले मामलों में भी चार-चार अलग अलग गोली लिखकर बिल बढ़ाने का काम करते हुए मरीज का नहीं उसकी जेब का उपचार जिले में जारी है जिस पर नियंत्रण की सख्त आवश्यकता है न की फायर सेफ्टी विक की।




## न्यूज कॉलम

### विधायक कालूहेड़ा ने नए घाटों पर छायादार पौधे लगाने का किया आह्वान



**उज्जैन।** भारत विकास परिषद महाकाल शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह माधव क्लब में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शाखा संस्थापक दीपक राजवानी ने बताया कि महानगर समन्वयक एवं शपथ अधिकारी डॉ. ईश्वर सिंह सिसोदिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले, सचिव अशोक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष यशी सिंह को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने नवीन पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले ने संस्था में शामिल हुए नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ ग्रहण करवाई। इस दौरान सत्र 2025-26 के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन राजवानी और सचिव मोहन सिंह हिंगोले को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी गई। विधायक कालूहेड़ा ने अपने उद्बोधन में नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्र में नदी किनारे निर्मित नए घाटों पर छायादार पौधे लगाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि ओम जैन ने भी नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी।

---

### रतलाम में कार्रवाई : पांच झोलाछाप पर एफआईआर, उज्जैन में इंतजार

# विवादित उपचार से मौत का 15 दिन में दूसरा मामला

## बगैर पंजीयन के ही क्लिनिक संचालित किया जा रहा था, स्वास्थ्य विभाग बेखबर रहा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

संभागीय मुख्यालय उज्जैन पर स्वास्थ्य सेवाओं के हाल यह हैं कि विवादित उपचार से मरीज की मौत का 15 दिन में ही दूसरा मामला सामने आया है। पास के जिले में निरंतर कार्रवाई के तहत एक बार फिर से 5 झोलाछाप पर एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि उज्जैन में बगैर पंजीयन के ही अस्पताल संचालित किया जा रहा था। यहां पर आपरेशन के दौरान ही 12 वर्षीय बच्ची दीपिका की शनिवार को मौत हो गई।

जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य सेवाओं के हाल बिगड़े पड़े हैं। स्वास्थ्य प्रशासन का प्रायवेट क्लिनिक एवं अस्पतालों पर नियंत्रण नहीं हैं। इसके चलते मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को मंछामन गणेश क्षेत्र में जनसेवा नोबल अस्पताल में बच्ची की मौत के मामले से पहले 22 अप्रेल को फ्रीगंज के एमपी हॉस्पिटल में युवक की मौत के बाद हंगामा हुआ था। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की शिकायत की थी।



### बच्ची का बिसरा जांच के लिए भेजा

शनिवार को अपेंडिक्स के आपरेशन के दौरान महिदपुर के टिलियाखेडी निवासी दिपिका पिता मेहरबान की जनसेवा नोबल पालि क्लिनिक में मौत हुई थी। रविवार को बच्ची का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपूर्द किया गया है। सीएमएचओं डॉ. अशोक पटेल के अनुसार बिसरा जांच के लिए भेजा गया है। अस्ताल अपंजीकृत था उसे सील किया गया है। पुलिस ने मर्ग जांच के उपरांत अस्पताल संचालक राजेश चौहान के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार क्लीनिक का पंजीयन था उस पर अस्पताल संचालित किया जा रहा था। प्रकरण जांच में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके सहयोगी अन्य को आरोपी बनाया जाएगा।

### रतलाम के सरवन में 5 के खिलाफ एफआईआर

आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। सरवन थाना पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के पांच कथित डॉक्टरों के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य आयुर्विज्ञान अधिनियम 1956/1958 की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवन के चिकित्सा अधिकारी बीएमओ डॉ. रविन्द्र डामोर की लिखित शिकायत पर पुलिस ने सरवन क्षेत्र में अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर रहे आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, आरोपियों में फर्जी डॉक्टर मुकेश निनामा निवासी सदर बाजार सरवन, अवनी कुमार टिकादार निवासी बांसवाड़ा रोड सरवन, चन्द्रप्रकाश जोशी निवासी सैलाना और संजय बिसवास निवासी कुण्डा थाना सरवन शामिल हैं। इन सभी पर बिना किसी वैध डिग्री या पंजीयन के एलोपैथिक पद्धति से उपचार करने और लोगों की जान जोखिम में डालने का आरोप है। इसी तरह बेड़दा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. नितेश कुमार जोशी ने पुलिस को बताया कि 05 मई को जाँच के दौरान धन्नालाल डोडिया निवासी सेमलिया, थाना नामली ग्राम बेड़दा स्थित केदारेश्वर महादेव मेडिकल जनरल स्टोर पर अवैध रूप से डॉक्टरी करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर धन्नालाल के विरुद्ध भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फाइल में मिली गड़बड़ियां अब तक कार्रवाई नहीं

उज्जैन के फ्रीगंज स्थित एमपी हॉस्पिटल में 22 अप्रैल को मरीज की मौत के मामले में परिजनो ने अस्पताल प्रबंधन की शिकायत की थी। इस मामले में सीएमएचओ के निर्देश पर डॉक्टरों के दल ने जांच की थी और गडबडियां मिली थी,लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। बाइक सवार प्रताप आंजना को महामृत्युंजय द्वार के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसके बाद कुछ लोगों ने उनकी मदद की और उन्हें एमपी अस्पताल में भर्ती कराया था।युवक को हाथ पैर में फ्रेक्चर था। अचानक डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। जांच के लिए एमपी अस्पताल पहुंची टीम के डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. प्रदीप सोमेश, डॉ. अजय दंडोतिया, डॉ. आदित्य रावल सहित विकास राजपूत ने मरीज की फाइल देखी तो गड़बड़ी उसमें मिली। डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल प्रबंधन से पूछा कि 6 बजे डेथ डिक्लियर कर दी तो 6:30 बजे मरीज को क्यों चेक कर रहे थे। मरीज की मौत होने के बाद भी ड्यूटी डॉक्टर के साइन नहीं है। हालांकि, मामले में अस्पताल प्रबंधन ने जांच टीम को कोई जवाब नहीं दिया था। जांच दल ने रिपोर्ट से सीएमएचओं को अवगत करवा दिया था।

---

### महाकाल मंदिर में लगातार बढ़ती जा रही श्रद्धालुओं की भीड़


# अब प्रोफेशनल टेंपल मैनेजमेंट की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही सरकार

## उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से होगी कोर्स की शुरूआत

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर और प्रदेश के अन्य बड़े धार्मिक स्थलों पर लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अब प्रोफेशनल टेंपल मैनेजमेंट की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। प्रदेश में पहली बार एमबीए पाठ्यक्रम के तहत टेंपल मैनेजमेंट कोर्स शुरू किया जाएगा। इसकी शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से होगी। सरकार का मानना है कि धार्मिक पर्यटन के लगातार बढ़ते दायरे के बीच अब मंदिरों और बड़े धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं के लिए प्रशिक्षित मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की जरूरत महसूस की जा रही है।

पहले जहां सावन, शिवरात्रि और विशेष पर्वों पर ही भारी भीड़ दिखाई देती थी, वहीं अब सप्ताहांत और अवकाश के दिनों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंच रहे हैं। उज्जैन में सामान्य दिनों में भी एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर, ओरछा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी लगातार भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, सफाई और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्रस्तावित टेंपल मैनेजमेंट कोर्स में आधुनिक मैनेजमेंट सिस्टम पर विशेष फोकस रहेगा। छात्रों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग सिस्टम, सफाई व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही और आपदा प्रबंधन जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिरों में चढ़ने वाले फूल-माला, नारियल और अन्य पूजन सामग्री के उपयोग तथा डिस्पोजल की वैज्ञानिक व्यवस्था का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। धार्मिक स्थलों की आंतरिक व्यवस्थाओं को अधिक तकनीकी और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने स्पष्ट किया कि यह कोर्स केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट के सिद्धांत हर जगह समान रूप से लागू होते हैं। इस कोर्स से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र चर्च, मस्जिद और अन्य धार्मिक या भीड़भाड़ वाले स्थलों पर भी व्यवस्थाएं संभाल सकेंगे। सरकार पहले इसे उज्जैन में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करेंगी। इसके बाद छात्रों की रुचि और परिणामों के आधार पर इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय समेत अन्य विश्वविद्यालयों में भी इसे शुरू करने पर विचार किया जाएगा। सरकार का मानना है कि आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन और बड़े धार्मिक आयोजनों में प्रशिक्षित मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की मांग तेजी से बढ़ेगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। प्रशिक्षित लोगों के आने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाएं अधिक संवेदनशील, व्यवस्थित और प्रोफेशनल तरीके से संचालित की जा सकेंगी।




# महाकाल दर्शन करने पहुंचे अभिनेता अर्जुन रामपाल

### फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में रहे अभिनेता गायिका इशिता विश्वकर्मा भी रहीं मौजूद



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

फिल्म अभिनेता अर्जुन रामपाल ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन किए। वे सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और लगभग दो घंटे नंदी हॉल में बैठकर भस्मारती में शामिल हुए। इस दौरान वे शिव साधना में लीन दिखाई दिए।

चांदी द्वार पर किया दर्शन और पूजन आरती के बाद अभिनेता ने चांदी द्वार पर माथा टेककर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पंडितों द्वारा विधि-विधान से देहरी पूजन कराया गया। मंदिर प्रशासन ने किया स्वागत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने अर्जुन रामपाल का महाकाल लिखे दुपट्टे से स्वागत किया। अर्जुन रामपाल ने मंदिर व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां बहुत बेहतरीन व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने सिंहस्थ की तैयारियों का भी जिक्र किया। अर्जुन रामपाल ने फिल्म धुरंधरः द रिवेंज में पाकिस्तानी मेजर इकबाल का किरदार निभाया था। वह इससे पहले भी 15 मार्च 2025 को एक कार्यक्रम के सिलसिले में उज्जैन आ चुके हैं। तब उनका पूजन पुजारी यश पुजारी द्वारा कराया गया था। इस बार भी वे सफेद कुर्ते में नजर आए। इशिता विश्वकर्मा ने भी किए दर्शन इसी दौरान गायिका इशिता विश्वकर्मा ने भी भस्म आरती में दर्शन किए। मंदिर प्रशासन ने उनका भी स्वागत किया। इशिता विश्वकर्मा ने अपने 24वें जन्मदिन पर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। इशिता ने कहा कि वे मप्र की बेटी हैं और जबलपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी भगवान महाकाल में गहरी आस्था है। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में भजन भी प्रस्तुत किया- मन मेरा मंदिर, शिव मेरी पूजा, शिव से बड़ा नहीं कोई दूजा।

---

# किसान नेता अशोक जाट के जिला बदर के विरोध में कांग्रेस का आज बड़ा आंदोलन

### स्विमिंग पूल से कोठी तक पैदल मार्च निकालेगी कांग्रेस

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक जाट पर प्रशासन द्वारा की गई जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने आंदोलन का ऐलान किया है। इस मुद्दे को लेकर रविवार को शहर कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और डॉ. रवि राय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशासन की कार्रवाई को एकतरफा और द्वेषपूर्ण बताया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस इस कार्रवाई का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज सोमवार को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता स्विमिंग पूल पर एकत्रित होंगे। यहां से सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कोठी पहुंचेंगे, जहां प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से राजेश राणा, अशोक सारवान, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा और राज उदयवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कंठाल चौराहे पर नाली निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ महापर्व 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर के आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए आवागमन सुगम बनाया जा सके। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रतिदिन रिव्यू बैठक लेकर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त ने कोयला फाटक से कंठाल चौराहा तक चल रहे चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि नाली निर्माण के दूसरी ओर कनेक्टिविटी कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। निगम आयुक्त ने कंठाल चौराहे पर पड़े मलबे को तत्काल हटाकर कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही पीएचई लाइन में पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यक कनेक्शन कार्य, मार्ग पर पोल शिफ्टिंग तथा सीआरएम कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए।

# सड़कों पर फिर लगने लगा मवेशियों का जमघट

### रात को कॉलोनियों में छोड़ दिए जाते हैं आवारा मवेशी, सरकारी कार्यालय के बाहर भी दिख रहे झुंड





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर की मुख्य सड़कों और कॉलोनियों में एक बार फिर आवारा मवेशियों का जमावड़ा बढ़ने लगा है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर इन्हें पकड़ने के आदेश जारी किए जाते हैं, लेकिन कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित नजर आ रही है। यही कारण है कि शहर में आवारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हालत यह है कि सरकारी कार्यालय के आसपास भी मवेशियों के झुंड खुलेआम घूमते दिखाई दे रहे हैं।

शहर के कई प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौराहों और रहवासी इलाकों में मवेशी सड़कों पर बैठे और घूमते नजर आते हैं। इनमें से कई मवेशी पालतू होते हुए भी दिनभर सड़कों पर छोड़ दिए जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग इन मवेशियों से टकराकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

### रात में बढ़ जाती है परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। कई पशुपालक अपने मवेशियों को रात में कॉलोनियों और सड़कों पर विचरण के लिए छोड़ देते हैं। इसके कारण पूरी रात मवेशी कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर घूमते रहते हैं। अंधेरे में ये मवेशी आसानी से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### नागरिकों ने की विशेष अभियान चलाने की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि शहर के मुख्य मार्गों, कॉलोनियों और हाईवे पर विशेष अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को हटाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो सड़क हादसों की संख्या और बढ़ सकती है।

### शहर के कई क्षेत्रों में बढ़ी मवेशियों की संख्या

नगर निगम द्वारा पूर्व में कई बार आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाए गए, लेकिन उनका असर अब दिखाई नहीं दे रहा। शहर के फ्रीगंज, शहीद पार्क, नई सड़क, गोपाल मंदिर, नानाखेड़ा क्षेत्र, अभिषेक नगर, विद्यापति नगर, मित्र नगर, अर्पिता नगर, गोवर्धन धाम, साईधाम कॉलोनी, कोयला फाटक चौराहा, गाड़ी अड्डा चौराहा, देवास गेट, रेलवे स्टेशन, मालीपुरा, दौलतगंज और फव्वारा चौक सहित कई क्षेत्रों में मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सड़कों पर बैठे और झुंड में चलते मवेशी वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी बन रहे हैं। हाईवे और प्रमुख मार्गों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई के अभाव में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### डीएवीवी कार्यपरिषद सदस्य ने कुलगुरु को लिखा लेटर

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में बीते दिनों हुई घटना के बाद एक कार्यपरिषद सदस्य ने कुलगुरु के नाम लेटर लिखा है। उन्होंने ये लेटर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों के साथ हुई मारपीट और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर लिखा है। कार्यपरिषद सदस्य डॉ. वैशाली वाईकर ने लेटर के माध्यम से यूनिवर्सिटी में हुई घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने लेटर में लिखा है कि यूनिवर्सिटी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था संबंधित कमियों को उन्होंने कार्यपरिषद की बैठकों में और कुलगुरु को बार-बार बताया, लेकिन उन समस्याओं पर समय रहते निराकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण आए दिन यूनिवर्सिटी में सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो रही है।

### तालाबों को पुनर्जीवित करने का चलेगा अभियान

**इंदौर।** शहर के 49 तालाबों को बचाने को लेकर प्रशासन और नगर निगम हरकत में आया है। कलेक्टर ने शहर के सभी तालाबों का सीमांकन करने का निर्णय लिया है। साथ ही तालाबों को पुनर्जीवित करने को लेकर 6 बिंदुओं पर काम करने और दैनिक भास्कर के साथ तालाबों के संरक्षण के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया है। चर्चा के बाद कलेक्टर ने कार्रवाई के 6 बिंदू तैयार किए। गंभीर नदी पुनर्जीवन अभियान को भी इसमें जोड़ा जाएगा। तालाबों पर अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर ने कहा कि जल्द इस बारे में कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि यह तो पता ही नहीं था कि इंदौर में 49 तालाब हैं। प्रशासन और निगम इंदौर के सभी तालाबों का सीमांकन करेगा। स्थानीय लोगों की समिति उसकी देखरेख करेगी। खेती में पानी का ज्यादा इस्तेमाल रोकने के लिए किसानों को क्रॉप वाटर बजटिंग के लिए ट्रेनिंग देंगे।

### रजत जयंती वर्ष में सजा मालवा उत्सव

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में लोक संस्कृति मंच द्वारा आयोजित मालवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों ने लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मालवा उत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि मेल-मिलाप, आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का मंच है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आयोजित होने वाला यह उत्सव आज अपनी रजत जयंती मना रहा है और इसके प्रणेता सांसद शंकर लालवानी हैं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि अलग-अलग राज्यों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता और आत्मीयता को मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्साहपूर्ण माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि भांगड़ा, गरबा और अन्य लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने ऐसा वातावरण बना दिया मानो स्वर्गलोक धरती पर उतर आया हो। उन्होंने कहा कि मालवा की धरती माल और धमाल दोनों की पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक संस्कृति मंच के रजत जयंती वर्ष के आयोजन की सराहना करते हुए संस्था को 5 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छोटे कलाकारों, हस्तशिल्पियों, दुकानदारों, ठेले एवं झूला संचालकों सहित अनेक लोगों के रोजगार और अर्थतंत्र को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने बताया कि वे इससे पूर्व मराठी समाज द्वारा आयोजित मैंगो जत्रा कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे, जहां रत्नागिरी के प्रसिद्ध हापुस आम आकर्षण का केंद्र रहे।

### 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार परिसर में मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मैंगो जत्रा में शामिल हुए। 8 से 10 मई तक आयोजित इस विशेष आयोजन में महाराष्ट्र के रत्नागिरी और देवगढ़ के प्रसिद्ध हापुस (अल्फांसो) आमों की प्रदर्शनी एवं बिक्री गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आम उत्पादक किसानों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने आमों की विशेषताओं के बारे में जाना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष किसान कल्याण वर्ष मना रही है। उन्होंने कहा कि देवगढ़ और रत्नागिरी के हापुस आम, जिसकी देशभर में धाक और साख है, उनका माँ अहिल्या की नगरी इंदौर में मालवा के बाजार तक पहुंचना आंतरिक एकात्मता का भी प्रतीक है।

### एमवाय अस्पताल में सीटी स्कैन एण्ड एमआरआई सेंटर का शुभारंभ

**इंदौर।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर किया जा रहा है। देश में अब सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और एम्स की भी संख्या बढ़ाई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ बड़ी संख्या में नागरिकों को मिल रहा है। सांसद श्री लालवानी आज शासकीय महाराज यशवंतराव चिकित्सालय इंदौर के रेडियोलॉजी विभाग में आयोजित अत्याधुनिक सीटी स्कैन एण्ड एमआरआई सेन्टर के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधायक श्री गोलू शुक्ला, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव एवं रेडियोडायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डॉ. अलका अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थी।

---

लोक अदालत के दौरान पहुंचे नागरिक नगर निगम कर जमा करने

# पोर्टल की कमजोरी,नागरिकों ने खाए टेबलों के टल्ले

## खड़े रहकर जमा राशि की पोस्टिंग करवाने की मजबूरी रही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन


शनिवार को लोक अदालत के दौरान नगर निगम के जोन कार्यालयों पर कर जमा करने की व्यवस्था शहर में की गई थी। इस दौरान देखने में आया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पोर्टल एवं नगर निगम के कर्मचारियों के कारणा नागरिकों को एक से दुसरी टेबल पर टल्ले खाने को मजबूर होना पडा है। यहां तक की पिछले वर्ष की जमा राशि की पोस्टिंग भी नागरिकों को करवाना पडी है।

नगर निगम उज्जैन के अंतर्गत 6 जोन पर शनिवार को संपत्तिकर एवं पानी का बकाया एवं अग्रिम पैसा जमा करवाने के लिए लोक अदालत के तहत आयोजन किया गया था। इसे लेकर लोक अदालत की छूट का लाभ उठाने पहुंचे नागरिकों को उस समय हैरानी हुई जब उन्हें उनका पिछला बकाया बताया जा रहा था। हाथ में




पिछले वर्ष की रसीद होने के उपरांत भी कम्प्यूटर पर पोर्टल बकाया बता रहा था। कर्मचारियों का कहना था कि इसकी पोस्टिंग नहीं हुई है। खास यह रहा कि नागरिकों ने टेबल दर टेबल पहुंचकर कर्मचारियों के सहयोग से अपनी राशि की पोस्टिंग भी करवाई और नया कर भी जमा किया है।

### पोर्टल अपडेट एवं शिफ्टिंग को बताया कारण




जोन में इस समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने जानना चाहा तो उन्हें बताया गया कि पोर्ट अपडेट एवं अन्य एजेंसी के पास शिफ्टिंग की वजह से ऐसा कई मामलों में सामने आया है।

### एक नहीं अनेक मामले सामने आए

लगभग सभी 6 जोन में अग्रिम कर जमा करने वालों को पोस्टिंग की परेशानी से दो-चार होना पडा है। इसमें चेक से भूगतान करने वाल उपभोक्ताओं के मामले ज्यादा सामने आए हैं। चेक से भूगतान की प्रक्रिया में संबंधित उपभोक्ता को एक सामान्य रसीद दी जाती है। चेक क्लीयरिंग होने के बाद उसकी पक्की रसीद उपभोक्ता को जोन कार्यालय लेने जाना पडता है, वो भी करीब एक माह बाद। निगम का लेखा विभाग चेक क्लीयरिंग की जानकारी जोन में भेजता है उसके बाद ही पक्की रसीद मिल पाती है। ऐसे में पिछले वर्ष जिन उपभोक्ताओं ने चेक से भूगतान किया था उनकी पोस्टिंग कंप्यूटर नहीं बता रहा था और संबंधित उपभोक्ता पर पुराना बकाया निकाल रहा था। इस पर उपभोक्ताओं की आपत्ति थी। उपभोक्ता रसीद लेकर पहुंचे और उन्होंने जमा बताया तो काउंटर से उसे पोस्टिंग क्लर्क के पास भेजा गया। अनेक कार्य व्यवस्था के चलते इंतजार के बाद उपभोक्ता की पोस्टिंग हो सकी।

---

तेज धूप से लोग परेशान, अभी और बढ़ेगा दिन और रात का तापमान


## इंदौर में फिर तपिश का दौर, पारा 42 डिग्री के पार पहुंचा



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में मई के पहले हफ्ते में राहत के बाद अब दूसरे हफ्ते में मौसम बदल गया है। पिछले दो दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को दिन का पारा 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात में भी गर्मी का असर बना हुआ है। मौसम के बदलाव के बीच पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री था, जो शनिवार को बढ़कर 42 डिग्री पहुंच गया। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच शहर में तेज तपिश रही। ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालकों को भी भारी गर्मी का सामना करना पड़ा।

### साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय हैं, जिससे मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार मौसम साफ रहेगा और गर्मी बढ़ेगी। 12-13 मई को पश्चिमी मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में लू चलने की संभावना है। रात का तापमान भी सामान्य से अधिक बना हुआ है। शनिवार रात 25.1 डिग्री के मुकाबले शनिवार रात 24.4 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी का असर बरकरार रहा।

## लोक अदालत में 57 प्रकरणों का निराकरण दो करोड़ का अवार्ड पारित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में कुल 57 प्रकरणों का निराकरण कर दो करोड़ 20 लाख 60 हजार से अधिक रुपये के अवार्ड पारित किए गए।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग इंदौर क्र.2 के अध्यक्ष श्री विकास राय द्वारा बताया गया कि प्राप्त आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य जिला उपभोक्ता आयोग इंदौर क्रमांक-1 में 29 प्रकरण, सम्बद्ध जिला



आयोग इंदौर क्रमांक-2 में 26 प्रकरण एवं जिला आयोग मण्डलेश्वर में 02 प्रकरण इस प्रकार कुल 57 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामे के आधार पर किया गया। जिनमें कुल दो करोड़ 20 लाख 60 हजार 828 रुपए के अवॉर्ड पारित किये गये।

---

## लापरवाही: खुल मैदान को बनाया कचरा डंपिंग यार्ड

### क्षेत्र के नागरिक हो रहे परेशान, अधिकारी सुनने को तैयार नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

विगत 25 वर्षों से क्षेत्र के लोग नगर पालिका की सुविधा विरोधी नीतियों के कारण अपने स्वास्थ्य के साथ जीने को मजबूर है। बड़नगर में डंपिंग के लिए बनाए गए खाली मैदान के पहले राजस्व मार्ग उपवन, पीपलाखेड़ा के पास नगर पालिका ने मुख्य मार्ग पर सफाई कर्मचारियों ने कचरा ग्राउंड बना रखा है। यहां वार्ड क्रमांक 1,2,3,4 की सफाई कर रोज कचरा गाड़ी में भरने और कर्मचारियों द्वारा फेंका जाता है।

यहां से कचरा ट्रैक्टर में भरकर ग्रामवासी क्षेत्र में फेंका जा रहा है। मार्ग पर फेंका जाने वाला कचरा दो से चार दिनों के अंतराल में ट्रैक्टरों में भरकर ले जाया जाता है, तब तक कचरा ऐसा ही पड़ा रहता है। क्षेत्र के लोग कचरे से उठती दुर्गंध से परेशान होते रहते हैं। कई बार कचरे में आग भी लगाई जाती है जिससे स्थिति और भयावह हो जाती है।

यह सिलसिला बीते 25 सालों से चल रहा है। इस बारे में कई बार क्षेत्र के लोगों ने



नगर पालिका के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के नागरिकों के बार-बार शिकायत करने नगर पालिका जाने के कारण अधिकारी व कर्मचारियों द्वरा लोगों को धमकाकर भगा दिया जाता है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र के कई लोग गंभीर प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझकर मौत के मुंह में समा गए हैं।

### प्रदेश के पांच गर्म शहरों में उज्जैन नंबर-2 पर

**उज्जैन।** मई में गर्मी चरम पर पहुंचने लगी है। मौसम विभाग को मिले शनिवार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के पांच सबसे ज्यादा गर्म शहरों में उज्जैन दूसरे नंबर पर है। वजह- राजस्थान से आ रही गर्म हवा बताई जा रही है। दिन की शुरूआत से शाम तक गर्म हवा की लपटें महसूस हो रही है। हालांकि सुबह-शाम आसमान पर बादल भी छा रहे हैं, जिससे शाम ढलने के बाद बदलाव भी दिखाई दे रहा है। जीवाजी वेधशाला के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। हवा की गति सुबह 4 और शाम को 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। रविवार से तापमान में और बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। प्रदेश के सबसे ज्यादा गर्म शहरों में पहले क्रम पर रतलाम रहा, जहां 43.5 डिग्री, उज्जैन में 42.5, बड़वानी, भोपाल में 42.0, धार में 41.7 और विदिशा में 41.6 डिग्री दर्ज किया।

फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

## सती गेट-खड़े हनुमान मार्ग पर भीषण गर्मी के कारण लगी आग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में भीषण गर्मी के बीच सती गेट से खड़े हनुमान मार्ग पर दोपहर में एक बिजली के पोल में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

शहर में पिछले एक सप्ताह से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जा रहा है, जिसके कारण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। रविवार दोपहर इसी भीषण गर्मी के चलते सती गेट से खड़े हनुमान के बीच स्थित बिजली के पोल में अचानक आग लग गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचित



किया। दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि इन दिनों शहर में गर्मी के कारण आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ दिनों पहले प्रशासनिक संकुल क्षेत्र में बांस की झाड़ियों में भी आग लग गई थी।

शहर में सिंहस्थ को लेकर चौड़ीकरण और निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। कंठाल से छतरी चौक मार्ग पर भी निर्माण कार्य जारी है, और इसी मार्ग पर यह आगजनी की घटना हुई है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और आग पूरी तरह बुझा ली गई है।

---

## ओल्ड डेलियंस ने बोर्ड चुनाव बदलाव का किया विरोध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में बोर्ड चुनाव, संविधान संशोधन और पूर्व छात्रों की भूमिका को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को ओल्ड डेलियन एसोसिएशन की विशेष आमसभा (एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग) आयोजित की गई। इसमें 250 से अधिक सदस्य शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अधिकांश सदस्यों ने डेली कॉलेज सोसायटी द्वारा किए गए संशोधनों का विरोध करते हुए उन्हें पूर्व छात्रों के अधिकारों के खिलाफ बताया।

ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज बागड़िया ने बताया कि यह विशेष आमसभा संस्था के नियमों के तहत बुलाई गई थी। उन्होंने कहा कि 5 मार्च 2026 को डेली कॉलेज सोसाइटी की बैठक में कुछ संविधान संशोधन किए



गए थे, जिनका प्रभाव ओल्ड डेलियन एसोसिएशन और उसके सदस्यों पर पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व छात्रों के बीच लगातार यह जिज्ञासा थी कि आखिर संशोधन क्या हैं, क्यों किए गए और उनका उनके अधिकारों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसी कारण एसोसिएशन ने सदस्यों से चर्चा के लिए विशेष आमसभा आयोजित की। बागड़िया के अनुसार बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और सभी सदस्यों ने विस्तार से संशोधनों को समझा। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यह मत सामने आया कि संशोधन ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के हितों के प्रतिकूल हैं और इन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

### चुनावी अधिकार खत्म कर नामांकन प्रक्रिया लागू की गई

बैठक में शामिल पूर्व छात्रों ने आरोप लगाया कि पहले ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के सदस्य चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से डेली कॉलेज सोसाइटी के बोर्ड में पहुंचते थे, लेकिन संशोधनों के बाद अब बोर्ड स्वयं सदस्यों का चयन करेगा। जयेश पटेल ने कहा कि पहले लगभग छह हजार सदस्य मतदान कर बोर्ड के लिए अपने प्रतिनिधि चुनते थे, जबकि अब चुनाव प्रक्रिया समाप्त कर नामांकन व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने एकमत से संशोधनों का विरोध करने और पूर्व व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में तीन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई । संविधान संशोधनों से पूर्व छात्रों के अधिकारों पर प्रभाव, उनके नकारात्मक असर को रोकने के उपाय और आगे की कानूनी और संगठनात्मक रणनीति।

### संशोधन गैरकानूनी तरीके से किए गए

बैठक में कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि संशोधन प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं अपनाई गई। पूर्व छात्रों का दावा है कि सभी सदस्यों को नोटिस नहीं दिए गए और बिना पर्याप्त जानकारी के संशोधन पारित कर दिए गए। कुछ सदस्यों ने यहां तक कहा कि यदि गैरकानूनी तरीके से संशोधन कर अभिलेखों में दस्तावेज जमा किए गए हैं तो यह आपराधिक मामला भी बन सकता है। इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

### बिना वैकल्पिक मार्ग के तोड़ा जाने लगा पुल

**इंदौर।** पीथमपुर के घाटाबिल्लौद क्षेत्र में चंबल नदी पर नए पुल के निर्माण को लेकर विवाद बढ़ गया है। रविवार को बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने पुराने पुल को वैकल्पिक मार्ग के बिना तोड़ने की योजना का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (टढफ्ळ्ळ) पुराने पुल को तोड़ने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इस योजना के लिए न तो स्थानीय जनता से कोई सहमति ली गई है और न ही यातायात के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। इससे हजारों लोगों का संपर्क कटने का खतरा पैदा हो गया है। ज्ञापन में क्षेत्र की सड़कों की बदहाली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है।

## न्यूज कालम



## रतलाम मेडिकल कॉलेज से प्रकृति अंलसे ने प्राप्त की डॉक्टर डिग्री

**जावरा।** मेडिकल कॉलेज रतलाम से झाबुआ की रहवासी डॉक्टर प्रकाश चंद्र अलंसे की होनहार पुत्री डॉक्टर प्रकृति अलंसे ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया। प्रकृति अलंसे के डॉक्टर की डिग्री प्राप्त करने पर पिता प्रोफेसर प्रकाश अलंसे ने कहा छात्रा की कड़ी मेहनत का परिणाम उसके उज्जवल भविष्य को संवारता है। इससे समाज को भी नई प्रेरणा मिलती है । उल्लेखनीय की प्रकृति के अभिभावक भी उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत है। जिनका प्रकृति को निरंतर शिक्षा की प्रेरणा मिलती रही। यही वजह है कि प्रकृति ने अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन से डॉक्टर की डिग्री प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया ।उक्त गौरव प्राप्त करने पर महाविद्यालय परिवार एवं परिजनों ने बधाई दी।

## रानी काजल माता मंदिर पहुंचीं प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके



**आलीराजपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं आलीराजपुर की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने आलीराजपुर जिले के सोंडवा विकासखंड स्थित रानी काजल माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनीता चौहान, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत भी उपस्थित रहीं। मथवाड़ स्थित रानी काजल माता मंदिर आदिवासी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि माता के दरबार में मांगी गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भी भरपूर है, जहां से मां नर्मदा के मनोहारी दर्शन होते हैं। मंदिर परिसर ऊंचाई पर स्थित होने और पेयजल व्यवस्था की कमी को देखते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी श्री मेढा को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ऊंचाई पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही मंदिर तक पहुंचने वाला मार्ग कठिन होने पर प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहुंच मार्ग को सुगम एवं सुरक्षित बनाया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान हो सके। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज गरवाल सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## यातायात में बाधा बन रहे अतिक्रमण को भी सख्ती से हटाया जा रहा

**खरगोन।** शनिवार को नगरपालिका से अधीकारी सी एम् ओ कमला कोल , स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश,चित्ते एवं राजस्व अधिकारी महेश वर्मा, एवं नगर पालिका की टिम अमले ने एसडीएम के नेतृत्व में सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई की। यह नालो पर लोहे की जाली के साथ ही कच्चा- पक्का अतिक्रमण कर नाला बन्द कर दिया गया था जिसे जेसीबी मशीन की मदद से खोला गया। इस दौरान सड़कों पर लगने वाले फल ठेलों को एक बार फिर मंडी में शिफ्ट करने की कवायद शुरू हुई है। नगरपालिका, यातायात और के संयुक्त अमले ने सब्जी मंडी से लेकर पोस्ट ऑफिस चौराहे के बीच लगने वाले फल ठेलों को सड़क से हटाकर सब्जी मंडी में लगाने की कार्रवाई की, इस कार्रवाई का विरोध भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि करीब 4 वर्षो से ठेले मंडी में शिफ्ट करने का प्रयास हो रहा है। पहले भी इन ठेलों को मंडी में लगाने की व्यवस्था की गई थी, जिसे राहगिरों को कुछ माह तक राहत मिली थी, लेकिन अधीकारियो के तेवर नरम पड़ते ही फिर सड़क की दोनों और ठेले लगने लगे थे। वहीं फल व्यापारियों का कहना है कि फल लोग सड़क पर ही खरीदते है मंडी में खरीदी के लिए नही आते है, पूर्व में उन्हें नुकसान उठाना पड़ा था।

## बुरहानपुर के नागोनी में मिली ढाई साल की मादा तेंदुए की लाश



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर वन मंडल के शाहपुर रेंज के इच्छापुर क्षेत्र स्थित नागोनी में वन विभाग को शनिवार को करीब ढाई साल की एक मादा तेंदुआ का शव मिला। शव नागोनी में एक केले के खेत में पड़ा था। रविवार दोपहर इच्छापुर वन विभाग नाके पर डॉक्टरों की टीम ने वन विभाग की टीम की मौजूदगी में उसका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में मादा तेंदुआ के सिर और पेट में चोट के निशान पाए गए हैं। डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने इसकी पुष्टि की। डीएफओ के अनुसार, चोटों के कारण मादा तेंदुआ की मौत हुई है। हालांकि, मौत का सटीक कारण जानने के लिए सैंपल जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी। पोस्टमार्टम के बाद मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत तेंदुआ का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान बुरहानपुर के प्रभारी एसडीओ विक्रम सुलिया और शाहपुर रेंज का स्टाफ मौजूद था। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में जांच कराई गई और डॉग स्क्वायड की मदद से भी सर्चिंग की गई।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर




लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने शनिवार को आलीराजपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, जनजातीय कार्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी श्री मेढ़ा को निर्देश दिए कि एकल नल-जल योजनाओं के पूर्ण कार्यों को शीघ्र पंचायतों को हैंडओवर किया जाए। साथ ही जहां नवीन हैंडपंप खनन की आवश्यकता हो, वहां कलेक्टर की स्वीकृति के बाद जांच प्रक्रिया पूरी कर ही खनन कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में नल-जल योजना का कार्य पूरा हो चुका है, वहां शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू की जाए।

प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने जल निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नल-जल परियोजनाएं वर्ष 2028 से पहले पूर्ण की जाएं। जहां इंटेकवॉल निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। छात्रावास व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने कहा कि जो अधीक्षक एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय से पदस्थ हैं, उनका स्थानांतरण किया जाए। उन्होंने ऐसे अधीक्षकों को प्राथमिकता देने की बात कही जो छात्रावास के बच्चों को अपने बच्चों की तरह समझकर उनकी पढ़ाई और अन्य जरूरतों का ध्यान रखें।

प्रभारी मंत्री ने पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर वन अधिकार पट्टों की पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिए। वहीं बखतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टरों की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित करने के लिए सीएम एचओ को निर्देशित किया।

जिले के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्रदेश की परीक्षा परिणाम सूची में टॉप-5 में स्थान बनाने पर प्रभारी मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम इसी तरह रोशन करते रहने की बात कही। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शिक्षा विभाग के अमले को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में स्व सहायता समूह द्वारा हस्त निर्मित साड़ी प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके को कलेक्टर श्रीमती माथुर भेंट की गई।

बैठक में सांसद श्रीमती अनीता चौहान, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राजपूत समाज ने उत्साह से मनाया महाराणा प्रताप जन्म उत्सव

**मंडलेश्वर ।** समीपस्थ ग्राम धरगांव क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा शनिवार को स्थानीय महाराणा प्रताप राजपूत धर्मशाला मैं प्रातः 10 बजे कुलभूषण वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव बड़े उत्साह आतिशबाजी के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम समाज जनों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र का विधि विधान से पूजन , दीप प्रज्जवलित माल्यार्पण करते हुए मनाया गया। युवाओं द्वारा महाराणा प्रताप अमर रहे की जय घोष के साथ आतिशबाजी की गई। महाराणा प्रताप राजपूत धर्मशाला ट्रस्टी सचिव ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई द्वारा महाराणा प्रताप जन्मोत्सव के दौरान बताया गया कि महाराणा प्रताप का स्वाभिमान था पर्वत से भी महान, झुके नहीं संकटों में यही वीरों की पहचान, समाज अध्यक्ष सबल सिंह पटेल द्वारा उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बताया कि आज जरूरत तलवार उठाने की नहीं बल्कि महाराणा प्रताप के विचारों, चरित्र एवं उनके स्वाभिमानी सोच को अपने जीवन में उतरने की है। वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह सोलंकी ने बताया कि युवा पीढ़ी के लिए बताते हुए बोला कि महाराणा प्रताप के चरित्र, त्याग, बलिदान को याद करते युवाओं को अंतिम पंक्ति से प्रथम पंक्ति में समाज को एकता के सूत्र में बांधने की जरूरत बताई। आयोजन में समाज अध्यक्ष सबल सिंह पटेल, महाराणा प्रताप राजपूत समाज धर्मशाला ट्रस्टी ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र सिंह मंडलोई आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे रोकने बुरहानपुर पुलिस का अभियान : 9 ब्लैक स्पॉट पर रेक्टिफिकेशन शुरू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर पुलिस ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर रेक्टिफिकेशन का कार्य शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत पुलिस और मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम की टीम ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

**ये हैं चिन्हित ब्लैक स्पॉट**

चिन्हित ब्लैक स्पॉट पॉइंट्स में जैनाबाद फाटा, दरियापुर बस स्टैंड, अंबाडा फाटा, शनि मंदिर, बिजौरी फाटा, मोंदरा पुलिया, इंडेन गैस एजेंसी के पास देड़तलाई, देड़तलाई पब्लिक स्कूल के पास टर्न, ग्राम दाहिना और शेखपुरा बस स्टैंड शामिल हैं। इन सभी बिंदुओं पर रेक्टिफिकेशन का काम शुरू हो गया है।

**लगाए जाएंगे सुरक्षा उपकरण**

इस कार्य के तहत रंबल स्ट्रिप, व्हाइट मार्किंग, कैट आई (ब्लिंकर), दिशा सूचक और दुर्घटना संभावित क्षेत्र के बोर्ड लगाए जाएंगे। इन उपायों से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पॉइंट्स पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के निर्देशन और नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में, यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल और यातायात स्टाफ ने रूक्कक्रष्ठष्ट टीम के साथ रविवार को इन क्षेत्रों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण बुरहानपुर से देड़तलाई मार्ग पर ग्राम शेखपुरा तक किया गया।

**व्यापक जागरूकता अभियान भी जारी**

बुरहानपुर पुलिस द्वारा पूरे जिले में एक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका लक्ष्य केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित कर उनके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती : गुड मॉर्निंग क्लब नेपानगर ने किया माल्यार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रगौरव के प्रतीक महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर गुड मॉर्निंग क्लब नेपानगर द्वारा नगर के अंबाडा रोड एवं प्रभा पार्क स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर क्लब के सत्येंद्र सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आत्मसम्मान, साहस और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मातृभूमि की स्वतंत्रता और गौरव के लिए संघर्ष का मार्ग नहीं छोड़ा।

रमेश ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के अमर प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज को सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अनिल कुमार अहीरे ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने अदम्य शौर्य और त्याग से भारतीय इतिहास में अमिट पहचान स्थापित की। उनका जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है। सौजन्य तिवारी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का संघर्ष, राष्ट्रप्रेम और आत्मबल आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणादायी बना रहेगा।

उपस्थित सदस्यों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम में क्लब की ओर से नियमित स्वास्थ्य जागरूकता, योग एवं जॉगिंग के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किए जाने की जानकारी भी साझा की गई।



## 18 मई को सिंधी सेवा मंडली का पद ग्रहण और शपथ विधि समारोह

**खंडवा ।**सिंधी सेवा मंडली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सभनानी और उनकी नवीन कार्यकारिणी का पदग्रहण १८ मई सोमवार रात्रि आयोजित किया जाएगा। उक्त निर्णय सिंधी सेवा मंडली की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया ।प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि शनिवार रात्रि सिंधी धर्मशाला के सभागृह में संपन्न हुई इस बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें निर्माण कार्य को गति देने, कुएं की सफाई करवाने, बुकिंग करवाने वाले समाजजन को और अधिक सुविधाएं देने, शिकायत के अवसर पर संपर्क के लिए नंबर जारी करने आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गई ।बैठक में मेठाराम पिंजानी,गोपालदास पमनानी,संजय सभनानी,प्रकाश आहूजा,हरेश कुमार संतवानी,शंकरलाल आसवानी,जयरामदास खेमानी,मनोज गेलानी,जेठानंद हरचंदानी,रामेश थदानी,राजकुमार सहजवानी,प्रवक्ता कमल नागपाल,पवन वासवानी,नानक आर्तवानी,संजय कृपलानी,हनी मेघवानी और प्रबंधक दिनेश गोस्वामी आदि उपस्थित रहे ।संचालन संजय सभनानी ने किया और आभार मनोज गेलानी ने व्यक्त किया।

## अज्ञात वृद्ध को मिली सम्मानजनक विदाई

**खंडवा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश करते हुए पुलिस प्रशासन और समाजसेवियों ने एक अज्ञात वृद्ध का ससम्मान अंतिम संस्कार कराया। मृतक की पहचान नहीं होने और परिजनों के सामने नहीं आने पर समाजसेवियों ने आगे बढ़कर अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई।

# 16 वर्षीय जयश्री का गले का ऑपरेशन कर कैंसर की गठान निकाली

## खंडवा मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में हुआ ऑपरेशन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



खंडवा निवासी 16 वर्षीय जयश्री पिता कमल पिछले 2 वर्ष से गले में गठान होने से परेशान थी, उसे सांस लेने में काफी परेशानी होती थी और गर्दन में दर्द के साथ साथ भारीपन भी महसूस होता था । गठान का आकार और सूजन दिन प्रतिदिन बढ़ रही थी। परिवारजन चिंतित रहने लगे और उन्होंने डॉक्टरों को दिखाया परंतु कोई फायदा नहीं हुआ। अभी 10 दिन पूर्व जयश्री को उसके परिजन श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में लेकर आए, यहां नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील बाजोलिया को दिखाया। उन्होंने फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी की जांच करवाई, जिसमें पता चला कि उसकी थायराइड ग्रंथि में कैंसर रोग की शुरूआत है, जिसका ऑपरेशन करना काफी जटिल प्रक्रिया है।

नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील बाजोलिया ने निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. भारती से परामर्श कर ऑपरेशन की तैयारी की और 29 अप्रैल को ऑपरेशन कर सफलतापूर्वक गठान निकाली। अब जयश्री पूरी तरह से स्वस्थ है । डॉ सुनील बाजोलिया ने बताया कि गले की गठान काफी बड़ी थी, पर डॉक्टर्स की टीम के सहयोग से सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर लगभग 2 म 2 सेंटीमीटर की गठान निकाली । उन्होंने बताया कि इस तरह के ऑपरेशन सामान्यतः बड़े शहरों में ही किए जाते हैं।

खंडवा में कैंसर के गठान की सर्जरी पहली बार हुई है। यह जटिल ऑपरेशन हमारे लिए एक चुनौती पूर्ण कार्य था। पूरी टीम केसहयोग से ऑपरेशन सफल हुआद्य जयश्री ने बताया कि यहां पर डॉक्टर बाजोलिया और उनकी टीम ने बहुत अच्छा इलाज किया, मैं अब बहुत खुश हूं।

जयश्री को आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी सुविधाएं निशुल्क मिली है। जयश्री ने सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल, डॉक्टर सुनील बाजोलिया, डॉक्टर भारती, डॉक्टर रानी, डॉक्टर आस्था, नर्सिंग इंचार्ज सपना लोखंडे, शिखादीप, प्रियंका सिसोदिया सहित पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

## माँ बागेश्वरी धाम में दान किया वॉटर कूलर

**खंडवा।** तपती धूम मे राहगीरों को राहत देने के लिए स्व. श्रीमती चन्द्रकला, स्व. हुकूमचंद लाड पिता स्व.अनोखीलाल लाड की स्मृति में उनके पुत्र दुर्गेश लाड,अखिलेश लाड़, उमेश लाड, हरिकेश लाड, कमलेश लाड, धर्मेश लाड के द्वारा माँ बागेश्वरी धाम दौड़वा में वाटर कूलर भेंट किया गया द्य जिसको समिति द्वारा उपयोगी स्थान पर लगाकर शीतल ठंडा जल आने जाने वालों को उपलब्ध रहेंगा इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, सरपंच देवेंद्र सिंह रावत, उपसरपंच दिलीप वर्मा, स्वरूप सेठ लाड , विष्णु लाड़, दुगार्राम यादव,रमेश राठौर , सुमित लाड , अनिल राठौर, डॉ दुर्गेश जायसवाल, नमन लाड, दिनेश जायसवाल, अंकुर लाड सहित समिति के कार्यकर्ताओ ने लाड परिवार का आभार व्यक्त कर सहराना की।

# नेशनल लोक अदालत के माध्यम से वैवाहिक दम्पत्ति फिर से एक हुए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर दिनांक 9 मई, 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला न्यायालय परिसर में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अखिलेश जोशी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में श्री अखिलेश जोशी ने कहा कि च्लोक अदालत एक उत्तम कोटि की कल्याणकारी योजना है। जिसमें दोनो पक्षों को न्याय उपलब्ध कराया जाता है इससे आपसी द्वेषभाव समाप्त होकर मुधर संबंधों के साथ दोनों पक्ष खुषी-खुषी अपने घर जाते है ।

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के समाधानपूर्वक निराकरण करने में सबके सकारात्मक सहयोग की बात कहीं, जिससे कि पक्षकारों को शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके। उक्त अवसर पर नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पंकज सिंह माहेष्वरी, जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रवि झारोला, राजकुमार चौहान, दीपक चौधरी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन, न्यायाधीश मोहित बड़के, सुश्री प्रीतिबाला मुनिया, प्रशिक्षु न्यायाधीश सुश्री मुस्कान मंसूरी, जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मण्डलोई, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ विजय जोशी , सचिव अभिभाषक संघ पुष्पेन्द्र गंगारेकर, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं पक्षकारगण सम्मिलित रहें।

विगत एक साल से दूर रह रहे पति पत्नि ने नेशनल लोक अदालत में सुलह कर एक साथ रहना स्वीकार किया। मामला कुटुंब न्यायालय मंडलेश्वर का हैं जहाँ महेश्वर तहसील के ग्राम मातमूर निवासी पति (33 वर्ष) ने दाम्पत्य जीवन की पुर्नस्थापना हेतु वाद दायर किया था। उभयपक्ष का विवाह सन 2020 में ग्राम खांगवाडा तहसील बड़वाह में हिन्दू रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ था, जिससे उन्हें दो पुत्र (5 वर्ष) और (4 वर्ष)हैं । उभयपक्ष के मध्य वर्ष 2025 में विवाद आरंभ हुआ था। विवाद के चलते पत्नी अपने दोनो बच्चों के साथ अपने मायके में निवास करने लगी। पति ने महिला परामर्श केन्द्र महिला सभा खरगोन में मामला प्रस्तुत किया किन्तु उभयपक्ष के मध्य विवाद का निराकरण नही होने पर पति ने कुटुम्ब न्यायालय, मण्डलेश्वर में वाद प्रस्तुत किया। नेशनल लोक अदालत में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मण्डलेश्वर श्री पंकज माहेश्वरी, अधिवक्ता के सी तोनगर की समझाईश के बाद दोनो पति-पत्नी ने प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अखिलेश जोशी, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री पंकज सिंह माहेश्वरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन एवं अन्य खण्डपीठ सदस्यों के समक्ष एक दुसरे को माला पहनाकर फिर से साथ रहना स्वीकार किया।

## न्यूज -कॉलम

### दादा के साथ रहने वाले छात्र ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में दादा के साथ रहने वाले बी टेक के छात्र अनुज पिता प्रदीप सेंगर 20 साल ने रविवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया है। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची थी, लेकिन छात्र की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि अनुज की मां ने 13 साल पहले सुसाइड किया था, पिता का भी निधन हो चुका है। माता-पिता के जाने और पढ़ाई का तनाव होने पर अनुज ने भी आत्मघाती कदम उठाया है। नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा अनुज के तहसीलदार स्तर पर भी बयान दर्ज कराये है।

### पंवासा में रिक्शा चालक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** रिक्शा चालक ने रविवार शाम घर में फांसी लगा ली। आसपास के लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। रिक्शा चालक 3 दिन से अकेला था। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सोमवार सुबह परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि शाम को बाबा रामदेव मंदिर के पास मकान में युवक की लाश फंदे पर लटकी होने की खबर मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे थे। मृतक का नाम विकास पिता रमेशचंद्र 40 साल होना सामने आया। पूछताछ में पता चला कि विकास रिक्शा चलाता था। दिन में उसका रिक्शा पलटी खा गया था। परिजन शहर से बाहर गये हुए है। 3 दिनों से विकास अकेला था। प्रधान आरक्षक के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। मृतक का मोबाइल भी जांच में लिया जायेगा।

### घर के बाहर बैठी वृद्धा पर रिश्तेदारों ने किया हमला

**उज्जैन।** नागदा के निपानिया से लीलाबाई पति नागूगिरी 57 साल को घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। लीलाबाई के परिजनों ने बताया कि शनिवार रात घर के बाहर बैठी थी, उसी दौरान देवर किशन और उसका पुत्र दीपक आये। दोनों ने लाठी और पत्थर से हमला किया और भाग निकले। सिर में गहरी चोंट लगी है। बताया जा रहा है कि मामला पारिवारिक विवाद से जुडा हुआ है। लेकिन लीलाबाई का कहना था कि उसका परिवार में किसी से कोई विवाद नहीं है। मामले में नागदा पुलिस घायल वृद्धा के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

### चौडीकरण मार्ग पर बिजली के पोल में लगी आग

**उज्जैन।** सतीगेट से छत्रीचौक मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। रविवार दोपहर छोटा सराफा के पास लगे बिजली के पोल में आग लग गई। लपटे निकलती देख आसपास के लोग दहशत में आ गये। क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई थी। पोल में लगी आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। एक फायर फायटर कुछ देर में मौके तक पहुंची और आग पर काबू पाया गया। क्षेत्र की बिजली गुल होने पर बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे और संधारण कार्य किया। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और लोड़ बढ़ने पर पोल के तारों में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी।

### पाटपाला में करंट लगने से झुलसा नाबालिग

**उज्जैन।** पाटपाला गिट्टी खदान में काम के दौरान रविवार को 16 साल के अनुज पिता सेवाराम झुलस गया। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद भर्ती किया गया है। बताया जा रहा था कि अनुज बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहा था, इस दौरान उसे करंट लगा है। फिलहाल ड्युटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई है।

### इंदौर के 3 युवकों की मौत के मामले में केस दर्ज

**उज्जैन।** इंदौररोड पंथपिपलाई में 6-7 मई की रात लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 जीए 6538 के चालक ने लापरवाही पूवर्क वाहन चलाते हुए आटो क्रमांक एमपी 09 ए झेड को टक्कर मार दी थी। आटो में सवार इंदौर के स्कीम नम्बर 78 अरण्य नगर में रहने वाले रहने वाले गोलू उर्फ आकाश ठाकुर, चिराग सोलंकी और विशाल रावत की मौत हो गई थी। आटो चालक जितेन्द्र कछवाय गंभीर घायल हुआ था। चारों महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 3 दिन बाद नानाखेड़ा थाना पुलिस ने लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। दुर्घटना के बाद लोडिंग जप्त कर ली गई थी।

### युवक से की मारपीट

**उज्जैन।** तराना तहसील के मंगलनाथ गली में रहने वाले मानस पिता जितेन्द्र धनगर 20 साल को पुराने विवाद में समझौता करने के लिये देवराज पिता शेरू गुर्जर और उसके भाई धर्मराज ने कृषि उपज मंडी में बुलाया। मानस मंडी पहुंचा तो दोनों भाईयों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मानस की शिकायत पर तराना थाना पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मानस की मौसी के ल?के का स्कूल में देवराज के भाई से पूर्व में विवाद हुआ था। उसी विवाद में समझौता करने के लिये मानस को बुलाया था। पुलिस के अनुसार मारपीट करने वाले दोनों भाईयों की तलाश में दबिश दी गई थी, लेकिन फरार होना सामने आये है।

# हिरासत में जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक का संचालक

## डॉक्टरों की पैनल ने किया बालिका का पोस्टमार्टम, 2 डॉक्टरों की तलाश





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में हुई 11 साल की बालिका की मौत के मामले में पुलिस ने क्लीनिक के संचालक को हिरासत में ले लिया है। रविवार को बालिका का 7 डॉक्टरों की पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मंछामन कालोनी चौराहा पर जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में शनिवार शाम अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम टिल्याखेड़ी में रहने वाली 11 वर्षीय दीपिका पिता मेहरबान डाबी की मौत होने का मामला सामने आया था। मामले में बालिका की मां मंजूबाई की शिकायत पर क्लीनिक संचालक राजेश चौहान, डॉ. डीके तिवारी और अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है। रात में ही संचालक राजेश चौहान को हिरासत में ले लिया गया था। जिससे पूछताछ की जा रही है। क्लीनिक को घटना सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल की टीम द्वारा सील कर दिया गया था। क्लीनिक संचालित करने वाले से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि कब से संचालित कर रहा था। क्लीनिक मान्यता प्राप्त है या नहीं, उससे जुडे दस्तावेज भी जप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बालिका का उपचार करने वाले डॉक्टर के हिरासत में आने पर पता लगाया जायेगा कि उपचार के दौरान कौन सी मेडिसीन दी गई थी। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसका अवलोकन किया जा रही है जिसके आधार पर आगे की विवेचना की जायेगी। मामले में क्लीनिक से जुडे अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

### पोस्टमार्टम के दौरान तैनात रहा पुलिस बल

शनिवार शाम हुई बालिका की मौत के मामले में रविवार सुबह नीलगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान चिमनगंज, कोतवाली और माधवनगर थाने का पुलिस बल मौजूद रहा था। पोस्टमार्टम सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल, डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. शीतल गुप्ता, डॉ. शिव मेनिया, डॉ. अभिषेक जाटवा और डॉ. दिलीप वास्के की पैनल द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम की वीडियो रिकार्डिंग कराई गई है। इस दौरान एसडीएम एलएन गर्ग, तहसीलदार शैफाली जैन मौजूद रही। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन के दौरान बालिका का हार्ट और फेफडे फैल हो गये थे।

### देर रात तक चलता रहा चक्काजाम

मृतक बालिका का परिवार चौकीदारी का काम करता है। एक माह से बालिका का उपचार पॉली क्लीनिक में चल रहा था। शनिवार को ऑपरेशन किया गया था। तभी बालिका की मौत होना सामने आया था। जिसके बाद परिजनों ने पहले पॉली क्लीनिक के बाहर प्रदर्शन किया। उसके बाद आगररोड चरक अस्पताल के सामने शव रख चक्काजाम कर दिया था। जो रात 12 बजे तक चलता रहा। प्रशासन और पुलिस की समझाईश के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया था।

# बालिका से अधेड़ ने किया दुराचार का प्रयास

## हिरासत में आरोपी, आज कोर्ट में करेंगे पेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

13 साल की बालिका के साथ अधेड़ ने दुराचार का प्रयास किया। बालिका बचकर भागी और घर पहुंचकर परिजनों को घटनाक्रम बताया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो कुछ देर में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। जिसके खिलाफ पास्को एक्ट और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि थाना क्षेत्र की कालोनी में रहने वाली 13 साल की बालिका परिजनों के साथ रविवार सुबह थाने पहुंची थी और बताया कि उसके साथ नासिर खान द्वारा घर बुलाकर अश्लील हरकते की। वह भाग कर अपने घर आई और परिजनों को बताया। थाना प्रभारी के अनुसार मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा होने पर छेड़छाड और पास्को एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर तत्काल टीम को आरोपी की धरपक? के लिये भेजा गया। जिसे कुछ देर में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा।



# मकान की गैलरी में मृत पड़ा मिला किरायेदार युवक



**उज्जैन।** बड़नगर कोर्ट चौराहा पर रविवार को मकान की गैलरी में किराये से रहने वाले युवक की लाश मिला सामने आया है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर बॉडी पोस्टमार्टम के लिये भेजी है।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि शाम को कोर्ट चौराहा पर राधेश्याम सोलंकी के मकान की पहली मंजिल पर अभिभाषक लोकेंद्र पटेल के ऑफिस की गैलरी में एक युवक की लाश पडी होने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच में सामने आया कि मृतक राहुल पिता भागीरथ निवासी ग्राम मिंडका का रहने वाला है और मकान की दूसरी मंजिल पर किराये से रहता था। राहुल हेयर सेलून की दुकान पर काम करता था। रात में उसने अपने 2 साथियों के साथ शराब पी थी। उसके बाद दिनभर दिखाई नहीं दिया था। फिलहाल मौत की वजह सामने नहीं आ पाई है। मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही कारण स्पष्ट हो पायेगा।

पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल
ई-निविदा सूचना
क्र. सं. 1) ई टेंडरिंग संख्या: EL-2025-26-458, कार्य का नाम: Ratlam Division - Upgradation of station including circulating area, water supply and approach roads at Ujjain, Laxmibai nagar and Naikheri (Simhastha 2028). अनुमानित लागत: ₹ 10320570.13 बयाना राशी: ₹ 206400.00 कार्य की समापन अवधि: 12 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 05/05/2026. निविदा खुलने की तिथि: 02/06/2026. क्र. सं. 2) ई टेंडरिंग संख्या: EL-2026-27-06. कार्य का नाम: Ratlam - Electrical work in connection with repair to toilet blocks at DRM Office & TRD Building campus, provision of officers Toilet block near account section at DRM Office. अनुमानित लागत: ₹ 302211.42 बयाना राशी: ₹ 6100.00 कार्य की समापन अवधि: 09 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 05/05/2026. निविदा खुलने की तिथि: 02/06/2026.
CRY/ND/44
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल
ई-निविदा सूचना
क्र. सं. 1) ई टेंडरिंग संख्या: EL-2025-26-458, कार्य का नाम: Ratlam Division - Upgradation of station including circulating area, water supply and approach roads at Ujjain, Laxmibai nagar and Naikheri (Simhastha 2028). अनुमानित लागत: ₹ 10320570.13 बयाना राशी: ₹ 206400.00 कार्य की समापन अवधि: 12 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 05/05/2026. निविदा खुलने की तिथि: 02/06/2026. क्र. सं. 2) ई टेंडरिंग संख्या: EL-2026-27-06. कार्य का नाम: Ratlam - Electrical work in connection with repair to toilet blocks at DRM Office & TRD Building campus, provision of officers Toilet block near account section at DRM Office. अनुमानित लागत: ₹ 302211.42 बयाना राशी: ₹ 6100.00 कार्य की समापन अवधि: 09 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 05/05/2026. निविदा खुलने की तिथि: 02/06/2026.
CRY/ND/44
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# गर्मी का तांडव, 44 डिग्री पहुंच सकता है तापमान



**उज्जैन।** सूरज के कड़क होते तेवर और गर्मी का बड़ता तांडव फिर शुरू हो चुका है। रविवार को शहर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार दर्ज हुआ। मंगलवार से तापमान में ओर तेजी आ सकती है। तापमान 44 डिग्री पहुंच सकता है।

पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर गर्मी से मिली राहत मिली थी। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही तापमान में तेजी आने लगी है। 2 दिनों से तापमान 42 डिग्री के पार दर्ज हो रहा है। रात के तापमान में तेजी आने लगी है, 8 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हवा में गर्माहट महसूस हो रही है। रविवार को सूरज के तेवर सुबह से ही कड़क दिखाई दे रहे थे। बाजार में सन्नाटा दिखाई दे रहा था। शाम को शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 12 मई से हीटवेव का असर शुरू हो सकता है, जिसके चलते तापमान 44 डिग्री पहुंच सकता है। मई माह के शेष दिनों में भीषण गर्मी आमजन की परेशानी बडा सकती है। लू चलने का खतरा भी दिखाई दे रहा है। वैसे तापमान में तेजी आने से हल्की बारिश हो सकती है। जिससे उमस भी बढ़ने की संभावना है। जिस तरह से तापमान में तेजी आती दिखाई दे रही है, उससे लग रहा है कि इस बार मानसून भी समय से पहले दस्तक दे सकता है।

# म.प्र. अधिवक्ता परिषद चुनाव में उज्जैन के चार अभिभाषक

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद के चुनाव 12 मई को होने जा रहे है। 23 सदस्यों के लिये उज्जैन के चार अभिभाषक मैदान में है। पूरे प्रदेश के लगभग 87 हजार अभिभाषक चुनाव में मतदान कर 23 सदस्यों को चुनेगे।

पांच साल में एक बार होने वाले म. प्र. अधिवक्ता परिषद चुनाव में इस बार 23 सदस्यों के लिये प्रदेशभर से 119 उम्मीदवार मैदान में है। उज्जैन से अभिभाषक सुरेन्द्र चतुर्वेदी, आशीष उपाध्याय, संदीप मेहता और अतुल रैना भी परिषद में सदस्य पद के लिये चुनाव लड़ रहे है। 12 मई को पूरे प्रदेश में एक साथ मतदान होगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हाई पावर कमेटी की देखरेख में चुनावी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें 30 प्रतिशत पद महिला अधिवक्ताओं के लिये आरक्षित है। उज्जैन के अभिभाषक सचिन नागर ने बताया कि चुनाव में प्रथम वरीयता के मत सबसे महत्वपूर्ण माने जाते है। इनकी गिनती सबसे पहले होगी। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिणाम आने में 2 माह का समय लग सकता है। पूर्व में उज्जैन से प्रताप मेहता अधिवक्ता परिषद का चुनाव भारी मतों से जीते थे और परिषद में उच्च पद पर नियुक्ति किये गये थे। उनके निधन के बाद से सीट रिक्त हो गई थी और उज्जैन से कोई भी सदस्य राज्याधिवक्ता परिषद के चुनाव में सदस्य के रूप में मनोनित नहीं रहा। इस बार उज्जैन से चार अभिभाषक चुनाव मैदान में उतरे है। उज्जैन से करीब 3 हजार मतदान चुनाव प्रक्रिया में भाग लेगें। चुनाव प्रक्रिया के लिये पूरे प्रदेश में 216 पोलिंग बूथ बनाये जा रहे है। उज्जैन में न्यायिक अधिकारी निर्वाचन अधिकारी रहेगें। मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद चुनाव के मतदान में 2 चीजे जरूरी रहेगी जिसमें पहली वोटर लिस्ट में नाम और दूसरा वोटिंग के समय वैलिड आईडेंटिटी कार्ड। मतदान का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक रहेगा।

( जाहिर सूचना )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1- श्री फतेहसिंह पिता श्री हरीसिंहजी 2-मुन्नीबाई पति फतेहसिंह व 3-विष्णुबाई पुत्री श्री फतेहसिंहजी समस्त निवासीगण व कृषक ग्राम हडाई आगर जिला आगर (म.प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर-263/3 रकबा 0.16 हेक्टर व सर्वे नम्बर 131 रकबा 0.28 हेक्टर व सर्वे नम्बर-134 रकबा 0.50 हेक्टर व सर्वे नम्बर-262/1/2/1 रकबा 0.45 हेक्टर व सर्वे नम्बर-256 रकबा 0.20 हेक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 1.59 हेक्टर व भारतसिंह पिता श्री फतेहसिंहजी निवासी व कृषक ग्राम हड़ाई आगर जिला आगर (म.प्र.) से उनके भूमि स्वमी स्वत्व एवम आधिपत्य की भुमि सर्वे नम्बर-257/2 रकबा 0.55 हेक्टर व सर्वे नम्बर-261/2 रकबा 0.78 हेक्टर व सर्वे नम्बर-263/2 रकबा 0.27 हेक्टर कुल किता-3 कुल रकबा 1.60 हेक्टर व श्यामसिंह पिता श्री फतेहसिंहजी निवासी व कृषक ग्राम हड़ाई आगर जिला आगर (म.प्र.) से उनके भूमि स्वमी स्वत्व एवम आधिपत्य की भुमि सर्वे नम्बर-257/1 रकबा 0.55 हेक्टर व सर्वे नम्बर-261/3 रकबा 0.78 हेक्टर व सर्वे नम्बर-263/1 रकबा 0.27 हेक्टर कुल किता-3 कुल रकबा 1.60 हेक्टर इस प्रकार कुल किता-11 कुल रकबा 4.79 हेक्टर स्थित ग्राम हड़ाई आगर जिला आगर (म.प्र.) को कय करने का अनुबन्ध किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं व अग्रिम विकय मूल्य राशि अदा कर विक्रय अनुबन्ध-पत्र का सम्पादन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन प्रायवेट अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी अन्य वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का कय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि साल ~7~ दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय अनुबन्ध-पत्र एवम विकय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी ! सूचित हो ! इति दिनांक 08-05-2026

**जयश्री वर्मा एडवोकेट**
**बी-4 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 9827015929, 9098085783**

# चिंतामण क्षेत्र में आधी रात को पारदी डेरो पर दबिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




संपत्ति संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा जिले में आधी रात को पारदी डेरो पर दबिश दी जा रही है। शनिवार-रविवार रात चिंतामण थाना क्षेत्र के 2 डेरो पर दबिश दी गई और 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीएसपी श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में आधी रात को ग्राम कंडारिया और पारदी खेडा में पारदी डेरो पर दबिश दी गई थी। जहां से 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और डेरो में खडे 3 दो पहिया वाहन जप्त किये गये। रविवार दिनभर पूछताछ के बाद वाहनों के दस्तावेज मिलने पर छो? दिये गये, लेकिन हिरासत में लिये गये 10 संदिग्धों के पूर्व में अपराध होने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से लगातार पुलिस की टीमे पूरे जिले में पारदी डेरो पर दबिश मार रही है। पारदी गिरोह वाहन चोरी, नकबजनी जैसी वारदातों में शामिल रहता है।

जिनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस ने अभियान शुरू किया है। चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र में दी गई दबिश से पहले पुलिस की टीम पंवासा, चिंमनगंज, महाकाल, भैरवग? और घट्टिया थाना क्षेत्रों में डेरो पर दबिश दे चुकी है। जहां से 147 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था और 22 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार-शनिवार रात ब?नगर पुलिस ने कस्बे में पारदी और मजदूर डेरो पर दबिश देकर 60 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की थी।

# मानसिक जंजीरों को खोल कर तो देखिए



दरअसल कई इंसान भी इन्हीं हाथियों की तरह अपनी किसी विफलता को एक कारण मान बैठते हैं कि अब उनसे ये काम हो ही नहीं सकता। एक व्यक्ति कहीं से जा रहा था, अचानक उसे सड़क के किनारे बंधे हाथियों को देखा और वह रुक गया। उसने देखा कि हाथियों के अगले पैर में एक रस्सी बंधी हुई है। उसे इस बात पर आश्चर्य हुआ कि हाथी जैसे विशालकाय जीव लोहे की जंजीरों की जगह बस एक छोटी सी रस्सी से बंधे हुए हैं। वे चाहते तो खुद को आजाद कर सकते थे, पर वे ऐसा नहीं कर रहे थे। उसने पास खड़े महावत से पूछा- 'भला ये हाथी किस प्रकार इतनी शांति से खड़े हैं और भागने का प्रयास भी नहीं कर रहे हैं।' महावत ने कहा, 'इन हाथियों को छोटी उम्र से ही इन रस्सियों से बांधा जाता है। उस समय इनके पास इतनी शक्ति नहीं होती कि इस बंधन को तोड़ सकें, बार-बार प्रयास करने पर भी रस्सी न तोड़ पाने के कारण उन्हें धीरे-धीरे यकीन होता जाता है कि वे इन रस्सियों को नहीं तोड़ सकते और बड़े होने पर भी उनका यह यकीन बना रहता है।

इसीलिए वे कभी इसे तोड़ने का प्रयास ही नहीं करते।' उस आदमी को यह बात बड़ी रोचक लगी। उसने इसके बारे में एक संत से चर्चा की। संत ने मुस्कराकर कहा, 'ये जानवर इसलिए अपना बंधन नहीं तोड़ सकते क्योंकि वे इस बात में यकीन करते हैं।'

सम्पादकीय


## आस्था का प्रतीक सोमनाथ

भारतीय समाज हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति का अटूट संगम है। हमारे देश में अनेक ऐसे पूजनीय स्थल हैं, जो हमारी आस्था और संस्कृति को और मजबूत करते हैं। गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि यह भारत के आध्यात्मिक संकल्प का जीवंत प्रतीक है। भगवान शिव के बारह आदि ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान रखने वाला सोमनाथ मंदिर, भारत के पवित्र भूगोल में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह प्रत्येक भारतीय के जीवन में रचा-बसा हुआ है जिसके बिना वह अपने अस्तित्व की कल्पना नहीं कर सकता। यह गौरव का पल है कि सोमनाथ मंदिर के संदर्भ में आज मैं अपने विचार सांझा कर रहा हूं। भारत सरकार के नेतृत्व में हरियाणा सरकार इस पावन कार्य में अपना सहयोग दे रही है, जैसा कि भारत सरकार 8 मई से 11 मई, 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मना रही है, जोकि सोमनाथ मंदिर पर हुये पहले आक्रमण के 1000 वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। इस मंदिर ने सदियों तक आक्रमण और पुनर्निर्माण का एक अद्वितीय इतिहास देखा है। वर्ष 1026 में हुए आक्रमण के बाद भी हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ, जो भारतीय समाज की अटूट आस्था और सांस्कृतिक चेतना का प्रमाण है।

स्वतंत्रता के पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ और 11 मई 1951 को इसका प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न हुआ जो भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बना। इस पर्व को मनाने का यही मूल उद्देश्य है कि कितने ही उतार-चढ़ाव आये परन्तु सोमनाथ हमारी अटूट आस्था का प्रतीक था और रहेगा। यह भारतीय जन मानस के हृदय में वास करता है। यह पर्व उन असंख्य महान विभूतियों को स्मरण करने का भी है जो सोमनाथ पर क्रूर हमलों के बावजूद उनके सम्मुख डट कर खड़े रहे। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फेल रही थी, सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में उन्हें सोमनाथ मंदिर की दुर्दशा व्यथित कर रही थी। 13 नवम्बर, 1947 को दिवाली के समय सरदार पटेल ने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया था इस (गुजराती) इस नव वर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ पर हमारा पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी। उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

# बंगाली अस्मिता क्षेत्रीय गौरव और स्थानीय नेतृत्व को प्रमुखता



किशन सनमुखदास (दैनिक अवन्तिका)

वैश्विक स्तरपर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 8 मई 2026 का दिन एक बड़े राजनीतिक परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया, जब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधायक दल की बैठक में शुभेंदुअधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया,विधायक दल की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने सुवेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। विधायकों को को पूरा मौका दिया गया कोई दूसरा नाम नहीं आया था ऐसा पर्यवेक्षक ने प्रेस में बताया।प्रस्ताव का समर्थन आठ से अधिक विधायकों सहित कई विधायकों ने किया और सर्वसम्मति से उन्हें नेता चुना गया जिसकी घोषणा पर्यवेक्षक अमित शाह ने की तथा माला पहनाकर उनको गले लगाया, वे अपने पास गृह विभाग रख सकते हैं। संभवतः भाजपा दो उपमुख्यमंत्री वाला मॉडल अपना सकती है,जिसमें एक संभवतः रूपा गांगुली व दूसरा दार्जिलिंग क्षेत्र से बनाने की संभावना है और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश होगी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि मुख्यमंत्री चुनकर एक ऐसे राजनीतिक अध्याय की शुरूआत कर दी हैं,जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक असंभव मानी जाती थी। दशकों तक वामपंथ और फिर तृणमूल कांग्रेस के प्रभुत्व वाले बंगाल में भाजपा का सत्ता तक पहुंचना केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि भारत की बदलती राजनीतिक धारा, क्षेत्रीय राजनीति के पुनर्संतुलन और राष्ट्रीय दलों के विस्तार की नई कहानी है। कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक पर केवल भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषकों की भी नजर थी, क्योंकि यह तय होना था कि आखिर उस ऐतिहासिक जनादेश का नेतृत्व कौन करेगा जिसनेबंगाल की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। अंततः वही हुआ जिसकी राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से चर्चा थी शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया और उनके मुख्यमंत्री बनने का मार्ग औपचारिक रूप से प्रशस्त हो गया।

अगर हम इस ऐतिहासिक स्थिति की करें तो यह फैसला केवल एक व्यक्ति के मुख्यमंत्री बनने की कहानी नहीं है,बल्कि यह उस राजनीतिक यात्रा का परिणाम है जिसमें बंगाल की जनता ने लंबे समय से स्थापित सत्ता संरचना को चुनौती देते हुए एक नए विकल्प पर भरोसा जताया। भाजपा को 293 में से 207 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिलना इस बात का संकेत है कि राज्य की राजनीति में व्यापक जनमत परिवर्तन हुआ है। यह जीत सामान्य चुनावी सफलता नहीं मानी जा सकती, क्योंकि बंगाल लंबे समय तक भाजपा के लिए सबसे कठिन राजनीतिक क्षेत्रों में गिना जाता था। ऐसे में शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री चुना जाना भाजपा की रणनीतिक राजनीति, संगठनात्मक विस्तार और बंगाल में क्षेत्रीय भावनाओं को समझने की क्षमता का सटीक परिणाम माना जा रहा है।

अगर कर हम मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की राजनीतिक यात्रा को समझने की करें तो भी इस ऐतिहासिक क्षण को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। कभी ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल रहे अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था और तभी से बंगाल की राजनीति में एक बड़े वैचारिक संघर्ष की शुरूआत हो गई थी। नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराने के बाद उनका राजनीतिक कद लगातार बढ़ता गया। 4 में 2026 को रिजल्ट आए इस चुनाव में भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को 15,000 से अधिक वोटों से हराना केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि प्रतीकात्मक राजनीतिक संदेश भी था। यह उस नेतृत्व परिवर्तन का संकेत था जिसमें बंगाल की जनता ने राज्य की राजनीति को नई दिशा देने का फैसला किया।

हम राजनीतिक दृष्टि से इसे देखकर समझने की करें तो भारी जीत के साथ दर्ज किए गए इस चुनाव में एक अत्यंत महत्वपूर्ण रणनीति अपनाई। लंबे समय तक यह आरोप लगाया जाता रहा कि भाजपा बंगाल में बाहरी नेतृत्व पर निर्भर है और उसके पास स्थानीय बंगाली चेहरा नहीं है। लेकिन इस चुनाव में पार्टी ने स्पष्ट रूप से स्थानीय नेतृत्व को केंद्र में रखा। शुभेंदु अधिकारी को चुनाव अभियान का प्रमुख चेहरा बनाना इसी रणनीति का हिस्सा था। भाजपा ने समझ लिया था कि बंगाल जैसे सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील राज्य में केवल राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर सत्ता हासिल करना संभव नहीं होगा। इसलिए बंगाली अस्मिता,क्षेत्रीय गौरव और स्थानीय नेतृत्व को प्रमुखता दी गई। शुभेंदु अधिकारी इस रणनीति के सबसे उपयुक्त चेहरे साबित हुए।

अगर कर हम विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया की करें तो केंद्रीय गृह मंत्री की विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मौजूदगी ने इस फैसले को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया।यह केवल औपचारिक उपस्थिति नहीं थी बल्कि इससे यह संदेश गया कि भाजपा नेतृत्व बंगाल की सत्ता परिवर्तन को राष्ट्रीय राजनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है।अमित शाह लंबे समय से बंगाल भाजपा के विस्तार के प्रमुख रणनीतिकार रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया और राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास किया। विधायक दल की बैठक में उनकी मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि बंगाल में बनने वाली सरकार केवल राज्य की सरकार नहीं बल्कि भाजपा की राष्ट्रीय राजनीतिक परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।

अगर हम शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने के पीछे कई राजनीतिक कारण रहे, इसको समझने की करें तो सबसे पहला कारण उनका मजबूत जनाधार है। वे लंबे समय से बंगाल में भाजपा के सबसे आक्रामक नेताओं में गिने जाते रहे हैं। उनकी राजनीतिक शैली सीधे जनसंपर्क और तीखे राजनीतिक हमलों के लिए जानी जाती है। ग्रामीण बंगाल में उनका प्रभाव विशेष रूप से मजबूत माना जाता है। भाजपा को यह एहसास था कि बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से जटिल राज्य में ऐसे नेता की आवश्यकता होगी जो संगठन और जनता दोनों के बीच समान रूप से प्रभावशाली हो।अधिकारी इस कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरे।दूसरा महत्वपूर्ण कारण उनका राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक समझ है। तृणमूल कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने लंबे समय तक संगठन और सरकार दोनों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। उन्हें बंगाल की प्रशासनिक संरचना,स्थानीय सत्ता समीकरण और क्षेत्रीय सामाजिक संरचना की गहरी समझ है। भाजपा के लिए यह अनुभव अत्यंत उपयोगी माना गया क्योंकि सत्ता परिवर्तन के बाद सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखने की होगी।

## इश्क का ऑडिट

विक्रम टेंट के कोने में अपने लैपटॉप की रोशनी में किसी मुजरिम की तरह दुबका बैठा था। अनन्या ने हाथ में मशाल जैसी टॉर्च लेकर प्रवेश किया, जैसे वह किसी गुफा की खोज करने निकली हो। विक्रम, हम यहाँ ऋषिकेश के पहाड़ों में 'सोल-सर्चिंग' करने आए थे या तुम्हारे ऑफिस का पेंडिंग काम निपटाने? अनन्या ने टॉर्च की रोशनी सीधे उसके चेहरे पर मारते हुए पूछा।

विक्रम ने आँखें मिचमिचाते हुए कहा, अनन्या, सोल-सर्चिंग के लिए भी वाई-फाई की जरूरत होती है। और वैसे भी, हमारा यह 'लिव-इन' का ट्रायल पीरियड है। मैं बस इस रिश्ते का 'रिस्क असेसमेंट' कर रहा हूँ।

रिस्क असेसमेंट? अनन्या खिलखिलाकर हंसी। मगरमच्छों से भरी गंगा के किनारे टेंट लगाकर बैठे हैं, और तुम्हें रिस्क मेरे करीब आने मेंलग रहा है?

देखो, विक्रम ने गंभीर होकर चश्मा ठीक किया, शादी एक फुल-टाइम कॉन्ट्रैक्ट है, जिसमें एग्जिट क्लॉज बहुत महंगा पड़ता है। हमने लिव-इन इसलिए चुना था ताकि हम 'फ्री' रह सकें। पर मुझे लग रहा है कि इस आजादी में 'सर्विस चार्ज' बहुत ज्यादा है। कल तुमने मेरी पसंदीदा फाइल पर गीली तौलिया रख दी-यह सीधा-सीधा डोमेस्टिक एग्रीमेंट का उल्लंघन है।

अनन्या उसके करीब आई, उसकी सांसों में पहाड़ की ठंडी हवा और एडवेंचर का नशा था। उसने विक्रम का लैपटॉप धीरे से बंद कर दिया। विक्रम, तुम्हारी समस्या यह है कि तुम मोहब्बत को भी 'एक्सेल शीट' पर जीना चाहते हो। प्यार कोई केस नहीं है जिसे तुम जीत सको, यह तो वो ढलान है जहाँ से फिसलने में ही मजा है। उसने विक्रम का हाथ पकड़ा। विक्रम को ऐसा लगा जैसे उसे 440 वोल्ट का करंट लगा हो, जो किसी कानूनी धारा से बड़ा था। पर अनन्या, अगर हम सफल नहीं हुए तो? अगर तीन महीने बाद हमें लगा कि हमारे 'वाइब्स' मैच नहीं कर रहे?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 मई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:52 सूर्यास्त 18:55
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - नवमी 15:25 उपरांत दसमी
नक्षत्र - शतभिषा 25:28 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - ऐन्द्र 25:04 उपरांत वैधृति
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 23 तारिख

**मेष-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृषभ-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**मिथुन-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

**कर्क-** कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**कन्या-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी।

**तुला-** नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

**वृश्चिक-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु-** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यय होगा।

**मकर-** घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**कुंभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधन प्राप्त होंगे।

**मीन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी।

व्यंग्य

## झूठों का बोलबाला

झूठ बोलो, जोर से बोलो, बार बार बोलो और जब तक बोलो, जब तक दंभी अतीतजीवी झूठों के अलावा भोले भाले झूठें भी उसको सच ना मान ले। झूठ के झंडाबरदारो के प्रेरणा पुंज का यह वाक्य हर झूठे को उसके झूठपन की शैशवावस्था में ही झुमकें की तरह उसके चेतन, अचेतन और अवचेतन मन के कानों में लटका दिया जाता है ताकि कोई लाख सच बोलें लेकिन उनको झूठ ही सुनाई दे। झूठ की स्वीकारिता इस बात पर निर्भर करती है कि झूठ किसने कहा है। झूठ उसी का सरवाइव करता है जिसकी छवि सच्चे की हो वरना झूठ झुक झुक कर कोर्निश बजाते बजाते स्वयं झक्की हो जाता है और झूठ कहने वाला प्रहसन के संसार का सबसे बड़ा झकास।



कमलेश कंवल (दैनिक अवन्तिका)

चिटियों की जब मौत आती है तो उसके पंख निकलने लगते है लेकिन झूठ के जब पंख लग जाते है तो उसकी आयु और फैलने की गति दोनों बढ़ जाती है बशर्ते ये पंख सत्ता और मिडिया रूपी होने चाहिए। एक बार ये दोनों पंख झूठ को मिल भर जाए फिर ससुरे झूठ की उड़ान देखो। फिर तो ट्रैन में चाय बेच कर बचपन बिताने का झूठ भी चल जाता है भले ही उस स्टेशन पर कोई सवारी गाड़ी ही नहीं रुकती हो। उसका अपना बचपन का सूट बूट का फोटो, युवा अवस्था के विदेश भ्रमण के फोटो , युवा अवस्था में डिजिटल कैमरे का स्वामी होना और इलेक्ट्रॉनिक मैल के अविष्कार के पहले ही बंदे के मैल करने के दावे चीख चीख कर उसके झूठ की कलई खोलते हो लेकिन मजाल है कि सत्ता और मिडिया जनता जनार्दन के कान पर जूं भी रेंगने दे।वो झूठ परोसने का बेताज बादशाह दुसरे लोगों के कथनों को उल्टा सीधा जोड़कर भी बाजार में चला दे तो लोग उसके झूठ को सिर आंखो पर बिठा कर सच मान लेते है । है ना मजे की बात। ऐसे झूठ बोलने में प्रवीण वीरों से यह भय तो हमेशा बना रहता है कि किसी दिन वो ये न कह दे कि रानी लक्ष्मीबाई की पीठ पर बंधा हुआ दामोदर पिछले जन्म में मैं ही तो था।

झूठ तभी सच बन सकता है, जब झूठे को खुद को ये विश्वास हो कि वो सच बोल रहा है और झूठ पकड़े जाने पर निर्विकार भाव से वो दुसरे नए झूठ को गढ़ने में तन मन और शासकीय धन से लग जाता है। सच्चे झूठे की यही सच्ची पहचान होती है। ऐसे लोग झूठ को ही अपनी अतृप्त कामनाओं को पुरा करने का मार्ग मानते है। उनके लिए गप्प और झूठ में सैद्धांतिक रूप से कोई बहुत अधिक अंतर नहीं होता है। उनका विश्वास है कि गप्प जब पूरे विश्वास से मारी जाए तो उसको झूठ बनने में ज्यादा समय नहीं लगता है। बस गप्प मारने में गांभीर्य होना चाहिए। गप्पी को उस लतीफेबाज की तरह नहीं होना चाहिए जो चुटुक ला सुनाने से पूर्व ही स्वयं हंसी में फट पड़े। झूठा उर्फ गप्पू कभी भी कह सकता है कि मेरी शादी तो प्रियंका से होने वाली थी या दीपिका हो या सलमान कोई भी फिल्म तब तक साइन नहीं करते है जब तक वो स्क्रिप्ट को फाइनल नहीं कर दे या मोदीजी या भागवत जी सभी उसकी रणनीति के अनुसार ही कार्य करते है या यह कि उसने कांग्रेस और भाजपा में भीतरखानें यह सहमति करवा दी है कि उनकी यह नूराकुश्ती उनतीस तक चलती रहेगी और फिर भाजपा कांग्रेस को सत्ता सौंप देगी जब तक तो युवराज की ट्रेनिंग भी पूरी हो चुकी होगी।

आपको यह सब बड़ा अजीब लग रहा होगा। जी कर रहा होगा कि खुद के बालों को नौंच डाले लेकिन इन झूठों को वो झूठे इतना जी लेते है कि उनके लिए ये झूठ सच बन जाता है। यह झूठ उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचा लेता है। और फिर कहा भी तो गया है कि वो झूठ जो किसकी जिन्दगी बचाले, वो झूठ तो पवित्र झूठ होता है। कोई व्यक्ति यदि सिर्फ इतनी सी बात से ही प्रसन्न है तो कोई भी क्यों उसके झूठ का पदार्फाश करके उसको पीड़ा पहुंचाना और पाप कर के अपने लिए नर्क में अपनी सीट बुक करवाना चाहेगा। जीने दो ससुरे को अपने झूठ के साथ। अपना क्या। यही फॉमूर्ला मिडिया और मैने अपना लिया है। कोई शक।

# नसों में जमे कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकाल फेंकता है यह पीला फल

आपने अक्सर सुना होगा कि बॉडी में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से कई तरह की बीमारियां भी होने लग जाती हैं। ऐसे में ज्यादातर लोगों को यह तो पता होता है कि यह एक हेल्थ इश्यू है लेकिन असल में यह क्या है? इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी होती है। आइए, जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल क्या है और किन फलों को खाने से कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल किया जा सकता है?

### क्या है कोलेस्ट्रॉल ?

कोलेस्ट्रॉल खून में पाया जाने वाला मोम जैसा पदार्थ है। स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण के लिए शरीर को इसकी जरूरत होती है, लेकिन इसकी ज्यादा मात्रा से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कोलेस्ट्रॉल की उच्च मात्रा से रक्त वाहिकाओं में चबीर्दार पदार्थ जमा हो जाते है। जो कई बार बढ़ते जाते हैं और इस कारण हृदय धमनियों से पर्याप्त मात्रा में खून का बहना मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी इस जमा पदार्थ के अचानक टूटने से एक थक्का बन जाता है, जिससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इन फलों से कंट्रोल रहता है कोलेस्ट्रॉल लेवल



### नाशपाती

रोजाना एक नाशपाती खाने से कोलेस्ट्रोल लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है. नाशपाती में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम, आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल आदि तत्व होते हैं।

### स्ट्रॉबेरी

स्ट्रॉबेरी स्वाद में भी काफी अच्छी होती है। आपको डाइट में स्ट्रॉबेरी को भी शामिल करना चाहिए। स्ट्रॉबेरी में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीइंफ्लेमेटरी, फोलेट, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व भरपूर रूप से होते हैं।

### सेब

आपने सुना ही होगा कि रोजाना एक सेब खाने से हम हेल्दी रह सकते हैं। सेब खाने से बुरे कोलेस्ट्रॉल का खतरा बहुत कम हो जाता है। सेब में विटामिन ए, विटामिन सी, पोटेशियम, फाइबर, काबोर्हाइड्रेट्स मौजूद होते हैं।

### अंगूर

अंगूर से भी बुरे कोलेस्ट्रॉल के लेवल को शरीर से घटाया जा सकता है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कॉपर, फोलेट, विटामिन सी, ए, के और बी जैसे पोषक तत्व होते हैं।

### पपीता

पपीता खाने से भी कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल रहता है. पपीते में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें आयरन की मात्रा भी पाई जाती है।

### नीबू

गर्मियों में नीबू का किसी भी रूप में सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है. नींबू में विटामिन ए, विटामिन बी 6, विटामिन सी, विटामिन इ, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, आयरन जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं।

धर्म-आस्था

# युधिष्ठिर ने बताया क्या है संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य



महाभारत की कथा का एक महत्वपूर्ण प्रसंग है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा कि संसार में सबसे बड़े आश्चर्य की बात क्या है? युधिष्ठिर ने उत्तर दिया कि हर रोज हमारी आंखों के सामने न जाने कितने लोग मृत्यु के मुख में समा जाते हैं, फिर भी हममें से बचे हुए लोग यही कामना करते हैं कि हम अमर रहें। यही संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य है। इस संसार में जो आया है उसे एक न एक दिन यहां से जाना ही होगा। फिर भी वे इस प्रकार आचरण करते हैं जैसे उन्हें सदा ही यहां रहना है और मृत्यु उनके लिए नहीं है।

यदि आज के संदर्भ में यही सवाल पूछा जाए कि संसार में सबसे बड़े आश्चर्य की बात क्या है तो एक उत्तर तो यही मिलेगा कि जो लोग अपराधों में लिप्त होते हैं वे अवश्य पकड़े जाते हैं, फिर भी अपराध करने वाले बड़ी चालाकी से अपराध करते हैं और सोचते हैं कि वे नहीं पकड़े जाएंगे। आज समाज में भांति-भांति के अपराधों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। बलात्कार, चोरी, डकैती, अपहरण और हत्या जैसे संगीन अपराधों को भी लोग बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। बात कहकर पलट जाना, वादा करके मुकर जाना, अमानत में खयानत, कमजोर का आर्थिक शोषण, सामाजिक-आर्थिक नियमों की अनदेखी, सरकारी संपत्ति का गबन, पद व स्थिति का दुरुपयोग, टैक्स चोरी, रिश्वत का लेन-देन आदि सामान्य हो गया है। लेन-देन में विवाद होने पर मात्र कुछ रुपयों के लिए किसी की हत्या कर देना, अवैध प्रेम-प्रसंगों के चलते पत्नी या पति की हत्या कर देना या करवा देना, अपने प्रतिद्वंद्वियों अथवा विरोधियों को मरवा डालना आम बात हो गई है। दहेज कानून अत्यंत सख्त होने के बावजूद दहेज के लिए हर साल न जाने कितनी ही युवतियों को जलाकर अथवा गला घोंटकर मार डालने की घटनाएं होती हैं।

पिछले दिनों देश की राजधानी अथवा अन्य बड़े शहरों में हुई चर्चित डकैतियों, अपहरण और हत्याओं पर नजर डालिए। इन सभी मामलों में ज्यादातर अपराधी बड़े शातिर होते हैं। वे चतुराई से इन घटनाओं का ताना-बाना बुनते हैं। लेकिन शायद ही कोई केस हो जिसमें अपराधी पकड़े न गए हों। कुछ वक्त भले लगा हो, मगर प्रायः सभी मामलों में अपराधी देर-सबेर धरे गए। इसके बावजूद अपराधियों की संख्या कम नहीं हो रही। रोज नए-नए अपराधी पैदा हो रहे हैं और अपने कुकृत्यों से अपना ही नहीं, कई अन्य लोगों का भी जीवन नरक बना रहे हैं। दिलचस्प बात है कि इनमें से ज्यादातर लोग यही सोचते हैं कि हमारी बात और है। कोई पकड़ा गया तो अपनी लापरवाही की वजह से। हम ज्यादा चालाक हैं। हम कोई निशान नहीं छोड़ेंगे और पकड़े भी नहीं जाएंगे।

बात सिर्फ बड़े-बड़े अपराधों की नहीं है। जिन्हें छोटा-मोटा अपराध कहते हैं और जो आम तौर पर कानून के दायरे से बाहर रहते हैं, उनकी भी बात हो रही है। किसी दोस्त को धोखा दे देना, किसी पर झूठा इल्जाम लगा देना, किसी के हिस्से का श्रेय खुद ले लेनाङ्ग। ऐसे लोग भी देर-सबेर पकड़े जाते हैं, बदनामी और अन्य रूपों में अपने किए की सजा भी पाते हैं, फिर भी दूसरे तमाम लोग ऐसी हरकतों को अंजाम देते रहते हैं। यह आश्चर्य नहीं तो और क्या है!

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,700 रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,50,500 पाट- 2,50,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**




# थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**सुसनेर।** पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने रविवार को थाना सुसनेर का औचक निरीक्षण कर थाना व्यवस्थाओं, कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी देवनारायण यादव एवं थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, रात्रिकालीन गश्त, अपराध नियंत्रण, रिकॉर्ड संधारण एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, शिकायत पंजी, वारंट तामिली, हिस्ट्रीशीटर मॉनिटरिंग एवं शस्त्रागार का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर की स्वच्छता एवं दस्तावेजों के रखरखाव की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने थाना अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी ड्यूटी संबंधी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता अनुशासन, सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा एवं टीम भावना से मजबूत होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी, रात्रिकालीन गश्त एवं अपराधियों की धरपकड़ को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी में लापरवाही एवं जनता के प्रति असंवेदनशील व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण उपरांत थाना प्रबंधन को आधुनिक, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाने के निर्देश दिए गए।

# देवास में नकल और लापरवाही पर तीन शिक्षक निलंबित

**देवास।** कक्षा 12वीं की रसायनशास्त्र परीक्षा में लापरवाही और नकल के मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने शनिवार को कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर तीन कक्ष पर्यवेक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, तीन सहायक केंद्राध्यक्षों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्र ने जानकारी दी कि शनिवार को हुई परीक्षा के दौरान राधाबाई उमावि देवास के कक्ष क्रमांक-1 में एक छात्र को मोबाइल से नकल करते हुए पकड़ा गया। विकासखंड स्तरीय दल ने मोबाइल जब्त कर पंचनामा बनाया और नकल प्रकरण दर्ज किया। इस मामले में कक्ष पर्यवेक्षक समंदर सिंह एरवाल को निलंबित किया गया। वहीं, केंद्राध्यक्ष मनोहर सोलंकी और सहायक केंद्राध्यक्ष राकेश मुजाल्दा को दो वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस जारी किया गया है। जिला कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के दौरान टोंकखुर्द विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालय और अशासकीय शाला एमिनेन्स परीक्षा केंद्रों पर भी अनियमितताएं सामने आईं। छात्रों को आपस में बातचीत करते और उत्तर पुस्तिकाएं बदलते हुए देखा गया।

# टेकरी मंदिर में श्रद्धालुओं को फुहारों से मिल रही राहत

**देवाास।** देवास जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच टेकरी स्थित बड़ी माता मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। माता के दर्शन के लिए लंबी सीढ़ियां चढ़कर पहुंचने वाले भक्तों को अब ठंडी पानी की फुहारों से राहत मिल रही है। नाथ संप्रदाय पुजारी परिवार ने मंदिर परिसर में एक विशेष फव्वारा और ड्रिप लाइन सिस्टम स्थापित किया है। मंदिर के सामने लगाए गए इस सिस्टम से लगातार पानी की बारीक फुहारें निकल रही हैं, जो दर्शनार्थियों को गर्मी से ठंडक पहुंचा रही हैं। महंत विनय नाथ, महंत विशाल नाथ, महंत कृष्णनाथ और महंत राजेंद्र नाथ ने बताया कि यह व्यवस्था तेज गर्मी को देखते हुए की गई है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाना है। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में यह व्यवस्था उनके लिए काफी राहत और सुकून भरी है।

# बदनावर में तापमान 41 डिग्री पहुंचा, लू से बाजार में सन्नाटा

**बदनावर।** बदनावर नगर और आसपास के अंचल में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तेज धूप और लू के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। रविवार को बदनावर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में लू चलने के कारण बाजार और सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम रही। लेबड़-नयागांव फोरलेन और उज्जैन-बदनावर फोरलेन पर भी बाइक सवारों की संख्या में कमी देखी गई। गर्मी का असर सुबह 11 बजे से बढ़ना शुरू हो गया था, जो दोपहर 3:30 बजे तक जारी रहा। हालांकि, शाम ढलने के बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली और बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई। भीषण गर्मी के चलते शीतल पेय पदार्थों की मांग में भारी वृद्धि हुई है। कोल्डड्रिंक, आम, गन्ने, मौसंबी, पाइनएप्पल जूस और कुल्फी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। इसके साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर पंखे, कूलर, फ्रिज और एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में भी इजाफा हुआ है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कंठाल नदी में चला विशेष सफाई अभियान

### नगर परिषद अध्यक्ष ने खुद जेसीबी चलाकर किया श्रमदान, जल संरक्षण की दिलाई शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद द्वारा रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मेला ग्राउंड स्थित कंठाल नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नदी में फैली गंदगी एवं जलकुंभी को हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने स्वयं जेसीबी मशीन चलाकर सफाई कार्य में भाग लिया और श्रमदान कर आमजन को स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया।




अभियान के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओपी नागर ने नदी क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों के साथ मिलकर श्रमदान भी किया। नदी में वर्षों से फैली जलकुंभी को हटाने के लिए नगर परिषद द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिससे जल प्रवाह सुचारू हो सके और नदी का प्राकृतिक स्वरूप पुनः लौटाया जा सके। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।

### लोगों को जागरूक किया जा रहा है

जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नदियों एवं जल स्त्रोतों में गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, युगल किशोर परमार सहित नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

### कचरा को लेकर विवाद के बाद देर रात हमला

# पेट्रोल बम फेंककर बाइक जलाने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

शहर के नई आबादी क्षेत्र में शनिवार देर रात तीन अज्ञात लोगों ने एक बाइक में आग लगा दी। यह घटना कथित तौर पर कचरा डालने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। आग लगने से बाइक के पास रखा एक ठेला भी जल गया।

आरोप है कि बाइक सवार तीन व्यक्तियों ने पेट्रोल बम फेंककर इस वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी बाइक से आते और जलता हुआ पेट्रोल बम फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं। आग लगने के बाद घर के लोग बाहर आए और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे।

पुलिस के अनुसार, यह विवाद नगर निगम की कचरा गाड़ी पर काम करने वाले कर्मचारियों और नई आबादी निवासी रवि सेनिया के बीच हुआ था। रवि सेनिया ने बताया कि शनिवार सुबह कचरा वाहन की ऊंचाई और कचरा डालने को लेकर उनका कचरा वाहन चलाने वालों से विवाद हुआ था। विवाद के बाद उन्हें धमकी दी गई थी।



रवि सेनिया के मुताबिक, नगर निगम के कुछ लोगों ने उस समय विवाद शांत करवा दिया था, लेकिन आरोपियों ने 'देख लेने' की धमकी दी थी। इसके बाद रात करीब 1:30 बजे जब रवि सेनिया खाना खा रहे थे, तभी तीन बाइक सवार उनके घर के सामने आए और खड़ी बाइक पर पेट्रोल बम फेंक दिया। उनकी खिड़की खुली थी और उन्होंने आग की लपटें देखीं।

मामले में कोतवाली पुलिस ने रवि सेनिया की शिकायत पर दो नामजद और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। रवि ने बताया कि घर के सामने दो बाइक खड़ी थी इसमें एक बाइक पर जल गई गनीमत रही कि पास में खड़ी एक अन्य बाइक बच गई। उसमें आग नहीं लगी।

# टटार का निधन



**जगोटी।** आंजना समाज के सदस्य जीवन सिंह टटार 55 का ह्रदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। रविवार सुबह उनके आवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व समाजजनों ने भाग लेकर शोक श्रद्धांजलि दी। मुखाग्नि पुत्र शंकरलाल व विशाल ने दी।

# श्रीमद् भागवत कथा 19 मई से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

मां बगलामुखी की नगरी में आगामी 19 मई से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं कथा का आयोजन प्रारंभ होने जा रहा है। कथा में श्रीधाम वृंदावन के संत श्री श्री 108 श्री कोकिल पुष्प जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन समिति के अशोक कुमार यशराज खंडेलवाल ने बताया कि ब्रह्मलीन परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 राम जी बाबा कोकिल के पावन सान्निध्य में यह आयोजन 19 मई से 25 मई तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से राधे कृपा तक शिवाजी चौराहा के पास स्थित श्रीजी सदन के सामने आयोजित किया जाएगा।

# मां बगलामुखी मंदिर की पार्किंग व्यवस्था बनी विवादों का केंद्र, श्रद्धालुओं में बढ़ा आक्रोश

### मंदिर परिसर में बस चालक से विवाद, पार्किंग व्यवस्था पर सवाल

### पार्किंग विवादों से बिगड़ रहा मां बगलामुखी मंदिर का माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर परिसर की पार्किंग व्यवस्था लगातार विवादों में बनी हुई है। पार्किंग ठेकेदार एवं कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। शनिवार को पार्किंग कर्मचारी और एक बस चालक के बीच हुए विवाद एवं हाथापाई की घटना के बाद पूरे मामले ने फिर तूल पकड़ लिया। घटना के चलते मंदिर परिसर के बाहर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिससे दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पार्किंग को लेकर बस चालक और कर्मचारी के बीच पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में विवाद में बदल गई। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति संभालने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया। बाद में मामले में आपसी राजीनामे की बात सामने आई।

घटना के बाद श्रद्धालुओं में पार्किंग व्यवस्था को लेकर आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में आए दिन कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। कई बार वाहन चालकों और श्रद्धालुओं से तीखी बहस की स्थिति बन जाती है, जिससे मंदिर का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। श्रद्धालुओं का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा।

कुछ दिन पूर्व भी पार्किंग कर्मचारियों द्वारा एक श्रद्धालु की गाड़ी की चाबी निकालने और विवाद करने का मामला सामने आया था। लगातार हो रही घटनाओं के कारण अब स्थानीय लोगों ने पार्किंग ठेके की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो आने वाले समय में कोई बड़ा विवाद या अप्रिय स्थिति भी निर्मित हो सकती है।

इधर मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा जारी निदेर्शों में स्पष्ट किया गया है कि नलखेड़ा क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, सार्वजनिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों तथा शमशान आदि में जाने वाले वाहनों से किसी प्रकार का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# खुशियों के ओटले को मिला दृष्टि मित्र सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

मानव सेवा और समाज कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले को भोपाल स्थित सेवासदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा आयोजित भव्य समारोह में दृष्टि मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया।

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय के 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग दस जिलों में संचालित आई विजन सेंटरों के प्रतिनिधि, सहयोगी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दृष्टि मित्रों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खुशियों के ओटले संस्था को समाज में नेत्र सेवा एवं मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। संस्था द्वारा ब्यावरा में संचालित आई विजन सेंटर के माध्यम से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों एवं अनेक गांवों में नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच कराई गई तथा जरूरतमंद मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र ऑपरेशन सेवासदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल के माध्यम से कराए गए। संस्था के प्रयासों से अनेक लोगों को पुनः दृष्टि प्राप्त हुई और उनके जीवन में नई रोशनी आई। खुशियों के ओटले संस्था केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता की सेवा के अनेक कार्यों में लगातार सक्रिय रहती है। संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन, कपड़े, किताबें, खिलौने एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही रोजाना लगभग सौ जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण करने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। शहर में विभिन्न आयोजनों एवं कार्यक्रमों में बचा हुआ भोजन एकत्रित कर जरूरतमंदों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य भी संस्था द्वारा किया जाता है*

कार्यक्रम में सेवासदन नेत्र चिकित्सालय से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान सेवा, दान और मानवता को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि निस्वार्थ सेवा ही समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने खुशियों के ओटले संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने सेवा को अपना उद्देश्य बनाकर समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन में आशा और सहायता पहुंचाने का प्रेरणादायी कार्य किया है। दृष्टि मित्र सम्मान संस्था के निरंतर सेवा कार्यों का सम्मान ही नहीं बल्कि आगे और अधिक समाजसेवा करने की प्रेरणा भी है।

# जनगणना 2027 मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण



**आगर-मालवा।** जिले में आगामी जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण और सर्वे कार्य का रविवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सर्वे की गुणवत्ता को परखा और कार्य को संतोषजनक पाया। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा में गंभीरता और सटीकता से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण टीम ने कई क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणकों द्वारा दर्ज की जा रही जानकारी की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि मकानों से संबंधित विवरण, मूलभूत सुविधाएं और आवासीय स्थिति का डेटा सही ढंग से संकलित किया जा रहा है। अधिकारियों ने जनगणना को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया बताते हुए त्रुटिहीन डेटा संकलन पर जोर दिया। निरीक्षण दल में सहायक जिला जनगणना अधिकारी दिनेश कुम्भकार, चार्ज अधिकारी कुशलसिंह डोडवे, जिला मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र गौड़, फील्ड ट्रेनर शरद बंसिया और स्वच्छता निरीक्षक बसंत डुलगज शामिल थे। क्षेत्र में दीपक शर्मा, नगेन्द्र पटेल और हेमन्त शर्मा प्रगणक के रूप में मकान सूचीकरण का कार्य कर रहे थे।

### नेशनल लोक अदालत के अवसर पर

# महिला सुरक्षा शाखा राजगढ़ द्वारा 6 परिवारों को पुनः मिलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ में आयोजित सुनवाई के दौरान आपसी विवाद के चलते पृथक-पृथक रह रहे 6 परिवारों को पुनः मिलाने में सफलता प्राप्त हुई। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे मनमुटाव, गिले-शिकवे एवं पारिवारिक विवादों को समझाइश एवं आपसी सहमति से समाप्त कर पुनः एकजुट किया गया। प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ को पति-पत्नी संबंधी विवादों के निराकरण हेतु खंडपीठ क्रमांक-32 का गठन किया गया था।



पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी के निदेर्शानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के कुशल मार्गदर्शन में गठित समिति में पीठासीन अधिकारी अरविंद सिंह राठौर, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़, महिला थाना प्रभारी कुसुम बास्कले एवं अधिवक्ता अंकित कुमार यादव द्वारा कुल 8 प्रकरणों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान पाया गया कि पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव एवं छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद उत्पन्न होने से परिवार विघटन की स्थिति निर्मित हो गई थी। समिति द्वारा दोनों पक्षों की धैर्यपूर्वक काउंसलिंग एवं समझाइश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप 8 में से 6 परिवार पुनः साथ रहने के लिए राजी हो गए। एक प्रकरण में आवेदक (परिवर्तित नाम) राजू एवं अनावेदिका (परिवर्तित नाम) राधिका विगत 6 माह से अलग रह रहे थे। घरेलू विवाद एवं पति द्वारा शराब सेवन के कारण दोनों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गए थे। नेशनल लोक अदालत की भावना के अनुरूप दोनों पक्षों को समझाइश दी गई, तत्पश्चात दोनों पक्षों को राजीखुशी एक साथ विदा किया गया। लोक अदालत में प्रारंभिक वातावरण तनावपूर्ण था एवं परिवार विघटन की स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही थी, किन्तु समिति द्वारा धैर्यपूर्वक संवाद, समझाइश एवं विश्वास बहाली के प्रयासों से 6 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलत फहमियाँ दूर हुईं।

**कार्यालय : उज्जैन नगर पालिक निगम**

क्रमांक : SBM/2026/५३४ — उज्जैन, दिनांक : 08/05/26

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर पालिक निगम उज्जैन सीमा अंतर्गत 54 वार्डो में घर-घर से गीला सूखा कचरा संग्रहण का कार्य किया जाता है, इस हेतू कचरा संग्रहण वाहनों में दो कम्पार्टमेंट बनाये गए है, जिसमें गीले कचरे के लिए हरा कम्पार्टमेंट, सूखे कचरे के लिए नीला कम्पार्टमेंट एवं घरेलू हानिकारक अपशिष्ट तथा बायो मेडिकल अपशिष्ट हेतू वाहन के पीछे पृथक से दो बॉक्स लगाये गए है। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है की घरों से निकलने वाले गीले, सूखे, घरेलु हानिकारक एवं बायो मेडिकल अपशिष्ट को पृथक-पृथक कर निर्धारित कम्पार्टमेंट/बॉक्स में ही डाले घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करने, निर्माण एवं विध्वंस के मलबे को सड़क / सार्वजनिक स्थलों पर डालने, जल संरचनाओ, नदी, तालाब, नालों, जल-मल निकासी नलिकाएं, वाटर लाइन, ड्रेनेज, सीवर, स्ट्रोम वाटर ड्रेन, चेम्बर्स एवं सड़क, सार्वजनिक/रहवासी/व्यवसायिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा डालने, खुले में शौच अथवा पेशाब करने, दूषित मल-जल बहाने, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पॉलिथीन का क्रय विक्रय, भण्डारण एवं उपयोग करते हुए पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध निम्नानुसार पेनल्टी की कार्यवाही की जाएगी।

| उल्लंघन की श्रेणी | अर्थदण्ड की राशि |
|---|---|
| समस्त रहवासियों, व्यावसायिक सार्वजनिक एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा कचरों के पृथक्कीकरण न कर ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम का उल्लंघन | रहवासी न्यूनतम रु. 50/- से अधिकतम 250/-, व्यावसायिक अधिकतम रु. 5000/- |
| थोक कचरा उत्पादकों (BWG) द्वारा अपने परिसर में ही गीले कचरे का निपटान न कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 एवं ई.पी.ए. एक्ट उल्लंघन | अधिकतम रु. 5000/- |
| रहवासियों, व्यवसायिक और सार्वजनिक स्थानों पर थूकना | 100/- |
| रहवासियों, व्यवसायिक और सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करना | 250/- |
| सार्वजनिक स्थानों पर शौच करना | 500/- |
| अधिसूचित क्षेत्रों से इतर क्षेत्रों में पशु पालन करना या पशु को आवारा छोड़ना | 1000/- |
| सार्वजनिक स्थानों रासायनिक अपशिष्ट डालना | 1000/- |
| सार्वजनिक स्थानों पर हानिकारक द्रव्य बहाना | 1000/- |
| सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार से गंदगी फैलाना | 250/- |
| सार्वजनिक स्थानों, मार्गो, सड़क किनारे में कचरा या किसी भी प्रकार से गंदगी फैलाना/डालना | 250/- |
| निर्माण एवं विध्वंस कार्य से निकले मलबे को सड़क पर डालना | 1000/- |
| निर्माण सीमा क्षेत्र में स्थित तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं में कचरा डालना | 500/- |
| निकाय सीमा क्षेत्र में पॉलिथीन या प्लास्टिक की थैलियों का क्रय/विक्रय एवं भण्डारण किये जाने पर | 1000/- |
| सार्वजनिक स्थानों/जलाशयों में कचरा डालना/जलाना | 250/- |

* परिषद् ठहराव क्रमांक 18 दिनांक 28.03.2018, ठहराव क्रं. 16 दिनांक 16.01.2020 अनुसार

निगमायुक्त
नगर पालिक निगम उज्जैन

## थाने पहुंचे युवक को आया मिर्गी का दौरा

**शाजापुर।** शहर के कोतवाली थाने में उस वक्त अचानक हड़कंप मच गया, जब अपनी चोरी हुई बाइक की शिकायत लेकर पहुंचा एक युवक मुख्य गेट पर ही बेसुध होकर गिर पड़ा। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बिना किसी एंबुलेंस का इंतजार किए तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत ऑटो से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोमा गांव का रहने वाला सुनील अपनी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने शाजापुर कोतवाली थाने आया था। जैसे ही वह थाने के मुख्य द्वार तक पहुंचा, उसे अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा और वह जमीन पर गिर गया। युवक को इस हालत में देख पुलिसकर्मी उसे फौरन अस्पताल ले गए, जिससे उसे समय पर प्राथमिक उपचार मिल सका। बताया जा रहा है कि सुनील की बाइक दो दिन पहले धोबी चौराहे स्थित बालाजी होटल के पास से चोरी हो गई थी। उसने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो वह रविवार को हताश होकर थाने पहुंचा था।

## समाज उत्थान के लिए करेंगी कार्य

**शुजालपुर।** विजयवर्गीय समाज महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष पिंकी पवन विजयवर्गीय की अध्यक्षता में उनके निवास पर संपन्न हुआ। बैठक में कार्यों के सुचारू संचालन के लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। मार्गदर्शक मंडल में लीला जुगल किशोर विजयवर्गीय, शकुंतला विष्णु प्रसाद विजयवर्गीय, संतोष सत्यनारायण विजयवर्गीय, ब्रजलता शिवनारायण विजयवर्गीय ,चंदा जगदीश विजयवर्गीय, प्रतिभा कृष्णकुमार विजयवर्गीय,ममता योगेश विजयवर्गीय, रेखा रमेशचंद्र विजयवर्गीय कालापीपल, रेखा राधेश्याम विजयवर्गीय पोलायकला, मंजू आनंद विजयवर्गीय, शारदा राधेश्याम विजयवर्गीय, सीमा सत्यनारायण विजयवर्गीय,अनुसूया राजेंद्र विजयवर्गीय एवं कुसुम विनोद विजयवर्गीय को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी में शिखा दीपक विजयवर्गीय एवं सोनिका प्रियंक विजयवर्गीय को उपाध्यक्ष, रितु मनोज विजयवर्गीय को सचिव, कोमल अनिल विजयवर्गीय को सहसचिव तथा लता बृजेंद्र विजयवर्गीय को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं रितु नवनीत विजयवर्गीय, श्वेता आनंद विजयवर्गीय एवं अदिति प्रफुल्ल विजयवर्गीय को क्रीड़ा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

**शुजालपुर।** धनगर युवा महासभा के तत्वावधान में पुण्य लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी समापन वर्ष के उपलक्ष्य में जटाशंकर मंदिर परिसर में धनगर समाज की वृहद जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अपने सुझाव रखे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती 31 मई को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसके साथ ही समाज के सक्रिय सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपकर आयोजन की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में समाज में नशा मुक्ति अभियान चलाने एवं युवाओं को सामाजिक जागरूकता से जोड़ने का भी संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से हरिसिंह धनगर, महेन्द्र सिंह धनगर, कुमेर सिंह धनगर, धनसिंह धनगर, हुकुम सिंह धनगर खेजड़िया, रामसिंह धनगर, मानसिंह धनगर, पवन पार्षद, हुकुम सिंह, राजकुमार, हेमंत कुमार, मोहनलाल धनगर, दीपसिंह धनगर, सतीश धनगर एवं सवाई सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## धार में वन विभाग की कार्यवाही

**धार।** वन मंडल धार द्वारा जिले में लकड़ी तस्करों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध बबूल की लकड़ी से भरा वाहन जब्त किया है। वन मंडल अधिकारी श्री विजयानंथम टी.आर. के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी धार श्री सचिन सैयदे द्वारा विशेष गश्ती एवं चेकिंग दल का गठन किया गया था। टीम ने उमरिया से सोनारखेडी मार्ग पर घेराबंदी कर वाहन क्रमांक एमपी 09 GE 6808 को रुकवाया। तलाशी लेने पर वाहन में लगभग 20 क्विंटल बबूल की लकड़ी भरी पाई गई। वाहन चालक लोकेश पिता भंवरसिंह, निवासी हाप्सखेडी, से लकड़ी के परिवहन एवं कटाई के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, जिन्हें प्रस्तुत करने में वह असमर्थ रहा। वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर कार्यवाही करते हुए वाहन को लकड़ी सहित जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय धार पहुंचाया। जब्त की गई लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य 12,000/- रुपये आंका गया है। विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में वन रक्षक श्री लक्ष्मण भवेल, श्री नर्गेश चौहान और श्री महेन्द्रसिंह डोमरे की सराहनीय भूमिका रही। विभागीय सक्रियता के चलते वन संपदा का अवैध दोहन करने वाले तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगा है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ब्राइटर माइंड्स कोर्स का आगाज

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना ही नहीं, बल्कि समाज के नौनिहालों का भविष्य संवारना भी है। इसी सकारात्मक सोच को चरितार्थ करते हुए शाजापुर पुलिस ने रविवार 10 मई को एक अनूठी पहल की शुरुआत की। बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास को नई उड़ान देने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में ब्राइटर माइंड्स कोर्स 2026 के प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह ने किया। पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग हॉल परिसर के मीटिंग हॉल में शुरू हुए इस कोर्स के पहले दिन लगभग 50 बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान पुलिस विभाग द्वारा बच्चों का निशुल्क पंजीयन भी किया गया।

**खेल-खेल में सीखेंगे एकाग्रता और जीवन के गुर-** इस कोर्स को विशेष रूप से इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बच्चे बिना किसी मानसिक दबाव के, खेल-खेल में अपनी क्षमताओं को निखार सकें। कोर्स के दौरान बच्चों को कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां करवाई जाएंगी।

इनमें प्रमुख रूप से ब्लाइंड फोल्ड एक्टिविटी, सक्सेस की, आई एक्सरसाइज, ब्रेन एक्सरसाइज और ब्रीदिंग एक्सरसाइज शामिल हैं। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन और सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए फन वीडियो, डांस, डेमो वीडियो और आइडेंटिफिकेशन डेमो स्टेप जैसी नवीन तकनीकों का भी उपयोग किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर बच्चों में कुछ नया सीखने को लेकर भारी उत्साह और विशेष जिज्ञासा देखने को मिली। पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे इस नवाचारपूर्ण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना है। इस पूरे ब्राइटर माइंड्स कोर्स में बच्चों को प्रशिक्षित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ट्रेनर सूबेदार दीपिका डावर, महिला प्रधान आरक्षक राधिका सक्सेना और महिला आरक्षक साक्षी शुक्ला संभालेंगी, जिनका इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहेगा।

# दो सड़क हादसों में चार लोग घायल, 1 की मौत

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गर्मियों की छुट्टियां मनाने जा रहे एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ही घटनाओं में आरोपी चालक टक्कर मारने के बाद अपने वाहनों सहित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहला हादसा उकावता पुलिस चौकी क्षेत्र में गिरी पेट्रोल पंप के समीप रविवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच घटित हुआ। इंदौर से गुना की ओर जा रही एक कार को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार पूरी तरह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी खंती में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार पंकज शर्मा, उनकी पत्नी भारती शर्मा और दो बच्चे पार्थ व मानवी शर्मा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह परिवार इंदौर से अपनी गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए गुना जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सारंगपुर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। वहीं, दूसरी दुर्घटना लालघाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय के सामने हुई। यहां एक तेज गति वाले अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर लगने से बुजुर्ग को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त शाजापुर निवासी पुरुषोत्तम खत्री के रूप में की है, जो न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। परिजनों के मुताबिक, खत्री रविवार सुबह किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन उनके गंतव्य की जानकारी परिवार को नहीं थी।

## बच्चों संग मनाया मदर्स डे

**शुजालपुर।** नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर रविवार को विभिन्न विशेष अवसरों के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर मदर्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड एवं संदेश प्रस्तुत करने से हुई। बच्चों ने तू इतनी अच्छी है, तू इतनी भोली है ओ मां.. गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शाजापुर के समाजसेवी स्व. प्रो. निर्मलजीत सिंह मग्गो की स्मृति में उनके सुपुत्र गुरमीत सिंह मग्गो द्वारा नि:शुल्क कोचिंग के बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए शुद्ध एवं पौष्टिक खरबूजे का पना वितरित किया गया। वहीं अलीराजपुर की युवा समाजसेवी सुरभि सपन जैन एवं नागपुर की सुनिधि श्रेयांश जैन की प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई।

## गुना डाक संभाग के दो दिवसीय विशेष आधार शिविर का हुआ समापन

**गुना।** गुना डाक संभाग द्वारा गुना एवं अशोकनगर जिले के 12 आधार केंद्रों सहित जिला न्यायालय गुना एवं केमिस्ट भवन गुना में दो दिवसीय आधार महा शिविर आयोजित किया था,इन शिवरों का गुना एवं अशोकनगर की जनता ने बढ़ चढ़ कर लाभ उठाया, अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि डाक सेवा जन सेवा के मूल मंत्र को समर्पित इन शिवरों में आम जनता से लेकर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र सहित जिला न्यायालय के न्यायाधीश गण, एडवोकेट्स, केमिस्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न जैन, सचिव राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी ने भी लाभ उठाया।

इन शिवरों में आधार के कार्य के साथ साथ डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं एवं लोकप्रिय डाक जीवन बीमा से भी आम जनता को परिचित कराया गया। भारतीय डाक विभाग केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वचनबद्ध की उद्देश पूर्ति हेतु ये शिविर आयोजित किए गए। इन सभी शिवरों में आधार इनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य कर गुना डाक संभाग ने सेवा की नई मिशाल पेश की हैं। अधीक्षक डाकघर गुना श्री चतुर्वेदी ने गुना की समाज सेवी संस्थाओं से अपील की हैं कि यदि उन्हें उनकी संस्था में आम जनता के हितार्थ हेतु आधार शिविर आयोजित करना हो तो वह अधीक्षक डाकघर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। गुना एवं अशोकनगर में प्रतिदिन सुबह 8 से शाम 6 बजे तक आम दिनों में भी आधार का काम चालू रहेगा।

# गेहूं तुलाई के लिए ट्रेक्टर लगाने पर हुआ विवाद

**शुजालपुर।** सिटी थाना क्षेत्र में चौकीनसीराबाद मार्ग पर स्थित लविश वेयर हाउस पर रविवार की दोपहर को गेहूं तुलाई के लिए ट्रेक्टर लाईन में लगाने की बात को लेकर दो गांवों के किसानों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और वेयर हाउस के बाहर जमकर लकड़ी डंडे चले। इस विवाद में दोनों पक्षों के लगभग 12 लोगों को चोटे आई, जिसमें से कुछ को गंभीर चोटे होने से रेफर किया गया। रविवार की शाम 7.30 बजे तक एक पक्ष की और से मामला दर्ज हुआ, वहीं दूसरे पक्ष के संबंध में जानकारी के लिए पुलिस निजी अस्पताल में पहुंची। बताया जाता है कि रविवार दोपहर लगभग 3.30 बजे ग्राम मंडावर निवासी शेर सिंह पिता कैलाशनारायण परमार लविश वेयर हाउस पर गेहूं तुलाने के लिए ट्रेक्टर-ट्राली लेकर पहुंचे, फरियादी शेर सिंह ने पुलिस को बताया कि पंजीयन पर गेहूं तुलाने के लिए मेरा नम्बर आया तो ओमपुरी निवासी अख्त्यारपुर ने उसका ट्रेक्टर मेरे ट्रेक्टर के आगे लगा दिया और कहा कि गेहूं तुलाने में मेरा नम्बर है, पुलिस के अनुसार इसी बात को लेकर विवाद हो गया और दोनों पक्षों की और से लकड़ी डंडे निकल गए। पुलिस थाना सिटी में शेर सिंह परमार की शिकायत पर 6 लोगों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज हुआ, इस पक्ष के पांच लोग घायल हुए। उधर अख्त्यारपुर निवासी किसान की और से शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। बताया जाता है कि इस पक्ष के 7 लोग घायल हुए है, जिसमें से कुछ को रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों के चोटिल होने की सूचना पर अस्पताल पहुंचकर जानकारी जुटाई जा रही है।

## कुएं में ड्रिलिंग कर रही बोरवेल मशीन में लगी भीषण आग, जलकर हुई खाक



**शाजापुर।** गर्मी के मौसम में गहराते जल संकट के बीच कुओं का जलस्तर बढ़ाने के प्रयास में जुटे किसान और मशीन चालक को एक बड़े हादसे का सामना करना पड़ा।ेत्र में एक कुएं में आड़ा होल करने (क्षैतिज ड्रिलिंग) के लिए लगाई गई बोरवेल मशीन भीषण आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस घटना ने एक बार फिर मोहन बड़ोदिया जनपद मुख्यालय पर दमकल वाहन न होने की बड़ी खामी को उजागर कर दिया, जिससे समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मिली जानकारी के अनुसार, करजू क्षेत्र में नया अकोदिया के पास स्थित जंगल में एक गांव के किसान के कुएं में पानी की भारी कमी हो गई थी। जलस्तर बढ़ाने के लिए कुएं के अंदर आड़ा होल लगाने वाली बोरवेल मशीन से काम चल रहा था। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी किसानों ने बताया कि मशीन अत्यधिक गर्म हो गई। इसी दौरान मशीन के अंदर शॉर्ट सर्किट हुआ और अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी मशीन धू-धू कर जलने लगी। इस हादसे ने स्थानीय प्रशासन की आपातकालीन व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि यदि मोहन बड़ोदिया जनपद मुख्यालय पर दमकल (फायर ब्रिगेड) की सुविधा होती, तो आग पर बहुत जल्दी काबू पाया जा सकता था और लाखों रुपये की मशीन को खाक होने से बचाया जा सकता था। स्थानीय स्तर पर दमकल उपलब्ध न होने के कारण बड़ागांव से फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा। जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक मशीन का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। बाद में दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर पूरी तरह काबू पाया।

## गंदे पानी के टैंक में गिरे नंदी की गौरक्षा सेना ने रेस्क्यू कर बचाई जान



**शाजापुर।** बेजुबान जानवरों की रक्षा के लिए शहर के युवा लगातार अदम्य साहस और सेवाभाव की मिसाल पेश कर रहे हैं। शहर में गौरक्षा सेना के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए गंदे और बदबूदार पानी के गहरे टैंक में गिरे एक नंदी का सफल रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार प्रात: करीब 8 बजे गौरक्षा सेना बरवाल टीम को सूचना मिली थी कि कौटिल्य स्कूल के पीछे और विनायक कोल्ड स्टोर के पास बने एक पानी के टैंक में नंदी गिर गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना के सदस्य बिना समय गंवाए तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि टैंक में काफी गंदा और बदबूदार पानी भरा हुआ था, जिसमें नंदी बुरी तरह फंसे हुए थे और बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद गौरक्षा सेना के सदस्यों ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने तुरंत रस्सियों का इंतजाम किया और भारी मशक्कत के बाद सुरक्षित तरीके से नंदी को टैंक से बाहर निकाल लिया। नंदी की जान बचाने वाले इस रेस्क्यू अभियान में गौरक्षा सेना बरवाल टीम के अर्जुन राजपूत, राजपाल राजपूत, कुलदीप, विशाल, युवराज और बबलू सहित टीम के अन्य सदस्यों की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# अडाणी समूह की सीमेंट फैक्ट्री का मुख्यमंत्री सिंधिया और अदाणी ने किया शिलान्यास

**गुना।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्राथमिकता देते हुए किसानों, महिलाओं और गरीबों, सभी वर्गों के कल्याण के लिए सक्रिय है। पर्यटन और पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करेगा। गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अडाणी समूह की ओर से 32 हैक्टेयर भूमि पर इस इकाई की स्थापना के फलस्वरूप चार मिलीयन टन उत्पादन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गुना जिले में अंम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास के साथ ही औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन विकास कार्यों से गुना जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रदेश का ग्वालियर और चंबल अंचल कभी डकैतों की गोलियों से गूंजता था, अब यहां विकास का परचम लहरा रहा है। अब यहां दस्युओं के स्थान पर प्रगति पहचान का माध्यम बनी है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। सरकार जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गुना अंचल के लिए आज होली और दीपावली के त्योहारों की तरह उल्लास का वातावरण है। इस क्षेत्र में सिंचाई, पानी, बिजली के साथ सभी नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।

**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की 3 महत्वपूर्ण घोषणाएं**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र के विकास के लिए सिंधिया परिवार द्वारा पहल की गई थी। अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर विकास को गति दे रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा दिए गए सुझावों को मानते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें गुनिया नदी के पुनर्जीवन के लिए 80 करोड़ 22 लाख राशि का प्रस्ताव भारत सरकार की जल शक्ति योजना में भेजने, लक्ष्मण कोपरा से राम नगर टकोदिया तक पहुंच को आसान बनाने के लिए पार्वती नदी पर 42 करोड़ रुपए की लागत से ब्रिज के निर्माण और गुना शहर के भुजारिया तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा शामिल है।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री डा यादव परिश्रम और निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। गुना के विकास के लिए नई दीप माला प्रज्ज्वलित हो रही है। श्री सिंधिया ने कहा कि गुना क्षेत्र में सीमेंट इकाई की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है। यह कार्य बहुप्रतिक्षित था। उन्होंने लगभग सौ वर्ष पूर्व सिंधिया परिवार द्वारा इस क्षेत्र में किए गए औद्योगीकरण के प्रयासों का उल्लेख भी किया। श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे गुना के युवाओं को अन्य प्रांतों में रोजगार तलाशने नहीं जाना प?ेगा। बहनों को भी लखपति दीदी बनाकर समृद्धि का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कोटा-बीना लाइन के दोहरीकरण, तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की पहल, जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन, सिंचाई योजनाओं के क्रियान्वयन, गुना से देवास राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ा बनाने के लिए 5 हजार करोड़ के व्यय,गुना के लिए 15 किलोमीटर लंबाई के बायपास जैसे कार्य आमजन को सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

**कार्यालय : उज्जैन नगर पालिक निगम**

क्रमांक : SBM/2026/५३७ — उज्जैन, दिनांक : 08/05/2026

**सार्वजनिक सूचना**

उज्जैन नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित समस्त निर्माण एजेंसियों, ठेकेदारों, भवन निर्माताओं एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (Construction & Demolition Waste - C&D Waste) का वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पुन: उपयोग सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

निर्माण कार्यों के उपरांत बची हुई सामग्री तथा विध्वंस (Demolition) से प्राप्त सामग्री जैसे – मलबा, ईंट, कंक्रीट, मिट्टी, पत्थर, टाइल्स आदि को खुले में फेंकना, नालियों/सार्वजनिक स्थलों पर डालना अथवा अवैज्ञानिक रूप से निस्तारित करना प्रतिबंधित रहेगा।

अत: निर्देशित किया जाता है कि समस्त संबंधित ठेकेदार/एजेंसियाँ उक्त सामग्री का अधिकतम पुन: उपयोग निम्न कार्यों में सुनिश्चित करें -

1. निम्न स्तर क्षेत्रों में भराव (Filling) कार्य।
2. सड़क/मार्ग के सब-बेस अथवा लेवलिंग कार्य।
3. गड्ढों की भराई एवं भूमि समतलीकरण।
4. पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का पृथक्करण एवं पुन: उपयोग।
5. अन्य स्वीकृत सार्वजनिक निर्माण कार्यों में उपयोग।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण स्वच्छता मानकों एवं नियमों के अनुरूप किया जाए। नगर निगम द्वारा एम आर -5 रोड पर निर्माण एवं विध्वंस प्रसंस्करण ईकाई स्थापित की गई है। मलबे के संग्रहण हेतु कार्तिक मेला ग्राउंड एवं एम.आर.5 रोड पर सी. एंड डी. संग्रहण केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अपने निर्माण अपशिष्ट को निगम के झोन कार्यालयों पर निर्धारित शुल्क (यूजर चार्ज) प्रति डम्पर प्रति ट्रीप (10 क्यूबिक मी.) राशि रुपये 1674/- एवं (5 क्यूबिक मी.) राशि रुपये 837/- जमा कराया जाकर मलबा उठवाया जा सकता है। सार्वजनिक स्थल पर इस तरह का मलबा फैलाना प्रतिबंधित किया गया है, उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी।

***यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।***

उपायुक्त (SBM)
नगर पालिक निगम उज्जैन

## श्री रविशंकर के जन्म दिवस पर होंगे सेवा कार्य और भजन संध्या

**मंदसौर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 13 मई, बुधवार को शहर में विविध आध्यात्मिक और सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया जाएगा। नंदा नगर स्थित आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर और अभिनंदन कॉलोनी स्थित सोहम मेडिटेशन सेंटर पर सुबह साधकों के लिए सुदर्शन क्रिया और विशेष गुरु पूजा आयोजित होगी। जन्मदिन के उत्सव को सेवा से जोड़ते हुए कई प्रकल्प भी चलाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सायं 8 बजे से नंदा नगर सेंटर पर प्रसिद्ध गायक आशीष मराठा भजनों की प्रस्तुति देंगे, वहीं सीता हॉल राम टेकरी पर सायं 7.30 बजे से भव्य भजन संध्या होगी। वरिष्ठ शिक्षक खुमान सिंह चुंडावत सहित अन्य साधकों ने नगरवासियों से इन आयोजनों में शामिल होकर गुरुदेव के जन्मोत्सव का आनंद लेने की अपील की है।

## एडीएम डॉ.श्रीवास्तव ने किया हकीमी वेयर हाउस का निरीक्षण

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निदेर्शानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । आज एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने एसडीएम आर्ची हरित के साथ हकीमी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल कांटों का सत्यापन किया गया तथा किसानो से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## एडीएम डॉ.श्रीवास्तव ने किया जनगणना के कार्यों का निरीक्षण

**रतलाम।** जनगणना कार्य निदेशालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किए जाने हेतु अधिकारियों द्वारा जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव एवं एसडीएम आर्ची हरित ने ग्राम बंजली में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं नागरिकों को जनगणना के लिए प्रगणको को सही-सही जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

## नेशनल लोक अदालत में करदाताओं को राहत

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य शासन के निदेर्शानुसार आयोजित एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के संपत्तिकर एवं जलकर बकायादारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नागरिकों ने अपनी बकाया राशि जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) में दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त किया।नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर एवं फायर ब्रिगेड भवन स्थित नगर निगम कार्यालय में किया गया। लोक अदालत में बड़ी संख्या में पहुंचे करदाताओं ने लंबित संपत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा कर अपने प्रकरणों का निराकरण कराया।

## भील समाज ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

**रतलाम।** सांवलिया मंडी में भील समाज द्वारा पांच कुंडीय गायत्री हवन यज्ञ, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामदेवजी प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। आचार्य पातीराम शर्मा, ईश्वर प्रसाद शर्मा, दामोदर राव एवं कृष्ण वल्लभ ने हवन सम्पन्न कराया। यज्ञ गांव की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए किया गया। आदिवासी एकता परिषद, अखिल भारतीय भील समाज, जय आदिवासी युवा शक्ति, आदिवासी छात्र संगठन, वीर एकलव्य आदिवासी सामाजिक सेवा संस्था, महाराणा पूजा भील जन कल्याण संगठन एवं बिरसा मुंडा समिति चिल्लर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया।

# रेडक्रॉस के नवीन कार्यालय, एम्बुलेंस एवं हेल्पलाइन का शुभारंभ

### समाजसेवा में दानदाताओं की सहभागिता बनी प्रेरणा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला रतलाम द्वारा गुलाब चक्कर स्थित नवीन भवन में नवीन कार्यालय, आधुनिक एम्बुलेंस एवं हेल्पलाइन सेवा का शुभारंभ सेवा, सहयोग एवं सामाजिक समर्पण के प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता एवं रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के चित्र पर माल्यार्पण एवं रेडक्रॉस मंत्र वाचन के साथ हुई। मंत्र वाचन राजेश राका द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी थे। अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष मनीष शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं दानदाता विकास सरदारमल छाजेड़, जयंतीलाल डांगी एवं हीरालाल डांगी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से यह सेवा प्रकल्प समाज को समर्पित हो सका।

स्वागत उद्बोधन में रेडक्रॉस चेयरमैन प्रितेश गादिया ने कहा कि रेडक्रॉस की हर सेवा के पीछे समाज के दानदाताओं का विश्वास, संवेदनशीलता और सहयोग सबसे बड़ी शक्ति है। प्रितेश गादिया ने दो नई घोषणाएं करते हुए बताया कि सरकारी एवं निजी अस्पतालों में दवाई संग्रहण केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे तथा रेडक्रॉस सेवा संकुल का निर्माण कर युवाओं एवं बच्चों को सेवा संस्कारों से जोड़ा जाएगा।

मुख्य अतिथि हिम्मत कोठारी ने कहा कि सेवा और दान भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। नगर निगम अध्यक्ष मनीष शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस आज समाज के लिए विश्वास का केंद्र बन चुका है और दानदाताओं की सकारात्मक भागीदारी से संस्था निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

दानदाता विकास छाजेड़ एवं जयंतीलाल डांगी ने अपने उद्बोधन में पूर्व रेडक्रॉस अध्यक्ष स्व. महेंद्र गादिया को याद करते हुए उनकी सेवाओं को नमन किया तथा समाज के सक्षम लोगों से सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में नेत्रदान एवं सामाजिक सहयोग करने वाले हार्दिक मेहता, अक्षय संघवी, राजेश माहेश्वरी एवं कुसुम मूणत का सम्मान किया गया।

अतिथियों का स्वागत रेडक्रॉस के चेयरमैन प्रितेश गादिया,वाइस चेयरमैन सुशील मूणत, कोषाध्यक्ष संजय लूनिया, संचालक मंडल सदस्य अशोक जैन लाला ,हेमंत मूणत, सुनील पारीख दिनेश बरमेचा,राजेश राका, डॉ सुलोचना शर्मा ,सचिव मानस पुरोहित द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, जूनियर रेडक्रॉस के सुभाष कुमावत, जय तलेरा, अनिल झालानी, बबीता श्रीवास्तव सहित नेत्रम संस्था, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, जैन सोशल ग्रुप, सेवा भारती, दोस्ती फाउंडेशन, सनातन सोशल ग्रुप, सिंधी समाज, माहेश्वरी समाज एवं सकल जैन श्रीसंघ के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवीन कार्यालय, एम्बुलेंस एवं हेल्पलाइन उपकरणों का उद्घाटन अतिथियों, संचालक मंडल एवं दानदाताओं द्वारा भारतीय परंपरा अनुसार कुमकुम-अक्षत लगाकर एवं फीता खोलकर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन देहदान प्रेरक प्रो. मनोहर जैन ने किया। अंत में डॉ. सुलोचना शर्मा द्वारा राष्ट्रगान एवं सचिव मानस पुरोहित द्वारा आभार प्रदर्शन किया

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 111वें दिन जूटे सैकड़ों हाथ, श्रमदान कर निकाला 4 ट्राली कचरा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



पवित्र शिवना नदी को स्वच्छ बनाने का संकल्प अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। शुद्धिकरण अभियान के 111वें दिन रविवार को निम्बोद सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उत्साह के साथ श्रमदान किया। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान नदी से भारी मात्रा में गाद, प्लास्टिक कचरा और जलकुंभी निकाली गई, जिससे लगभग 4 ट्राली अपशिष्ट बाहर किया गया।

श्रमदान में पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस,गायत्री प्रसाद शर्मा, तुलसीराम राठौर,सोनू गुप्ता, संजय भाटी,दीपक माली,विजेंद्र फाफरिया,जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर से जगदीश चंद्र सेठिया,रामगोपाल गुप्ता, अशोक धनोतिया, महेश मोदी, अशोक मांदलिया, जगदीश रत्नावत, योगेश गुप्ता, रामगोपाल सेठिया, राजेश सेठिया, रमेशचंद्र सेठिया, जगदीश काला, जगदीश सेठिया, शुभ दानगढ़, शिव नारायण मंडवारिया, राजेश फरक्या, रूपचंद सेठिया, डॉ नवीन चौधरी, बालकृष्ण पोरवाल, निम्बोद गांव से निर्भयराम गोयल, किशोर गोयल, कमलेश कुमावत, कमलेश जैन, सोनाली जैन, इष्टा भाचावत, राखीसत्रावाला,अनीता भदोरिया, तरूण खिंची, राज नारायण लाड़,दिलीप देवड़ा, विकास दशोरा ,मनोहर नाहटा, संजय नाहर,रमेश ब्रिजवानी, विश्वास दुबे, योगेंद्र जोशी, अजय सोनी, महेश गुप्ता, राकेश सेन, राजेश खिंची,सादिक गोरी, अकरम खान, साबिर इलेक्ट्रि शियन, शिव शंकर सोलंकी आदि श्रमदान में उपस्थित रहे। विधायक जैन ने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच अपना श्रमदान सुनिश्चित करें ताकि शिवना के स्वरूप को पुनः निखारा जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और समाज सेवी उपस्थित रहे।



## सोशल मीडिया पर बंदूक लहराकर रील बनाना पड़ा भारी; पुलिस ने अवैध कट्टे के साथ तीन आरोपियों को दबोचा

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बंदूक लहराते हुए रील वायरल करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो एयर गन और वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की काले रंग की महिंद्रा स्कार्पियो जब्त की है।प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को 9 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि खड़ावदा शराब दुकान के सामने कुछ युवक बंदूक लहराकर रील बना रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की गई। मुखबिर की सूचना पर सेमरोल गांव के कच्चे रास्ते से बारामासी-नारायणी रोड पर घेराबंदी कर आरोपी कमलसिंह निवासी कुंडला खुर्द, विनोद निवासी बारामासी तथा बालू उर्फ बालमुकुंद निवासी बरखेड़ा उदा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अवैध हथियार और बिना नंबर की स्कार्पियो बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना गरोठ में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।



## रतलाम विकास प्राधिकरण मध्यम शहरो में नंबर वन आएगा : पोरवाल

**रतलाम।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अयोजित नवनियुक्त रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष उनकी पूरी टीम और भाजपा के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों के स्वागत कार्यक्रम में विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शेरानी द्वारा कहीं गई। पोरवाल ने ये भी कहा कि रतलाम शहर में अनेक कार्य चल रहे हैं और अनेकों को प्रारम्भ करना है जैसे ट्रांसपोर्ट नगर के साथ अन्य कालोनियों का विकास उनकी प्रथमिकता रहेगी। शहर विधायक कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप के रतलाम के विकास के विज? को पूरा करना और मध्य प्रदेश के शासन से अधिक का अधिक बजट की स्वीकृति करवा कर रतलाम विकास प्राधिकरण अपने विकास के उद्देशय के पथ पर चलता रहेगा। कार्यक्रम को भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी, नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष जुबिन जैन ने भी संबोधित किया।आर.डी.ए.अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी, जिला उपाध्याक्ष जुबिन जैन, आर.डी.ए सदस्य राजेंद्र सिंह गोयल, राजेंद्र मोर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास एवं किरण महावर मंचासीन रहे । सभी का उपस्थितजनो ने पुष्पमाला से, पगड़ी पहनाकर एवं ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मंसूर जमादार, जिला अध्यक्ष वक्फ बोर्ड बबलु पटेल, जिला अध्यक्ष हज कमेटी फैयाज खान, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शाहिद अंसारी, जिला वक्फ बोर्ड सचिव सलीम कुरेशी, अंजुमन नायब सदर महमूद भाई, इमरान रहमानी, रईस कुरेशी, अख्तर हुसैन, असलम खान आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय जिला भाजपा प्रशिक्षण वर्ग संपन्न; पारंपरिक वेशभूषा में जुटे कार्यकर्ताओं को मिला दिग्गजों का मार्गदर्शन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिले के दलौदा स्थित निजी गार्डन में आयोजित जिला भाजपा का दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग-2026 सांगठनिक ऊर्जा और वैचारिक स्पष्टता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। 12 विभिन्न सत्रों में चले इस गहन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ वंदे मातरम गान, ध्वजारोहण एवं प्रदर्शनी अवलोकन के साथ हुआ। इस वर्ग की विशेषता प्रथम दिन का नवाचार रहा, जिसमें पुरुष कार्यकर्ता पारंपरिक धोती-कुर्ते में और मातृशक्ति केसरिया परिधान में उपस्थित रहकर भारतीय संस्कृति का परिचय देते नजर आए। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय नेता स्व. प्रमोद महाजन की भाषण कला पर आधारित वीडियो क्लिप भी दिखाई गई।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की व्याख्या की, जबकि शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने जनसंघ से भाजपा तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में सांसद सुधीर गुप्ता ने देश के समक्ष मौजूद राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों पर अपना वक्तव्य रखा। वहीं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने गरीब कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

संगठन की कार्य पद्धति और विस्तार पर चर्चा करते हुए देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा और जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने कार्यकताओं को बूथ प्रबंधन, अनुशासन और जनसेवा के संस्कारों से परिचित कराया। आधुनिक दौर की चुनौतियों को देखते हुए आईटी विभाग के प्रदेश सह संयोजक सोमेश पालीवाल ने सोशल मीडिया और एआई जैसी नई तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा सकारात्मक परसेप्शन निर्माण पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने व्यावहारिक सत्र के माध्यम से कार्यकताओं को संवाद शैली और बैठक संचालन का अभ्यास कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित इस वर्ग में पूर्व गृह मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## किसानों ने विद्युत वितरण कम्पनी की विजलेंस टीम की कार्यवाही को फर्जी बताया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



क्षेत्र में विद्युत वितरण कम्पनी की विजलेंस टीम द्वारा फर्जी कार्यवाही को लेकर किसानों सहित कांग्रेस नेताओ में काफी आक्रोश व्याप्त है।

रविवार को प्रातः १० बजे ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,कांग्रेसनेता विष्णु ररोतिया,अनिल मूलासिया आदि जलोदिया पहुंचे जहां उन्होंने किसान रामप्रसाद मोहनलाल एवं नंदराम मगनीराम से चर्चा की किसान रामप्रसाद ने बताया कि 24 जनवरी को मन्दसौर से विधुत वितरण कम्पनी की विजलेंस टीम जलोदिया मेरे कुंवे पर आई थी मेरे पास मात्र 41 आरी ही जमीन है जिस पर दो विद्युत कनेक्शन वेध है एक विद्युत पम्प जलने के कारण मेने कुवे में दूसरा विद्युत पम्प डाल रखा था तो विजलेंस टीम ने जली हुई विधुत पम्प को चालू बताकर पंचनामा बना दिया और 13 हजार 848 रुपये का बिल भेज दिया और अपने प्रतिवेदन में 4 बीघा जमीन दर्शा दी। कार्यवाही पूरी तरह फर्जी होने से मैने पंचनामे पर हस्ताक्षर नही किये।

दूसरे किसान नंदराम ने बताया कि मेरे नाम से कोई जमीन नही है जमीन मेरे पुत्र के लालूराम के नाम है लेकिन विजलेंस टीम ने मेरे नाम का पंचनामा बनादिया जोकि फर्जी है मेरे पुत्र के नाम ढाई बीघा जमीन है किंतु विजलेंस टीम ने अपने प्रतिवेदन में 5 बीघा बताई गई जो इनकी फर्जी कार्यवाही को दशार्ता है।

पीड़ित किसान रामप्रसाद एवं मगनीराम ने बताया कि 8 मई 2026 शुक्रवार को पिपलीया मंडी पुलिस रात्रि में करीब 1.30 बजे हमारे घर आई और जोर जोरजबरदस्ती कर हमें थाने लेगई जहां हमे हथकड़ी पहनाई गई।उसके बाद ९ तारिक शनिवार को राशि जमा कराने के बाद शाम 6 बजे हमे छोड़ा गया।

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि विधुत वितरण कम्पनी एवं विजलेंस टीम का पूरे क्षेत्र में आतंक है किसानों के छोटी छोटी राशि बकाया होने पर उन्हें तालिबानी सजा दी जारही है वही बड़े बड़े उधोगपतियो व रसूखदारों के लाखों रुपये के बकाया पर आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई लेकिन किसानों पर फर्जी व मनगढ़ंत कार्यवाही की जारही है।

### न्यूज कालम




## संजीत नाका स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर का होगा कायाकल्प

**मंदसौर।** महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा संजीत नाका स्थित अति प्राचीन शीतला माता मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रविवार को मंदिर प्रांगण में आयोजित समिति की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। दरअसल, मुख्य सड़क के ऊँचा होने के कारण वर्षा ऋतु में मंदिर परिसर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिसके समाधान और मंदिर की भव्यता बढ़ाने के लिए पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस चमत्कारी मंदिर में माँ शीतला के साथ माँ दुर्गा और भगवान शिव भी विराजमान हैं। बैठक में समाजसेवी गुरुचरण बग्गा, श्रवण कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष अर्जुन डाबर, संयोजक राजेश गुर्जर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति सचिव कन्हैयालाल सोनगरा ने बताया कि जनसहयोग और श्रद्धा के साथ इस कार्य को संपन्न किया जाएगा।

## खटिक समाज के छात्रावास व मांगलिक भवन निर्माण हेतु समिति का गठन



**मंदसौर।** रविवार को सकल खटीक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास हेतु छात्रावास सह मांगलिक भवन निर्माण का बड़ा निर्णय लिया गया। शासन द्वारा ग्राम मुंदड़ी के सर्वे नंबर 377 में से आवंटित 40 आरी भूमि पर निर्माण कार्य को गति देने के लिए सर्वसम्मति से एक विशेष निर्माण समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष पद पर दिलीप सांवलिया और सचिव पद पर बलराम खोईवाल को निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों ने पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। समाज के वरिष्ठों ने विश्वास जताया कि मुंदड़ी में बनने वाला यह परिसर आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र साबित होगा। इस ऐतिहासिक पहल से संपूर्ण खटीक समाज में हर्ष का माहौल है।

## नवनियुक्त अध्यक्ष का शाल साफा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया



**पिपलिया मंडी।** दिनांक 9 मई को रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मनोहरलाल पोरवाल रतलाम (मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त) का नाहरगढ़ खात्याखेड़ी के पास डपकरा परिवार के श्री भेरूजी महाराज मंदिर बराड़ा - बराड़ी दर्शन हेतु प्रथम आगमन हुआ जहाँ पर सपरिवार कुलदेवता का विधि विधान से मंदिर के पुजारी दिलखुश शर्मा द्वारा पूजन कराया गया तत्पश्चात शाल साफा श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात हिंगोरिया बिल्लोद रोड से श्री भेरुजी महाराज मंदिर तक स्वीकृत डामरीकरण सडक के कार्य का ठेकेदार की उपस्थिति मे जेसीबी, पोखलैंड का विधिवत पूजन कर सडक कार्य का शुभारम्भ किया गया ! इस अवसर पर मल्हारगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रकाश जी पोरवाल रिंछा वाला पिपलिया मण्डी, देवीलाल जी गुप्ता सा मारसाब, अखिल भारतीय पोरवाल युवा संघठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द डपकरा पिपलिया मण्डी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया मन्दसौर मुकेश गुप्ता (वंदना) नाहरगढ़, कृष्ण बल्लभ डपकरा कचनारा, अनिल पोरवाल रतलाम, सुनील पोरवाल रतलाम, बंशीलाल गुप्ता खात्याखेड़ी, श्यामलाल धनगर खात्याखेड़ी एवम आसपास के जन प्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## युवा मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. बाल चंद्र विश्वकर्मा का पिपलिया मंडी प्रवास



**पिपलियामंडी।** नरेंद्र मोदी विचार मंच युवा मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ बालचंद्र विश्वकर्मा ने पिपलिया मंडी का प्रवास किया, जहां उनका रेस्टहाउस पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ विश्वकर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी विचार मंच युवा मोर्चा का उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना और क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता को मजबूत करना है। डॉ विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, और युवाओं को इस विकास में अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे युवाओं को संगठन से जोड़ने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं ने डॉ विश्वकर्मा को आश्वस्त किया कि वे संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान सरपंच वासुदेव गुर्जर ,नीलेश शुक्ला, पत्रकार दिलराज शर्मा,लक्ष्मीनारायण प्रजापति,रजनीश माली आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज कालम



### समर्पण भाव से जनगणना का काम कर रही शिक्षिका छाबड़ा

**महिदपुर रोड** ! ग्राम डेलची खुर्द के खेड़ा क्रमांक २ के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका संतोष छाबड़ा का दो माह बाद ३१ जुलाई को शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने जा रही है इसके बावजूद शिक्षिका जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी पूरी समर्पण भावना से कर रही है क्षेत्र के सेक्टर सुपर वाइजर कुलदीप उपाध्याय ने बताया ग्राम डेलची खुर्द में तीन प्रगणक जनगणना का कार्य कर रहे हैं जिनमें वरिष्ट शिक्षिका संतोष छाबड़ा प्रगणक क्रमांक 49 को को जनगणना कार्य में 199 मकानों जिनमें शासकीय भवन तथा अन्य गैर आवासीय मकान शामिल होकर उनकी जानकारी संकलित करना थी शिक्षिका छाबड़ा ने घर-घर जाकर पूरी जानकारी मोबाइल से अपडेट कर अपने सुपरवाइजर तथा अन्य रिस्पासेबल अधिकारियों को समय सीमा से पूर्व संकलित कर भेज दी।

### न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ



**महिदपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार माननीय अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन, श्री पी.सी. गुप्ता साहब के निदेर्शानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय, तहसील महिदपुर के न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम खण्डपीठ श्री कमलेश सनोड़िया, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, द्वितीय खण्डपीठ में सुश्री चेतना दशोरा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तृतीय खण्डपीठ में श्री दीपक दाहिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिर्स्टेट, प्रथम श्रेणी एवं चतुर्थ खण्डपीठ में सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिर्स्टेट, प्रथम श्रेणी, महिदपुर गठित की गई। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन प्रातः 11 बजे न्यायालय परिसर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष, श्री कमलेश सनोड़िया, न्यायाधीश सुश्री चेतना दशोरा, श्री दीपक दाहिया एवं सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ के सचिव, श्री शंकर सिंह तोमर एवं उपाध्यक्ष श्री पल्लव मुखिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### डॉ. प्रिया गुप्ता का पूर्व नपाध्यक्ष सादानी ने किया स्वागत



**सारंगपुर।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णगोपाल गुप्ता की सुपुत्री एवं शहर लाडली प्रिया गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बडी उपलब्धि हासिल करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। प्रिया की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि उन्होंने पूरे सारंगपुर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। शनिवार को नगर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी ने प्रिया गुप्ता के डॉक्टर बनने की उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया। श्रीमती सादानी ने कहा कि प्रिया जैसी बेटियाँ समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से ऊँचे मुकाम हासिल कर रही हैं। सादानी ने कहा कि बेटियों की सफलता समाज की प्रगति का आईना है। डॉ. प्रिया ने अपनी मेहनत से यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी मंजिल कठिन नहीं है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर इष्ट-मित्रों, शुभचिंतकों और स्थानीय नागरिकों ने डॉ. प्रिया गुप्ता और उनके पिता कृष्णगोपाल गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### तहसीलदार ने उदनखेड़ी में गेहूं खरीदी का किया औचक निरीक्षण

**सारंगपुर।** क्षेत्र के किसानों को सुचारू रूप से फसल उपार्जन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक सख्ती जारी है। इसी क्रम में शनिवार को तहसीलदार नीलम परसेंदिया द्वारा राधा कृष्ण वेयर हाउस उदनखेडी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्र की वास्तविक स्थिति और किसानों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय केंद्र पर कुल 60 ट्रैक्टर ट्रॉली खडी पाई गईं। केंद्र की शेष भंडारण क्षमता 4300 क्विंटल दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर 4 तौल कांटे चालू हालत में मिले। काम की गति बढाने और किसानों के समय की बचत के लिए तहसीलदार ने केंद्र प्रबंधक को तत्काल ६ तौल कांटे सक्रिय करने के कडे निर्देश दिए। केंद्र पर किसानों के बैठने के लिए उचित छाया और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई, जिस पर अधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान तहसीलदार नीलम ने न केवल व्यवस्थाओं को देखा, बल्कि स्टॉक रजिस्टर की भी सघन जांच की ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और चर्चा की। निरीक्षण के अंत में तहसीलदार ने पाया कि उपार्जन केंद्र पर व्यवस्थाएं कुल मिलाकर सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं।

# नगर में भीषण गर्मी से दोपहर में सूने पडे बाजार

## दिन और रात के ताप मान में आया उछाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर एवं आसपास क्षेत्र में शनिवार को भीषण गर्मी और लू के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। दोपहर के समय शहर की मुख्य सडकों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह से ही तापमान में हो रही बढोतरी और गर्म हवाओं के कारण लोगों ने घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है।

मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि शनिवार को शाजापुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। इससे पहले शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर दोपहिया वाहन चालकों पर देखा जा रहा है।

तेज धूप से बचने के लिए लोग हेलमेट, चेहरे पर गमछा और आंखों पर चश्मा लगाकर ही बाहर निकल रहे हैं। बेहद आवश्यक कार्य होने पर ही लोग दोपहर में बाहर आ रहे हैं। प्रशासन और विशेषज्ञों ने भी लू की स्थिति को देखते हुए दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, अगले 4 से 5 दिनों तक तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना रहेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार जाता है, तो वायुमंडल में दबाव बदलने से आंधी और हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है।

### गन्ने के रस की दुकानों पर ग्राहकों की भीड

बाजारों में सन्नााटा पसरा हुआ है, लोग केवल आवश्यक काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। गन्नो का जूस, कुल्फी, बर्फ के गोले, पेप्सी, कोल्ड्रिंग और आम रस की दुकानों पर ग्राहकों की भीड बढ गई है। शाम 5.30 बजे के बाद गर्मी का असर कम होने पर बाजारों में चहल-पहल फिर से बढ जाती है।

### डॉक्टरों की अपील शरीर में पानी की कमी न होने दें

डॉक्टर मनीष चौहान ने भी दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। गर्मी के बढते प्रकोप के बीच जिले में ठंडे पेय पदार्थ, गन्नो का रस, लस्सी और आइसक्रीम की मांग बढ गई है।

# भाजपा मंडल की मासिक बैठक में मंत्री हुए शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल गुलावता की अति आवश्यक मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री डा. गौतम टेटवाल के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, भाजपा वरिष्ठ नेता निर्मल जैन एवं मंडल प्रभारी बनवारी सोनी के साथ अतिथियों का मंडल कार्यकताओं को विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

उक्त जानकारी देते हुए मंडल महामंत्री डॉ बालू सिंह वर्मा द्वारा बताया कि सर्वप्रथम बैठक में महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से पूजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी द्वारा की गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा संगठन को मजबूत करने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टेटवाल द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा पूरे विश्व में भारतीय जनता पार्टी के विशेष पहचान है जो अपने अनुशासन के लिए जानी जाती है, कार्यकर्ता उसकी रीड है। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित ओम सोनी, ओमप्रकाश पटेल, देवनारायण पाटीदार, सुभाष चंद्र पाटीदार, रघुराज सिंह सोलंकी, ललित नागर, मोहन सिंह पाल, राजेंद्र सिंह भिलाला, शिव सिंह पाल, नंदलाल नागर, दुर्गा दबंग, जगदीश गुर्जर, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, बाबूलाल पाल, राजेश पाटीदार, दीपक शर्मा, दिग्विजय सिंह, बाबूलाल, जगदीश नागर, मुकेश शर्मा, पुरुषोत्तम पाटीदार, डॉ संजीव अंगर, रतन सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

# मातृ दिवस पर चौपड़ा परिवार की मातुश्री श्रीमती श्रीकांता चौपड़ा के नेत्र देहदान संपन्न

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ प्रथम देहदान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महिदपुर

आज के मातृ दिवस पर एक और तो पूरा देश मातृ वंदना में लगा हुआ था और ऐसी ही स्थिति में चौपड़ा परिवार में श्रीमती श्रीकांता बाई (75 वर्ष)धर्मपत्नी स्व.श्री सुरेशचंद चौपड़ा का रात्रि 3 बजे अरिहंत शरण हो गया।परिवार जनों ने तत्काल स्व-प्रेरणा से नेत्रदान देहदान प्रेरक जवाहर डोसी पीयूष से संपर्क कर नेत्रदान और देहदान की इच्छा व्यक्त की। इस पर डोसी ने बड़नगर गीता भवन न्यास समिति के देहदान नेत्रदान प्रभारी डॉ.जी एल ददरवाल को नेत्र उत्सर्जन के लिए आने का निवेदन किया। परमानंद पंवार भी सहयोगी के रूप में पधारे।गीता भवन न्यास समिति के तत्वावधान में यह 966 वां नेत्रदान रहा।स्थानीय स्तर पर अरुण बुरड और राजेंद्र कोठारी का सराहनीय सहयोग रहा।

2 दिन पूर्व ही मृतका ने देहदान की लिखीत में जताई थी सद् इच्छा

इस मामले में एक विशिष्ट उल्लेखनीय तथ्य यह कि दो दिन पूर्व ही श्रीमती श्रीकांता बाई ने अपने देहदान किए जाने का लिखित में सहमति प्रपत्र परिवार जनों को दिया था। महिदपुर वासियों को जिनको भी यह बात पता लगी उन्होंने इस पर बहुत ही आश्चर्य और संयोग का मिश्रित भाव प्रकट किया।

देहदान के लिए अरविंदो चिकित्सालय इंदौर से संपर्क कर रमेशचंद्र,वर्धमान गादिया ने श्री सुनील छिपानी और श्री राजेश ।।ह्ष्ठ से सामंजस्य बैठाकर महिदपुर आने की अनुकूलता बनाई।आप मनोज,प्रवीण की माताजी,सौरभ शुभम चयन पर्व कीदादीजी, बबलू की बड़ी मम्मी तथा श्री शांतिलाल सोनी की बड़ी बहन थीं।आपका मायका और ससुराल दोनों ही नगर में अति समीप दो मोहल्ले में रहा।

मातृ दिवस के दिन मातृशक्ति ने पूवार्भास से किया देहदान

आज का अजीब संयोग देखिए कि आज देश भर में मातृ दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष मई माह के दूसरे रविवार को यह दिवस सन् 1914 से संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में मनाया जाता है। हर बार सटीक दिवस,पर तारीख हर साल बदलती रहती है।इस परिप्रेक्ष्य में भी यह नेत्र/ देहदान बहुत ही सटीक, सार्थक, अनुकरणीय,प्रेरणादायी बना। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 1 जुलाई 2025 को एक आदेश जारी कर देहदान अंगदान प्रदाता को शासकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर देने का आदेश पारित किया।

# भगवान परशुराम जी के सिद्धांतो को अपनाने की आवश्यकता है- पंडित मानावत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महिदपुर



नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं जगतगुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो जेल रोड स्थित सहस्त्र औदिच्य ब्राम्हण समाज धर्मशाला से शुरू हुई। शोभायात्रा में बैंड, डीजे, ढोल आदि शामिल थे। सबसे आगे भारत माता व रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में बालिकाएं घोडे पर सवार थी।

रथ में परशुराम जी के चित्र के साथ भगवान परशुराम जी के स्वरूप में बालक शामिल था। दुसरे रथ में भागवताचार्य पं. श्यामस्वरूप जी मनावत, उज्जैन विराजीत थे। युवा वर्ग धर्मध्वजा व भगवान परशुरामजी के शस्त्र प्रतिक फरसे को लहरते हुए जय घोष लगा रहे थे। महिला मंडल-बालिकाएं गरबा व भजनों पर नृत्य कर रही थी। नगर में शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ समापन पुनः मंदिर पहुंच धर्मसभा के रूप में हुआ।

यहां पर दीप प्रजवल किया गया। मुख्यवक्ता पं. श्याम स्वरूपजी मनावत थे। अध्यक्षता समाजसेवी गुलजारीलाल त्रिवेदी नागदा ने की। अतिथि केबिनेट मंत्री रमेशचंद्र शर्मा, बडनगर विधायक जितेंद्र पंडया, समाजसेवी माया राजेश त्रिवेदी उज्जैन रही।

पं. मनावतजी ने उदबोधन में कहा कि वर्तमान में भगवान परशुराम जी के सिद्धांतो को अपनाने की आवश्यकता है। वही ब्राम्हत्व की रक्षा करने वालों का सम्मान भी होना चाहिए। संस्कारों के लिए माता पिता को चाहिए कि अपने बच्चों को सामाजिक, पारिवारिक कार्यक्रमों शामिल करना चाहिए। जिससे रिश्तों व समाज के महत्व को समझ सके।



# चोरल नदी में पानी नहीं छोड़ने से पेयजल संकट गहराया

## विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वाह

भीषण गर्मी और निरंतर बढ़ते तापमान के कारण बड़वाह क्षेत्र के ग्राम अरोदा, कुंडिया, बेकलिया, थरवर, बरझर, रामकुल्ला, झिगड़ी एवं रूपाबेड़ी की आबादी विकट जल संकट से जूझ रही हैं।जल संकट से जूझ रहे ग्रामवासियों ने शासन से चोरल नदी में तत्काल पानी छोड़ने की पुरजोर मांग की है। इस संबंध में विधायक सचिन बिरला ने चोरल नदी में जल छोड़ने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र के अरोदा, कुंडिया,,बेकलिया, थरवर,बरझर, रामकुल्ला,झिगड़ी एवं रूपाबेड़ी आदि ग्रामों के निवासी जल संकट के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।पेयजल पाने के लिए भी ग्रामवासियों को भारी मशक्कत करना पड़ रही है।ज्ञातव्य है कि इन ग्रामों का प्रमुख जल स्त्रोत चोरल नदी है। लेकिन अल्प वर्षा के कारण चोरल नदी पूरी तरह सूख चुकी है।चोरल नदी का सूखना क्षेत्र के लिए एक भयावह पर्यावरणीय त्रासदी है। ग्रीष्मकाल में प्रतिवर्ष ग्राम चोरल स्थित गंभीर परियोजना के पीएस-3 से चोरल नदी में पानी छोड़ा जाता है।जिससे निचले प्रवाह क्षेत्र के ग्रामों की आबादी,वन्य जीवों,पशुधन और पक्षियों को ग्रीष्मकाल में पानी मिलता रहे।विधायक ने इस वर्ष चोरल नदी में पानी छोड़ने में हो रहे विलंब पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल का स्तर अत्यधिक नीचे जा चुका है। इस कारण हैंडपंप और कुएं सूख गए हैं। पानी के अभाव में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

# विशेष रेल से ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के दर्शन कर लौटे श्रद्धालु

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर

सनातन संस्कृति, राष्ट्रगौरव एवं हिंदू स्वाभिमान के प्रतीक आदि ज्योतिर्लिंग सोमनाथ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सारंगपुर सहित जिलेभर के श्रद्धालुओं ने विशेष रेल द्वारा प्रभास-पट्टन पहुंचकर भगवान सोमनाथ के दर्शन किए। यात्रा से लौटे श्रद्धालु आस्था, विश्वास और गौरव की दिव्य अनुभूति से अभिभूत दिखाई दिए। यह ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक यात्रा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रेरणादायी नेतृत्व तथा क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के विशेष प्रयासों से संपन्ना हुई। शासन द्वारा विशेष रेल की व्यवस्था किए जाने से बडी संख्या में श्रद्धालुओं को सोमनाथ धाम पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हर-हर महादेव एवं जय सोमनाथ के जयघोषों के साथ श्रद्धालुओं का जत्था उत्साहपूर्वक रवाना हुआ।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट अतिथि सत्कार की व्यवस्था की गई थी। गरम चाय, सुगंधित कॉफी, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट अल्पाहार, पौष्टिक भोजन, फलाहार एवं शीतल पेय पदार्थों ने यात्रियों को विशेष आनंद प्रदान किया। सेवाभावी कार्यकताओं की मधुर मुस्कान, विनम्र व्यवहार एवं आत्मीय सेवा भावना ने यात्रा को पारिवारिक उत्सव का स्वरूप प्रदान कर दिया।

# तेज धूप और लू ने बढाई परेशानी, अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढी

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर एक बार फिर बढ गया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ रहा है। दोपहर के समय पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जबकि सुबह का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय बाजारों और सडकों पर लोगों की आवाजाही कम दिखाई दे रही है। मजदूर, राहगीर और खुले में काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं।गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में उल्टी, चक्कर, सिरदर्द, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीजों की संख्या बढ गई है। डॉक्टरों के अनुसार तेज धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण लोग बीमार पड रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप से बचने की सलाह दी है। साथ ही अधिक पानी पीने, हल्के और सूती कपडे पहनने तथा बाहर निकलते समय सिर ढंककर रखने की अपील की गई है। गर्मी बढने के साथ ही बाजारों में कूलर, पंखे और ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी की संभावना जताई है। फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम नजर आ रहे हैं।

# संकल्प सच्चा हो, तो ईश्वर को भी प्राप्त किया जा सकता है -कथावाचक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर

धर्म और आध्यात्म की नगरी कहे जाने वाले क्षेत्र के ग्राम पीपल्या पाल में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। माँ चौसठ माता मंदिर परिसर में महामाया चौसठ योगिनी नव कुण्डात्मक श्री सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान ८ मई से प्रारंभ हो चुका है, जो 14 मई तक निरंतर चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत हेमाद्री स्नान, श्री कलश यात्रा और पंचांग पूजन के साथ हुई। नव कुण्डात्मक यज्ञशाला में अग्नि प्रवेश के साथ ही आहुतियां दी जा रही हैं। यह पर प्रतिदिन दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं। सिद्धक्षेत्र नर्मदा तट हरदा से पधारे पंडित श्री कृष्णानंदजी अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को भागवत रसपान करा रहे हैं। रविवार को कथावाचक ने भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह का प्रसंग सुनाया और कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह मात्र एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि आत्मा का परमात्मा से मिलन का महापर्व है। यह विवाह हमें धैर्य, तपस्या और अडिग विश्वास की शक्ति सिखाता है। माता पार्वती ने महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। उन्होंने सिद्ध किया कि यदि संकल्प सच्चा हो, तो ईश्वर को भी प्राप्त किया जा सकता है। वहीं, शिव का वैराग्य त्याग कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश करना है।

# सारंगपुर बस स्टेण्ड पर बिगड़ती यातायात व्यवस्था से जनता परेशान

## प्रशासन की चुप्पी बढ़ा रही जाम का जंजाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सारंगपुर



शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। विशेष रूप से मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में स्थिति इतनी विकट हो गई है कि यहाँ से गुजरने वाली बसें चींटी की चाल से चलती है। इनके कारण घंटों तक लगने वाले लंबे जाम ने न केवल यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का जीना भी मुहाल कर दिया है।

घंटों का सफर मिनटों में नहीं, मिनटों का सफर घंटों में सारंगपुर बस स्टैंड क्षेत्र में अव्यवस्था का आलम यह है कि महज कुछ मीटर की दूरी तय करने में वाहनों को २० से आधा घंटा लग रहा है। यात्री बसों के चालक सवारियों के लालच में बस स्टैंड के मुहाने पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। सडक के बीचों-बीच बसें खड़ी होने के कारण पीछे आने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में जाम में फंसे यात्री, विशेषकर वृद्ध, महिलाएं और बच्चे पसीने से तर-बतर होकर प्रशासन को कोसते नजर आते हैं।

**अतिक्रमण और अवैध पार्किंग ने बिगाड़ी सूरत**

जाम की इस समस्या की मुख्य जड़ बस स्टैंड के आसपास फैला भारी अतिक्रमण है। सडक के दोनों किनारों पर हाथ ठेला चालकों और दुकानदारों ने स्थाई कब्जा कर लिया है। रही-सही कसर बेतरतीब ढंग से खड़े निजी वाहन पूरी कर देते हैं। नियमों को ताक पर रखकर बस स्टैंड के बाहर सडक पर ही बसें खड़ी की जा रही हैं, जिससे सडक की चौड़ाई आधी रह गई है। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई का दावा तो किया जाता है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## चांदी इस हफ्ते 15,269 महंगी, 2.56 लाख पहुंची: सोना 815 बढ़कर 1.51 लाख का हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस हफ्ते 1 किलो चांदी के दाम 15,269 रुपए बढ़कर 2.56 लाख रुपए पहुंच गए हैं। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 30 अप्रैल को 2.40 लाख रुपए पर थी। वहीं, सोने के दाम में सिर्फ 815 की बढ़ोतरी हुई। 30 अप्रैल को 10 ग्राम सोना 1.50 लाख रुपए पर था, जो बढ़कर 1.51 रुपए पर पहुंच गया है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 17,883 रुपए और चांदी 25,180 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.56 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

सरकार ने हाल ही में सोने-चांदी और प्लैटिनम के गहनों को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर रिस्ट्रिक्टेड कैटेगरी में डाल दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय के मुताबिक, अब इन कीमती धातुओं से बनी ज्वेलरी किसी भी देश से मंगाने के लिए सरकार से विशेष लाइसेंस लेना होगा। सरकार ने यह कदम फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए उठाया है।

### ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान

1. **सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- अे4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।
2. **कीमत क्रॉस चेक करें:** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

### दुनियाभर में खाने-पीने की चीजें 3 साल में सबसे महंगी

## अमेरिका-ईरान जंग से सप्लाई चेन टूटने का असर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दुनियाभर में खाद्य पदार्थों की कीमतें पिछले तीन साल में सबसे ऊपर पहुंच गई हैं। यूनाइटेड नेशंस से जुड़े फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, अप्रैल में फूड कमोडिटी प्राइस इंडेक्स में 1.6% की बढ़ोत्तरी हुई है। यह पिछले साल से 2.5% ज्यादा है। इस उछाल की मुख्य वजह अमेरिका-ईरान के बीच जारी युद्ध है। वठ ने आगे और दाम बढ़ने की चेतावनी भी जारी की है।


ईरान युद्ध को 10 हफ्ते पूरे हो गए हैं। इसके चलते हॉर्मुज रूट बंद है। इस रास्ते से डीजल और फर्टिलाइजर (खाद) जैसे खेती के लिए जरूरी सामान की आवाजाही रुक गई है।

खाद और ईंधन महंगा होने से किसानों के लिए खेती करना मुश्किल हो रहा है, जिसका सीधा असर आने वाले समय में खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा असर वेजिटेबल ऑयल पर पड़ा है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से बायो-फ्यूल की मांग बढ़ी है, जिससे वेजिटेबल ऑयल के प्राइज मार्च के मुकाबले 5.9% बढ़े हैं। यह जुलाई 2022 के बाद का सबसे ज्यादा है।

वहीं, मीट की कीमत में 1.2% की बढ़त हुई है, जो अब तक का ऑल-टाइम रिकॉर्ड है। अनाज की कीमतों में भी 0.8% की तेजी देखी गई है। FAO के चीफ इकोनॉमिस्ट मैक्सिमो टोरेरो ने एक इंटरव्यू में बताया कि एग्री-फूड इंडस्ट्री फिलहाल इसलिए बची हुई है, क्योंकि कंपनियां पुराना स्टॉक बेच रही हैं। उन्होंने कहा, जैसे ही कच्चे माल और एनर्जी की बढ़ी हुई लागत कंपनियों के खातों में पहुंचेगी, उपभोक्ता के तौर पर हमें महंगाई का तगड़ा झटका लगेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह तनाव 90 दिनों से ऊपर खिंचता है, तो 2026 के अंत और 2027 में 'ग्लोबल फूड क्राइसिस' (खाद्य संकट) की संभावना काफी बढ़ जाएगी।

### अनाज की पैदावार कम होने की आशंका

खराब मौसम और 2026 में गेहूं की बुआई कम होने की खबरों ने भी अनाज के दाम बढ़ा दिए हैं। खाद की बढ़ती कीमतों की वजह से किसान अब ऐसी फसलें उगाने पर विचार कर रहे हैं, जिनमें फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कम होता हो। विशेषज्ञों का मानना है कि कमोडिटी मार्केट में आई इस तेजी का असर रिटेल मार्केट तक पहुंचने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन खाने की महंगाई बढ़ना अब तय है। बैंक ऑफ बड़ौदा के ह्यएसेंशियल कमोडिटी इंडेक्स के मुताबिक, भारत में अप्रैल महीने में महंगाई सूचकांक सालाना 1.1% और मासिक आधार पर 0.3% बढ़ा। यह अगस्त, 2025 के बाद सबसे तेज मासिक बढ़ोतरी है। बीते महीने आम जरूरत की 20 में से 16 वस्तुओं की कीमतें बढ़ीं हैं।



## साबुन-बिस्किट से लेकर तेल तक सब महंगा होगां

FMCG सेक्टर की दिग्गज कंपनी डाबर इंडिया ने अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ाने के संकेत दिए हैं। कंपनी का कहना है कि पैकेजिंग मटेरियल की बढ़ती कीमतों और मिडिल-ईस्ट में तनाव बढ़ने के कारण इनपुट कॉस्ट बढ़ गई है। डाबर के अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले जैसी कंपनियां भी महंगाई के दबाव का सामना कर रही हैं। ऐसे में आपके घर का बजट बिगड़ सकता है और साबुन, तेल, बिस्किट जैसे रोजमर्रा के सामान महंगे हो सकते हैं। डाबर इंडिया के ग्लोबल उएड मोहित मल्होत्रा के मुताबिक, कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कीमतें बढ़ा सकती है। हालांकि, डाबर ने मौजूदा तिमाही में ही कीमतें करीब 4% बढ़ाई थीं, लेकिन कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ रही है।

## टाटा ट्रस्ट्स की बैठक 16 तक टली, टाटा संस की लिस्टिंग पर फैसला होना था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाटा ट्रस्ट्स की आज 8 मई को होने वाली महत्वपूर्ण बोर्ड मीटिंग अब 16 मई को होगी। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक आंतरिक मतभेदों के चलते इस बैठक को टाला गया है।

यह दूसरी बार है जब मीटिंग की तारीख बदली गई है। पहले यह मीटिंग 12 मई को होनी थी। बार-बार तारीखें बदलने से ट्रस्ट के भीतर चल रही चचाओं को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

बैठक का मुख्य उद्देश्य यह तय करना था कि होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बोर्ड में टाटा ट्रस्ट्स की तरफ से कौन शामिल होगा। रिपोर्ट के अनुसार, वेणु श्रीनिवासन की जगह भास्कर भट को नॉमिनी डायरेक्टर बनाने पर विचार होना था।

ग्रुप में इस बात को लेकर बहस चल रही है कि क्या टाटा संस को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाना चाहिए या इसे प्राइवेट ही रखा जाए। नोएल टाटा इसे प्राइवेट रखने के पक्ष में हैं, जबकि कुछ ट्रस्टी लिस्टिंग के विकल्प पर चर्चा चाहते हैं।

टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में 66% हिस्सेदारी है। बैठक में टाटा ग्रुप के भविष्य के मालिकाना हक और कामकाज के तरीकों की समीक्षा की जानी थी।

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के बीच गवर्नेंस और रणनीतिक मुद्दों पर जो वैचारिक मतभेद उभरे हैं। उन्हें सुलझाना भी इस बैठक का एक बड़ा एजेंडा था।

टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस की दो-तिहाई हिस्सेदारी है। विवाद की जड़ 'टाटा संस' का क्ढड है। टाटा ट्रस्ट्स के दो ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह चाहते हैं कि टाटा संस को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाए। उनका मानना है कि इससे कंपनी में पारदर्शिता आएगी। वहीं, नोएल टाटा अभी भी टाटा संस को 'क्लोजली हेल्ड' यानी निजी कंपनी ही बनाए रखना चाहते हैं।

नए नियमों के मुताबिक, 1 जुलाई 2026 से टाटा संस को एक 'सिस्टमैटिकली इम्पोर्टेन्ट' शैडो बैंक माना जाएगा। नियम यह है कि अगर किसी शैडो बैंक की एसेट साइज 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है, तो उसे शेयर बाजार में लिस्ट होना अनिवार्य है। टाटा संस इस दायरे में आती है।




### टाइटंस ने राजस्थान को उसी के घर में 77 रन से दी शिकस्त

## गुजरात ने रॉयल्स को रौंदा, शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पचासे जड़े

एजेंसी ▸▸ जयपुर



गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (84) और साई सुदर्शन (55) ने शनिवार को जब शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं तब यह अंदाजा नहीं था कि राजस्थान रॉयल्स की टीम घरेलू मैदान पर इतनी आसानी से हथियार डाल देगी। लेकिन पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ 225 रन का स्कोर बनाने वाली मेजबान टीम गुजरात के चार विकेट पर 229 रन के जवाब में पूरे ओवर भी नहीं खेल सकी। राशिद खान की अगुआई में गेंदबाजों के कहर के सामने टीम 16.3 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। इस तरह गुजरात लगातार चौथी जीत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सिराज ने वैभव (36) को शिकार बनाया। उसके बाद तो विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। सूर्यवंशी की यशस्वी जायसवाल के साथ 38 रन की यह साझेदारी टीम की की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी रही। वैभव के अलावा जडेजा ने 36 रन और ध्रुव जुरेल ने 24 रन बनाए। अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। राशिद के अलावा गजरात के लिए जेसन होल्डर ने तीन और कैगिसो रबाडा ने दो विकेट लिए। एक विकेट सिराज को मिला।

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान यशस्वी जायसवाल का पहले गेंदबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। गिल और साई सुदर्शन ने आतिशी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 118 रन जोड़ दिए। 11वें ओवर में यश पुंजा ने साई को आउट कर साझेदारी तोड़ी। जडेजा ने 14वें ओवर में बटलर को लौटाया।

17वें ओवर में बृजेश शर्मा ने शुभमन गिल को आउट किया। गिल को दो जीवनदान भी मिले। 54 रन के स्कोर पर शिमरोन हेटमायर ने कैच छोड़ दिया। इसके बाद 61 रन पर हेटमायर ने एक और मुश्किल कैच टपका दिया।

## सबालेंका तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार

एजेंसी ▸▸ रोम



विश्व की नंबर एक आर्यना सबालेंका का सफर इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में ही खत्म हो गया।

रोमानिया की सोराना क्रिस्टी ने शानदार वापसी करते हुए सबालेंका को 2-6, 6-3, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इससे पहले अमेरिका की कोको गफ ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को मात देकर प्री क्वार्टर में जगह बनाई। कोको दो घंटे 10 मिनट में 5-7, 6-0, 6-4 से जीतीं।

पुरुष वर्ग में 21वें वरीय अलेजांद्रो डेविडोविच, 10वें वरीय फ्लैवियो कोबोली और ब्रैंडन नाकाशिमा ने तीसरे दौर में जगह बना ली।

### इनामी राशि के लिए खेल मंत्रालय पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय अभिजीत गुप्ता ने इस साल जनवरी में ओडिशा ओपन शतरंज की खिताबी पुरस्कार राशि नहीं मिलने पर निराशा जताते हुए खेल मंत्रालय से मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

ए-वन मेरिज ब्यूरो
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 786747322

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### नाश्ता कॉर्नर शॉप में गैस टंकी में लीकेज होने से लगी आग



**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में रविवार सुबह एक नाश्ते की दुकान पर गैस टंकी में लीकेज होने से आग लग गई। गश्त पर निकली एसीपी सहित एफआरवी टीम मौके पर पहुंची। लसूड़िया के एमआर-3 क्षेत्र में श्याम नाश्ता कॉर्नर दुकान में आग लगने की सूचना पुलिस को मिली थी। सबसे पहले एफआरवी टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद गश्त कर रहीं एसीपी रुबीना मिजवानी भी वहां पहुंच गईं। जवानों ने एसीपी के साथ मिलकर गैस टंकी में लगी आग बुझाई गई। एमआर 3 रोड सनसिटी के पास मकान के बीच यह खाली प्लाट है। आग में सरस्वती नगर निवासी भगवान सिंह (50) भी थोड़ा झुलस गए। उन्हें अस्पताल भिजवाया गया। आग बुझने के बाद भी टंकी से गैस निकल रही थी। इसे देखते हुए एसीपी मिजवानी ने आसपास मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को दूरी पर रहने के निर्देश दिए। टंकी से गैस पूरी तरह खत्म होने के बाद ही एसीपी और पुलिस टीम वहां से रवाना हुई। रहवासियों ने बताया कि गैस टंकी में काफी देर से आग लगी हुई थी। उन्होंने समय पर पहुंचकर मदद करने के लिए पुलिस का धन्यवाद दिया। हालांकि, दमकल टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी थी।

### बस के ऊपर से पार्सल गिरने से सफाईकर्मी के कंधे और पसली में फ्रैक्चर, गोदाम सील



**इंदौर।** राजमोहल्ला इलाके में रविवार सुबह एक हादसा हो गया। सड़क की सफाई कर रही महिला सफाईकर्मी के ऊपर करीब 1 क्विंटल वजन का पार्सल गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला सुनीता बाली वार्ड क्रमांक 69 में नगर निगम के जोन-2 के तहत सफाई का काम कर रही थीं। इसी दौरान हंसचाल ट्रेवल्स की बस के ऊपर रखा लगेज अचानक उनके ऊपर गिर गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने महिला को उठाकर तुरंत वर्मा यूनियन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने कंधे और पसली में फ्रैक्चर बताया है। महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि बस के ऊपर सामान चढ़ा रहे व्यक्ति के हाथ से पार्सल छूटकर गिर गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और इंडियन ट्रांसपोर्ट का गोदाम सील कर दिया। नगर निगम अधिकारी ने बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान सुनीता घायल हुई हैं। एआरओ को मौके पर बुलाकर गोदाम सील की कार्रवाई की गई है और जांच जारी है।

### एमडी ड्रग्स मामले में आरोपी गिरफ्तार, दूसरे राज्यों से ड्रग्स लाकर सप्लायरों को देता था

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने एमडी ड्रग्स मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूर्व में पकड़ाए आरोपी से इसकी जानकारी मिली थी, जिसके बाद टीम ने उसे पकड़ा है। क्राइम ब्रांच ने पूर्व में मोहम्मद अजीम को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ व मिली जानकारी और मुखबीर सूचना के आधार पर टीम ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया, जो ड्रग्स को अन्य राज्यों से खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था। मामले में आरोपी मोहम्मद अजीम से 12.87 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की थी। इसी कड़ी में पूछताछ में आरोपी शिफान खान उर्फ गब्बू निवासी सदर बाजार इंदौर की जानकारी मिली जो कि फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि वह दिहाड़ी वेतन पर रिपेयरिंग आदि का काम करता है और 10वीं क्लास तक ही पढ़ाई की है।

### टैंकर की टक्कर से महिला की मौत बेटा घायल, ड्यूटी पर छोड़ने जा रहा था

**इंदौर।** तिलक नगर इलाके की बंगाली कॉलोनी में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया है और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार अर्चना (40) अपने बेटे गणेश के साथ बाइट पर जा रही थीं। इसी दौरान नगर निगम से अटैच टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। मौके पर महिला की मौत हादसे में अर्चना के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि बेटा गणेश घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने टैंकर को रोक लिया, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। बेटे ने बताई पूरी घटना घायल गणेश ने बताया कि सामने से अचानक टैंकर आया और ब्रेक नहीं लगने से वाहन अनियंत्रित होकर दोनों को टक्कर मार गया। जानकारी के अनुसार अर्चना शंकुतला अस्पताल में काम करती थीं। उनके पति मजदूरी करते हैं और परिवार में एक बेटी और बेटा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है।

### ब्रिज की रेलिंग से टकराई टू व्हीलर युवती की ब्रिज से नीचे गिरने से मौत

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। लवकुश चौराहे के ब्रिज से गुजरते समय दोपहिया वाहन सवार युवक-युवती रेलिंग से टकरा गए। तेज रफ्तार होने के कारण युवती ब्रिज से नीचे गिर गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शनिवार को इलाज के दौरान युवक ने भी दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है। बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात लवकुश चौराहे स्थित ब्रिज पर हुई। पायल चावड़ा और अकरम नामक युवक दोपहिया वाहन से विजय नगर से सुपर कॉरिडोर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ब्रिज पर चढ़ते समय उनकी गाड़ी रेलिंग से टकरा गई। टक्कर के बाद युवती उछलकर ब्रिज से कुछ फीट नीचे जा गिरी, जबकि युवक सड़क पर गिर गया। घटना के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया था। वहीं, शनिवार को इलाज के दौरान युवक ने भी दम तोड़ दिया।

## जल संरक्षण का लिया संकल्प, मदर्स डे पर नगर निगम का विशेष आयोजन

# 'चलो मम्मा वॉकथॉन' में दिखा महिलाओं का उत्साह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

'मदर्स डे' के अवसर पर इंदौर नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलो मम्मा वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्यमित्र भार्गव और क्षितिज सिंघल ने नेहरू स्टेडियम से किया। इस अवसर पर अपर कमिश्नर आशीष पाठक, द वर्ड ऑफ फिटनेस की आरती माहेश्वरी सहित शहर के 25 से अधिक संगठनों की सैकडों महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।



कार्यक्रम के दौरान मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और सभी से आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। चलो मम्मा वॉकथॉन नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर डेली कॉलेज मार्ग से होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।

### मातृत्व के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नारी शक्ति की सहभागिता के साथ जल संरक्षण को लेकर यह आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि चलो मम्मा शब्द केवल मातृत्व का प्रतीक नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करने का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम स्वच्छता के साथ-साथ जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। बढ़ती जनसंख्या और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने के प्रति गंभीर होना होगा। मेयर ने शहरवासियों से आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में भी सक्रिय भागीदारी करने की अपील करते हुए कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर की पहचान बनाए रखने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है।

## नशे में धुत होकर पहुंचा था जोन कार्यालय, हंगामा कर रहे युवक को लात-घूंसों से पीटा

# निगमकर्मी ने युवक के सिर पर मारा डंडा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी थाने के पास बने नगर निगम के जोन नंबर 14 के कार्यालय में शनिवार शाम जमकर हंगामा हुआ। यहां एक शराब के नशे में धुत युवक के सिर पर नगर निगम के एक कर्मचारी ने डंडा मार दिया, वहीं अन्य कर्मचारियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की।

घटना का रविवार को वीडियो सामने आया है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है और उस पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, हंगामा करने वाले युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। द्वारकापुरी पुलिस ने मनोज उर्फ गोलू पिता शंकर राव भोंडवे निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी को हिरासत में लिया है। मनोज शनिवार को नशे की हालत में थाने के पास बने नगर निगम के जोन कार्यालय में घुस गया था। इस दौरान उसने काफी देर तक हंगामा किया।





नशे में धुत युवक कार्यालय में खड़ी जोन अध्यक्ष व पार्षद शानू शर्मा की गाड़ी के आगे लेट गया। उसने नगर निगम की गाड़ी में भी तोड़फोड़ करने की कोशिश की। यहां नगर निगम के मस्टरकर्मी भरत पर भी मनोज ने हमला कर दिया। इसके बाद निगम कर्मचारियों ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। काफी देर बाद पास में बने थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और मनोज को पकड़कर अपने साथ ले गई। जब मनोज यहां हंगामा कर रहा था, तब पुलिस और नगर निगम के कई अधिकारी वीआईपी ड्यूटी में दशहरा मैदान में मौजूद थे।

## बीजेपी नेता की कार में लगी आग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रजाप्रत नगर स्थित राम टेकरी इलाके में शनिवार रात बीजेपी नेता की कार में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड के अनुसार रात करीब 11 बजे कार में आग लगने की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब 5 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह जल गया। बीजेपी नेता शिवेंद्र सिंह गौड़ की थी कार कार द्वारकापुरी निवासी बीजेपी नेता शिवेंद्र सिंह गौड़ की बताई जा रही है, जो सुदामा नगर के रहने वाले हैं। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शॉर्ट सर्किट की आशंका शुरूआती जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि जांच जारी है। शिवेंद्र सिंह गौड़ प्रदेश युवा मोर्चा से जुड़े रहे हैं और क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ के रिश्तेदार भी बताए जाते हैं।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भंवरकुआ इलाके में सड़क हादसे में घायल युवक की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक को बाइक से घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद से पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता नहीं लगा पाई है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 2 मई की रात सागर (30) पिता मच्छिंदर सस्ते निवासी शिवाजी नगर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान होलकर कॉलेज के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस ने घायल सागर को एप्पल अस्पताल में भर्ती कराया था। पहचान होने पर परिजन उसे अरबिंदो अस्पताल ले गए। चार दिन पहले तबीयत में सुधार नहीं होने पर उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सागर अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनों की महाराष्ट्र में शादी हो चुकी है। परिवार उसके लिए रिश्ता तलाश रहा था।

**व्यापारी की मौत मामले में कार चालक पर एफआईआर-** इधर, एक अन्य मामले में खुड़ैल थाना क्षेत्र में इंदौर-नेमावर रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक्टिवा सवार 60 वर्षीय व्यापारी की मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद कार नंबर की पहचान कर चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी
2300 के.जी. किराये से
24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com